हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष कृतिका विक्रम संवत 2080
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 15 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 95 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00



# युवाओं की सरकार, युवाओं से सरोकार



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (GSCC)










**₹15 लाख**
तक विद्यार्थियों को ऋण सुविधा...
...बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के

**4%**
साधारण ब्याज दर से भुगतान
शेष ब्याज का वहन झारखण्ड सरकार द्वारा

**15 वर्ष**
तक ऋण वापसी की अवधि
ऋण बिना किसी जमानती सुरक्षा के

**ऋण वापसी की प्रक्रिया पाठ्यक्रम पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद से**

**अध्ययन अवधि में ही ऋण का ब्याज चुकाने पर ब्याज के दर में 1% की छूट**

PR No. 322712 / IPRD / 2023-24

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### कॉलेज के लिए निकला युवक हुआ गायब



**नवादा।** घर से कॉलेज के लिए निकला युवक लापता हो गया। उसके घर नहीं लौटने पर परिजन काफी चिंतित व बैचैन हो गए हैं। इस संबंध में थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। यह मामला सिरदला थाना क्षेत्र के महवतपुर गांव की है। महवतपुर गांव निवासी अमरेंद्र कुमार के 17 वर्षीय पुत्र आदित्य राज बुधवार को सुबह 7 बजे घर से उजला शर्ट और ग्रे कलर का ट्राउजर पहन कर निकला था। परिवार वाले उसे रिश्तेदारों, जान-पहचान वालों सहित इधर-उधर काफी खोजबीन किया। लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। आदित्य राज के पिता बताते हैं बुधवार की सुबह करीब 7:00 बजे वह हिसुआ T.S कॉलेज गया था। लेकिन शाम तक घर नहीं आया,करीब शाम होने पर 5 बजकर 55 मिनट पर जब उसके फोन पर संपर्क किया तो वह उस समय काफी भीड़ भाड़ वाले जगह पर था। बोला आवाज नहीं आ रहा है ,बाद में बात करता हूं। लेकिन इसके बाद उसका फोन बंद हो गया और कहीं पता नहीं चल पाया। अभी तक खोजबीन के बाद जब आदित्य राज का कोई पता नहीं चला तो सिरदला थाना में उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराकर पुलिस से उसे ढूंढने की गुहार लगाई गई है। वहीं परिजनों ने आम जनों से भी गुहार लगाया है की कुछ भी पता चले तो मोबाइल नंबर 09650568387 पर संपर्क करें।

### कौआकोल में कल निकाली जाएगी आर्य समाज का वेद यात्रा

**कौआकोल।** जिले के कौआकोल प्रखण्ड के मड़पो गांव में 17 मार्च से आयोजित होने वाले आर्य महासम्मेलन सह विश्व कल्याण महायज्ञ को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। महायज्ञ शुरू होने से एक दिन पूर्व 16 मार्च यानि शनिवार को भव्य वेद यात्रा निकाली जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक कुन्दन कुमार आर्य ने बताया कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती द्विशताब्दी जन्म जयंती के पावन अवसर पर बिहार राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के मार्गदर्शन तथा नवादा जिला आर्य सभा के तत्वाधान में 17 मार्च से 20 मार्च तक आर्य महासम्मेलन सह विश्व कल्याण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत यज्ञ,भजन,प्रवचन,विचार गोष्ठी, क्रांतिकारी उद्बोधन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से आर्य समाज के प्रतिनिधि,वैदिक विद्वान,आर्योपदेशक एवं भजन उपदेशक समेत अन्य हस्तियां शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार को वेद यात्रा मड़पो गांव से निकलकर तेलियागढ़ी, गुलरियातरी,धमनी गांव से मुख्य मार्ग होते हुए रानीबाजार से फिर कौआकोल आर्य समाज मन्दिर तक जाएगी,पुनः वहाँ से कार्यक्रम स्थल तक वेद यात्रा का समापन होगा। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी।

### 359 लीटर शराब एवं दो बाइक को पुलिस ने किया जब्त,एक धंधेबाज गिरफ्तार

**रजौली।** थाना क्षेत्र के मोहकामा एवं गंगटा गांव से एसआई गौतम कुमार ने कुल 359 लीटर देशी महुआ शराब एवं दो बाइक को जब्त किया है।साथ ही एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है।होली एवं आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा लगातार शराब निर्माण,बिक्री,परिवहन एवं सेवन के विरुद्ध लगातार अभियान से शराब धंधेबाजों में खौफ व्याप्त है।वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध को सफल बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से लगातार छापेमारी अभियान की जा रही है।थानाध्यक्ष ने कहा कि गुरुवार की सुबह मोहकामा गांव के एक घर में शराब बिक्री की सूचना मिली।सूचना के आलोक में थाना में पदस्थापित एसआई गौतम कुमार को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया।छापेमारी के दौरान मोहकामा गांव निवासी मुसाफिर यादव के घर से एक छोटे ड्रम एवं प्लास्टिक में पैक रहे कुल 159 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया।साथ ही शराब धंधेबाज मुसाफिर यादव को भी गिरफ्तार किया गया।वहीं दोपहर को गंगटा गांव के रास्ते शराब की खेंप की सूचना मिलने पर एसआई गौतम कुमार ने पुलिस बलों के सहयोग से 100-100 लीटर महुआ शराब को दो बाइक पर से जब्त किया गया।थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब धंधेबाज पुलिस को आने सूचना मिलने पर वे शराब लदे बाइक को छोड़कर भाग गया था।जिसे जब्त कर थाना परिसर लाया गया है।जब्त बाइकों में एक हौंडा शाइन संख्या बीआर21क्यू5550 एवं एक बिना रजिस्ट्रेशन संख्या का ग्लैमर है।थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब धंधेबाज कपिला पशु आहार नामक बोरे में डबल प्लास्टिक के थैलियों में बन्द शराब की खेंप को गांव के रास्ते पहुंचाने में जुटे हुए थे।प्लास्टिक बन्द शराब को कपिला पशु आहार के बोर में बन्द होने से कई ग्रामीणों को लगता है कि ये गाय-बैल आदि के लिए पशु आहार लेकर जा रहा है।जबकि उसके अंदर शराब भरी हुई होती है।थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब व बाइक समेत गिरफ्तार शराब धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज को शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

### साहेबपुर कमाल पुलिस ने 260 बोतल शराब किया बरामद

**बलिया (बेगूसराय)।** बलियाअनुमंडल अंतर्गत साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के अंतर्गत हीरा टोल जीरो माइल के पास से बुधवार की शाम को साहेबपुर कमाल पुलिस ने एक कर से 260 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है। ऐसा माना जा रहा है की होली से पूर्व होली की तैयारी तस्करों के द्वारा इन दोनों जोर-जोर से चलाई जा रही है । जबकि कार का ड्राइवर और शराब तस्कर फरार होने में सफल हो गया । साहेबपुर कमाल थाना के अध्यक्ष दीपक कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया के बुधवार की शाम को जीरो माइल के पास हीरा टोल के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिस क्रम में मुंगेर की ओर से सफेद रंग की एक कार आई और उसकी तलाशी करने का प्रयास किया । परंतु कार लेकर भागने का प्रयास किया। जिसे घेर कर रोका गया। इसी बीच ड्राइवर और तस्कर फरार होने में सफल हो गया । कार की तलाशी लेने पर कर के अंदर फर्श के नीचे छुपा कर 260 म,ल ब्लैक पैंथर अंग्रेजी विदेशी शराब जो 600 ml का एक बोतल था।जिसे ठिकाने लगाया जा रहा था । इस संबंध में फरार तस्कर एवं ड्राइवर के विरुद्ध साहेबपुर कमाल थाना में प्राथमिक दर्ज कर आगे के कार्रवाई की जा रही है।

### शराब मामले में फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

**बखरी (बेगूसराय)।** बखरी नगर परिषद के गोढ़ियारी से बखरी पुलिस ने गुरुवार को एक व्यक्ति को शराब बेचने के मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति कि पहचान गोढ़ियारी निवासी नूनू बाबू सहनी के पुत्र कृष्णा कुमार के रूप में किया गया है। जानकारी देते हूए इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि 2021 में शराब बेचने के मामले में कृष्ण कुमार फरार चल रहा था।जिसके बाद कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बेगूसराय भेज दिया गया है।

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**बखरी (बेगूसराय)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बखरी थाना पुलिस के द्वारा क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।बखरी के डरहा पुल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान मेन रोड से आवागमन करने वाले बिना हेल्मेट व बिना कागजात के चलने वाले चालकों को रोका गया। साथ ही जांच करते हुए हिदायत देते हुए छोड़ा गया। बिना हेल्मेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु हेल्मेट का अवश्य प्रयोग का निर्देश दिया गया।वहीं इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल रखने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह के अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जाता है।जिससे असामाजिक तत्वों में डर पैदा बना रहे। इस दौरान वाहन जांच अभियान में पुलिस बल के जवान मौजूद थे

# अध्यापक नियुक्ति परीक्षा की प्रशाशनिक तैयारी पूरी

निज संवाददाता। **नवादा**



बिहार लोक सेवा आयोग पटना के द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (टीआरई-3.0) को लेकर श्री आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा एवं श्री अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में सभी केन्द्राधीक्षक एवं स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ संयुक्त ब्रीफिंग किए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के समय परीक्षार्थी एडमिड कार्ड लेकर प्रवेश करेंगे। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष मे मोबाईल फोन, कैलकुलेटर, ब्लू टूथ, बाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, कलाई घड़ी, व्हाईटनर, ईरेजर, ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने पर प्रतिबंध है। परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड एवं पेन के अलावा अन्य कोई सामान ले जाने की अनुमति नहीं है। फ्रिस्किंग कार्य स्टैटिक दंडाधिकारी के द्वारा प्रवेश द्वार पर एवं परीक्षा हॉल में वीक्षक के द्वारा किया जायेगा। परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं सनसनीखेज अफवाह फैलाने पर तीन वर्षों के लिए आयोग के परीक्षाओं से वंचित कर दिया जायेगा। परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना अनिवार्य है। दिव्यांग अभ्यर्थियों को श्रुतिलेखक एवं अन्य सुविधाएं दी जायेगी साथ ही अतिरिक्त समय भी दिया जायेगा। विभिन्न गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, जैमर आदि की व्यवस्था की गई है। बिहार लोक सेवा आयोग पटना के द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (टीआरई-3.0) दिनांक 15.03.2024 (शुक्रवार) को दो पालियों में (प्रथम पाली 09:30 बजे पूर्वा0 से 12:00 बजे मध्या0 तक एवं द्वितीय पाली 02:30 बजे अप0 से 05:00 बजे अप0 तक) सम्पन्न करायी जायेगी। प्रथम पाली में 18 एवं द्वितीय पाली में 09 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष, कदाचार मुक्त एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के लिए संयुक्त आदेश जारी किया गया है। दोनों पालियों में जोनल सह गश्ती दल में सशस्त्र लाठी बल के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही स्टैटिक दंडाधिकारी सह प्रेक्षक/पुलिस पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा के सफल आयोजन स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संचालन हेतु समाहरणालय नवादा परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नम्बर-06324-212261 है। दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है साथ ही सुरक्षित दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्री संजय कुमार सिंह अपर समाहर्त्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशाम, चिकित्सा व्यवस्था किया गया है। दिनांक 15.03.2024 को आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण वरीय प्रभार में श्री चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी नवादा एवं श्री कल्याण आनन्द पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, नवादा रहेंगे। सभी स्टैटिक दंडाधिकारी सह प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केन्द्राधीक्षक, सहायक केन्द्राधीक्षक, वीक्षक, फ्रिस्किंग कर्मी एवं पुलिस बल को निर्देश दिया गया है कि अपने आवंटित परीक्षा केन्द्र पर 06:30 बजे पूर्वा0 में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। सभी स्टैटिक दंडाधिकारी सह प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी सह गश्तीदल दंडाधिकारी को निदेश दिया गया है कि उक्त परीक्षा को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु अवांछित तत्वों पर विशेष निगरानी रखना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केन्द्रों, लॉज, कोचिंग संस्थानों इत्यादि के आस-पास की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखेंगे।

## लाखों का जेवरात व नगदी की हुई चोरी



निज संवाददाता। **नारदीगंज**

थाना क्षेत्र के विक्कू गांव में दिलीप सिंह के सुनसान घर को चोरों ने निशाना बनाया, और घर का ताला तोड़कर घटना का अंजाम दिया। इस घटना में उनके घर से 25 भर सोना,पांच किलो चांदी के जेवरात के अलावा 50 हजार रुपये को चुरा कर भाग गया। घटना बीते रात बुधवार की बताया जा रहा है। गुरुवार को घटना की सूचना गृहस्वामी दिलीप कुमार की पत्नी माधुरी देवी को मिलने पर गांव पहुंचकर हालत को देखकर हतप्रभ रह गई,और इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर एएसआई कृष्ण कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, और बारीकी से मामले की छानबीन की। पीड़ित माधुरी देवी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर घटना को उद्भेदन करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि बीते दस मार्च 2024 को नरहट थाना क्षेत्र के हाजीढाव गांव स्थित अपने मायके गई हुई थी। इसी बीच गुरुवार सुबह के समय पड़ोसी का फोन आया कि उसके घर के ताले टूटे हुए हैं और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलने पर गांव पहुंची,और घर में प्रवेश की,तब देखा कि चोरों ने पूरा घर को खंगाला है।

सभी ताले तोड़ हुए थे।वही निरीक्षण के दौरान देखा गया तो कमरे में रखा दीवान पलंग से 50 हजार रुपए की नकदी के अलावा 25 भर सोने पांच किलो चांदी के जेवरात को चुरा लिया है,अनुमानित लाखों रुपए के गहने की चोरी हुई है। तब घटना की सूचना पुलिस को दी।

कहा गया कि मेरे पति झारखंड राज्य के रामगढ़ में कोचिंग संस्थान चलाते हैं, वही पुत्र आईबी में कार्यरत हैं। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा आवेदन के आलोक में पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है।

## ज्ञान दीप इंटरनेशनल स्कुल के छात्र छात्राओं ने सैनिक स्कुल प्रवेश परीक्षा में मारी बाजी



निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**

प्रखंड मुख्यालय स्थित बाईपास रोड स्थित ज्ञान दीप इंटरनेशनल के दर्जनों बच्चों ने सैनिक स्कुल प्रवेश परीक्षा में सफल होकर विद्यालय का नाम रौशन किया है. सैनिक स्कुल प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को समारोह पुर्वक सम्मानित किया गया. इस सबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक ने बताया की हमारे विद्यालय के 19छात्र छात्राओं ने सैनिक स्कुल प्रवेश परीक्षा में सफल होकर विधालय का नाम रौशन किया है. जिसमें अंशु कुमार, सिम्पी कुमारी, अंकुर कुमार सिंह,छोटे कुमार, नीरज कुमार,हर्ष कुमार, उज्ज्वल कुमार,तन्नू भारद्वाज, सौरभ कुमार,सौरभ यादव,सन्नी कुमार देवदत कुमार, अंचल कुमारी,अंजलि कुमारी, रिया राज,चंदन कुमार, नवीन कुमार एवं राहुल कुमार आदि छात्र शामिल है विद्यालय के छात्र छात्राओं के मेहनत के बदौलत एवं शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन में दर्जनों ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त किया है बच्चो के सफलता पर विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी है

## मार्टिन मिशन स्कूल के विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में गाड़े सफलता के झंडे, 23 में से 20 विद्यार्थी सफल

निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**



वारिसलीगंज नगर परिषद के नवाजगढ़ गांव के पास वारिसलीगंज -बरबीघा SH 83 स्थित मार्टिन मिशन एलिमेंट्री स्कूल के 20 विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में सफलता अर्जित कर विद्यालय समेत पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है. इस संबंध में विद्यालय के निदेशक ई. गौरीशंकर ने बताया कि मेरे विद्यालय के 23 विद्यार्थी सैनिक स्कूल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हुए थे. परीक्षा कोलकाता में हुई जिसमे 20 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की. उन्होंने बताया कि वारिसलीगंज प्रखंड के गडुआ गांव निवासी बिपुल कुमार के पुत्र विक्रम कुमार, कुटरी ग्रामीण पवन कुमार के पुत्र अंकित कुमार, सांबे ग्रामीण गौतम कुमार के पुत्र अभिषेक कुमार, ठेरा निवासी सिंटू कुमार के पुत्र साहिल राज, गया जिले के तरवां फतेहपुर निवासी सत्येंद्र कुमार के पुत्र साहिल कुमार, वारिसलीगंज के जमुआवां निवासी रणजीत कुमार के पुत्र हर्षित कुमार, बाढ़ के उदय कुमार के पुत्र उमंग राज, ठेरा के राजकुमार के पुत्र किसलय कुमार, सिमरीडीह के मुकेश कुमार के पुत्र विश्वनाथन आनंद, नवाजगढ के गौरीशंकर के पुत्र राजवीर शर्मा, तरवां गया के सत्येंद्र कुमार के पुत्र सुजीत कुमार, भेड़िया निवासी शैलेंद्र कुमार की पुत्री साक्षी कुमारी, शेरपुर निवासी रणजीत कुमार के पुत्र राज नव्या, नवाजगढ़ निवासी आशुतोष रंजन की पुत्री चाहत रंजन, सिमरीडीह के करुण कुमार के पुत्र कशिश सिंह, सिमरिडीह निवासी रंजय कुमार के पुत्र नमन कुमार, मय गांव के सौरभ कुमार के पुत्र रिशु राज, कौवाकोल के ओखरिया निवासी लालू प्रसाद यादव के पुत्र रवि शंकर, जमुआवां के हरेराम कुमार के पुत्र हरिओम कुमार तथा वारिसलीगंज नगर परिषद के सिमरी बिगहा निवासी धर्मेंद्र कुमार के पुत्र गुलशन कुमार ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है. एक साथ बड़ी संख्या में एक ही विद्यालय के बच्चों की सफलता से क्षेत्र के अभिभावकों में काफी खुशी देखी जा रही है. क्षेत्र के शिक्षक एवम शिक्षाप्रेमियों ने विद्यालय प्रबंधन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है. अपने विद्यालय के विद्यार्थियों की शानदार सफलता से शिक्षकों एवं कर्मियों में काफी उत्साह है. ई. गौरीशंकर ने परीक्षा के परिणाम के बाद विद्यालय परिसर में सफल छात्रों एवं उनके अभिभावकों के बीच केक काटकर तथा पटाखे फोड़कर खुशी प्रकट की. मौके पर विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अभिभावक उपस्थित थे.

# महिला टेकरों ने रेंजर पर लगाया यौन शोषण का आरोप,जांच में जुटी पुलिस

निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखण्ड क्षेत्र में कार्यरत तीन महिला टेकरों ने रेंजर मनोज कुमार पर यौन शोषण का आरोप लगाया है।महिला टेकरों ने कहा कि वे लोग वर्ष 2018 से वन विभाग में जंगल की देख-रेख कर रहे हैं।इस दौरान वन विभाग में कई रेंजर,फोरेस्टर एवं वनरक्षी के अलावे अन्य पदाधिकारीगण आये एवं गए।किन्तु किसी ने हम टेकरों के इज्जत के साथ खेलने की बात तक नहीं की।किन्तु रेंजर मनोज कुमार की बुरी नज़रों से हमसभी हमेशा डरी सहमी हुई रहती थी।रेंजर द्वारा महिला टेकरों को अकेले पाकर अक्सर छेड़छाड़ किया जाया करता था।एक महिला टेकर ने कही कि बीते 9 मार्च की रात्रि 11 बजे रेंजर दो महिला टेकरों को लेकर जंगल क्षेत्र में पेट्रोलिंग के नाम पर ले गया।वहीं रास्ते में महिला टेकरों से छेड़छाड़ करते हुए शारिरिक सम्बंध बनाने की बात कहने लगे।जब मना किया तो नौकरी से हटाने की धमकी देने के साथ रात्रि के 11 बजे सुनसान रास्तों पर गाड़ी से नीचे उतार दिया एवं कहा कि जहां जाना है जाओ।वहीं दूसरी महिला टेकर ने बताई कि वे सितंबर 2023 में बच्चे को जन्म दी थी।जिसके कारण वे बीते माह से छुट्टी पर थी।स्वस्थ होने पर काम पर वापस लौटी तो रेंजर द्वारा एक रात साथ बिताने पर ही नौकरी पर वापसी मिलेगी।महिला टेकरों द्वारा रेंजर की बात नहीं मानने पर तीनों महिला टेकरों को काम पर हटा दिया गया।महिला टेकरों ने इसकी शिकायत डीएफओ नवादा से करनी चाही तो रेंजर के निर्देश पर डीएफओ से मिलने नहीं दिया गया।तब हारकर तीनों महिला टेकरों ने थानाध्यक्ष,एसडीपीओ समेत पटना मुख्यालय में लिखित शिकायत कर रेंजर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

**क्या कहते हैं रेंजर** – इस बाबत पर रेंजर मनोज कुमार ने कहा कि महिला टेकरों द्वारा लगाया गया सभी आरोप बेबुनियाद है।साथ ही कहा कि उक्त महिला टेकर जीविका एवं वन विभाग दोनों में काम करती है।जिसको लेकर उसे जीविका या वन विभाग दोनों में से एक जगह रहकर काम करने की बात कही गई थी।क्योंकि जीविका में काम करते रहने पर वन विभाग द्वारा वेतन भुगतान करना गलत होगा।इसी को लेकर महिला टेकरों ने झूठा आरोप लगाई है।

**क्या कहते हैं जीविका प्रबंधक** – जीविका बीपीएम मनीष कुमार ने कहा कि प्रखण्ड की लगभग 80% महिलाएं जीविका दीदी समूह से जुड़ी हुई हैं।ऐसी स्थिति में समूह से जुड़ी महिलाएं कहीं भी दूसरा काम करने के लिए स्वतंत्र है।क्योंकि समूह में जुड़े रहने के लिए जीविका द्वारा उन्हें कोई वेतन नहीं दिया जाता है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष** – इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि महिला टेकरों एवं रेंजर दोनों पक्षों से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।जांचोपरांत उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ** – इस बाबत पर एसडीपीओ गुलशन कुमार ने कहा कि महिला टेकरों द्वारा कार्यालय में आवेदन दिया गया होगा।जिसकी जानकारी हमें नहीं है।वहीं थाने को दिए आवेदन के आलोक में पुलिस पदाधिकारी सभी पहलुओं जांच कर कार्रवाई करेंगे।

## बिजली बिल जमा करने वाले गांवों की काटी गई बिजली



निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखण्ड क्षेत्र में बिजली बकाया को लेकर बिजली कर्मियों द्वारा डोर टू डोर जाकर पैसे वसूलने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।गुरुवार को बकाया बिल रहने के कारण 36 उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया गया।विद्युत कनीय अभियंता भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि गुरुवार को कुल 53250 रुपये बकाया राशि वसूल की गई।साथ ही कहा कि काटे गए बिजली उपभोक्ताओं द्वारा यदि बिजली का उपभोग करते हुए पाया गया तो उनके विरुद्ध बिजली चोरी को लेकर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।साथ ही कहा कि खुशीहाली भित्ता,बखोरी,भड़रा व करहरा गांव के 11 केवी तार को खोल दिया गया है। वहीं बिराज, अधबरवा, चपहेल, छतनी, ढ़ाब, माथाडीह, मानडीह, जोगनी, परसा, कर्मा खुर्द, परनपुरा,गागन बुजुर्ग, गागन खुर्द, फरका बुजुर्ग, बलुआ, सिरोडावर, एकम्बा एवं बीजवन गांवों का लाइन खोला जाएगा। बकाया वसूली अभियान में मीटर रीडर सुपरवाइजर इरफान आलम,बिजली मिस्त्री धर्मेंद्र कुमार,मीटर रीडर इरशाद अहमद आदि मौजूद थे।

## अवैध महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

निज संवाददाता। **बछवाड़ा (बेगूसराय)**

बछवाड़ा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है । मामले को लेकर थानाध्यक्ष बछवाड़ा अमित कुमार कांत ने बताया कि अरवा पंचायत के अरवा गांव निवासी स्वर्गीय ज्ञानी सहनी के पुत्र शिवचंद्र सहनी व चमथा एक पंचायत के चमथा बालू पर गांव निवासी जवाहिर महतो के पुत्र बद्री महतो को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अरवा गांव वह चमथा बालू पर गांव में अवैध महुआ शराब का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है । गुप्त सूचना के आधार पर अरवा पंचायत के अरवा गांव छापेमारी की गई । छापेमारी के दौरान शिवचंद्र सहनी के पैतृक आवास से 5 लीटर अवैध देसी महुआ शराब बरामद किया गया । साथ ही कारोबारी को गिरफ्तार किया गया । वही चमथा एक पंचायत के चमथा बालू पर गांव में छापेमारी की गई । छापेमारी के दौरान बद्री महतो के घर से 7 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही उक्त कारोबारी को गिरफ्तार किया गया ।

# पशु बांझपन शिविर का आयोजन

निज संवाददाता। **छौराही बेगूसराय**

छोराही प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत एकंबा वार्ड संख्या 11 निवासी रामदास के निवास स्थान पर गुरुवार को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार सरकार पशुपालन निदेशालय साथ निश्चय दो के तहत पशु बांझपन शिविर का आयोजन गुरुवार को चौरई के पशु चिकित्सक डॉक्टर मकेश्वर साहू पशुपालक राम पुकार यादव के कर कमल के द्वारा फीता काटकर प्रारंभ किया गया। सिविल में पशुओं में विभिन्न प्रकार की बीमारी से होने वाले निज एट दवाइयां का प्रयोग बांझपन से निजात कैसे मिले सारी चीजों की जानकारी विस्तार से डॉक्टर के द्वारा पशुपालक को दिया गया। जानकारी देते डॉक्टर श्री साहू ने बताया



कि 61 पशुपालक शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए तकरीबन 200 पशु को चिकित्सा सुविधा दवा के साथ प्रदान किया गया। मौके पर मंझौल पशु चिकित्सालय डॉक्टर



चंद्रशेखर कुमार पशुपालक अरुण सिंह प्रमोद सिंह अमरजीत सिंह विकास कुमार सिंह भूपेश यादव राम पुकार यादव समेत अन्य पशुपालक उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष कृतिका विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 15 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 95 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया एवं पोटका में

# डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास कार्यक्रम



**मुख्य अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 15 मार्च 2024
समय : अपराह्न 01:15 बजे
स्थान : मारदाबांध स्टेडियम मैदान, चाकुलिया

दिनांक : 15 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 11:40 बजे
स्थान : प्रखण्ड मैदान, पोटका

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण सह-आपदा प्रबंधन विभाग

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्री विद्युत बरण महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर लोकसभा

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक, घाटशिला

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक, जमशेदपुर पूर्वी

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक, जुगसलाई

**श्री समीर मोहंती**
माननीय विधायक, बहरागोड़ा

**श्री संजीव सरदार**
माननीय विधायक, पोटका



PR No. 322714 / IPRD / 2023-24

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### 280 बोतल शराब बरामद, तस्कर फरार

**बक्सर**। औद्योगिक थाना पुलिस ने उमरपुर दियारा से 280 बोतल बरामद किया। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही शराब तस्कर फरार हो गया। पुलिस ने शराब को जब्त कर लिया है। औद्योगिक थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उमरपुर दियारा में छापेमारी कर शराब बरामद की गई है। शराब तस्कर को चिंहित कर गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### ई-संबंधन पोर्टल पर गलत डाटा अपलोड करने वाले निजी स्कूलों की मान्यता रद्द

**आरा**। ई-संबंधन पोर्टल पर निजी विद्यालयों के प्रबंधन के तरफ से गलत डाटा भी अपलोड की जाती है। जांच के दौरान इस प्रकार के तथ्य सामने आने लगे हैं। शिक्षा विभाग और जिला समाहरणालय की कमेटी ई-संबंधन पोर्टल पर निजी विद्यालयों के द्वारा दी गई डाटा का भौतिक सत्यापन कर रही है। इस क्रम में डाटा में कुछ अन्य और हकीकत में कुछ अन्य के चौकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। इस संदर्भ में उपसमाहर्ता विकास कुमार और शिक्षा विभाग के संभाग प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने जगदीशपुर अनुमंडल के कुछ निजी विद्यालयों में जांच और सत्यापन किया। पहले ही



दिन हंस आइडियल पब्लिक स्कूल, दुल्हिनगंज को सरकार के मापदंडों के अनुरूप संचालित नहीं पाया गया। जांच में दोषी पाने पर इस विद्यालय की मान्यता को रद्द कर दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बताया कि जांच कमेटी ने जांच में पाया कि ई-संबंधन पोर्टल पर विद्यालय ने डाटा पोर्टल पर अपलोड किया था। वह डाटा भौतिक सत्यापन में नहीं पाया गया है। अपलोड डाटा के विपरीत विद्यालय में कमरों की कमी है। छोटा खेल का मैदान पाया गया। पुस्तकालय व शौचालय की स्थिति काफी दयनीय मिली। विद्यालय में कई अप्रशिक्षित शिक्षकों से पठन-पाठन का कार्य लिया जा रहा था। जो नियमतः गलत है। जबकि, विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों से ही पठन-पाठन का कार्य लेना है। कमियों में सुधार के लिए एक माह का समय जांच कमेटी ने नयका टोला में मॉनेटेसरी पब्लिक स्कूल और माउंट कारमेल स्कूल, जगदीशपुर का भी भौतिक सत्यापन किया। उन विद्यालयों में भी जांच के दौरान कई कमियां पायी गई हैं। विद्यालय प्रबंधकों को सख्त हिदायत देते हुए एक माह के भीतर सारी त्रुटियों को सुधारने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही विद्यालय से जुड़े सभी दस्तावेजों को कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा गया है। ई-संबंधन पोर्टल पर पंजीयन होने से ऑनलाइन रहेगा हर डाटा सरकार का ई-संबंधन पोर्टल पर पंजीयन कराने के कई उद्देश्य हैं। पंजीयन रहने पर कोई भी अभिभावक अपने बच्चे के नामांकन के लिये किसी भी विद्यालय में के बारे में ऑनलाइन इसकी जानकारी प्राप्त करेंगे। विद्यालय की मान्यता किस बोर्ड से है, कब से है, क्या सुविधाएं है, इनका अपडेट स्टेटस ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है। विद्यालयों को पंजीयन कराने के समय ट्रस्ट का कागजात, जमीन की रसीद, विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या, क्लास रूम, खेल मैदान, शौचालय व अन्य आधारभूत संरचना का विवरण देना है।

### वीकेएसयू में राष्ट्रीय सेवा योजना के सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सलाहकार समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता कुलपति प्रो डॉक्टर शैलेंद्र चतुर्वेदी ने की। बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना, पटना के क्षेत्रीय निदेशक गिरधर उपाध्याय भी शामिल हुए। कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर साधना रावत ने बताया कि बैठक में विगत कई वर्षों से कार्यक्रम पदाधिकारी का भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण नहीं किए जाने के कारण विश्वविद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण करने पर विचार विमर्श हुआ। राष्ट्रीय स्तर के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में भागीदारी करने वाले चयनित श्रम सेवक सेविकाओं को विश्वविद्यालय स्तर पर ट्रैकसूट उपलब्ध कराने पर भी विचार हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों से उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने संबंधी आदेश पर विचार हुआ। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में सरकारी अनुदान एवं आंतरिक राशि



के लिए अलग-अलग खातों की व्यवस्था पर चर्चा हुई। 100 स्वयंसेवक सेविकाओं के नाम एक्सेल शीट फार्म पर भरकर कॉलेज से भेजने पर भी विचार हुआ। प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम पदाधिकारी का वर्ष में एक बार बैठक करने का निर्णय हुआ। प्रस्तावित बिंदुओं पर सभी सदस्य ने अपने अपने विचार रखें। सर्वसम्मति से सभी प्रस्ताव को पारित किया गया। बैठक में कुलसचिव प्रोफेसर रणविजय कुमार, डॉक्टर लतिका वर्मा, प्रोफेसर प्रसुजय कुमार सिन्हा, डॉक्टर पूनम कुमारी, डॉ नवीन कुमार, डॉ कृष्ण अली अल्बर्ट आदि थे।

### जमीन विवाद में युवक को मारी गोली, घायल, कराया गया भर्ती

**आरा**। टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा में स्थित जहूर आईटीआई के पास बाइक सवार बदमाशों ने जमीन के विवाद में थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा मुहल्ला निवासी 35 वर्षीय दीपनारायण सिंह को गोली मार कर फरार हो गया। गोली लगने के बाद दीपनारायण सिंह घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर उपस्थित अन्य साथियों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां से युवक को शहर के एक निजी क्लिनिक में इलाज के लिए लेकर चले गए। जहां युवक का इलाज चल रहा है। गोली युवक के पीछे से मारी गई है जो पेट में जाकर फंस गई थी। बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद मौके से हथियार लहराते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडी पीओ परिचय कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। इसके साथ ही पुलिस गोली मारने वाले अपराधियों को शिनाख्त कर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास में भी लगी हुई है। घायल युवक का इलाज कर रहे डॉक्टर विकास सिंह ने बताया कि युवक को दाहिने साइड कमर के पास गोली लगी है जो पेट में जाकर फंस गई। गोली निकालने के लिए युवक का ऑपरेशन किया जा रहा है।

### धरोहरों के संरक्षण की आवश्यकता : डॉ उमेश चंद्र

**बक्सर**। मगध की प्राचीन कला देश की प्राचीनतम कलाओं में से एक है जिसे संगृहीत करने की आवश्यकता है। उक्त बातें बिहार के इतिहास एवं पुरातत्व निदेशालय के पूर्व निदेशक डॉ उमेश चन्द्र द्विवेदी ने सीताराम उपाध्याय संग्रहालय, बक्सर की ओर से एमपी हाईस्कूल के महर्षि विश्वामित्र सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चौसा से प्राप्त कांस्य प्रतिमायें ऐतिहासिक काल की सबसे प्राचीनतम प्रतिमाएं हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो सुभाष चन्द्र पाठक ने कहा कि बक्सर की सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए आम लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। एमपी हाईस्कूल के प्राचार्य डॉ विजय शंकर मिश्र ने कहा कि बक्सर की प्राचीन कलाकृतियों को संरक्षित करने हेतु बच्चों एवं युवाओं को अपने पुरखों की थाती के महत्व को समझाने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वरिष्ठ पुरातत्व वैज्ञानिक डॉ जलज कुमार तिवारी ने मगध की प्राचीन कलाकृतियों को पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए पूरे बिहार की कलाकृतियों से तुलनात्मक अध्ययन को रेखांकित किया। प्रसिद्ध साहित्यकार लक्ष्मीकांत मुकुल ने बक्सर के इतिहास को रेखांकित करते हुए संग्रहालय के प्रमुख दाता सीताराम उपाध्याय लिखित शोध आलेख प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संग्रहालय अध्यक्ष डॉ शिव कुमार मिश्र ने अतिथियों को स्वागत करते हुए बिहार के धरोहरों से परिचय कराया तथा उसके संरक्षित करने का आह्वान किया। दानापुर कैंट के कर्नल विकास तिवारी ने बिहार की विरासत के महत्व के विषय में चर्चा की।

# डांसरों से छेड़खानी का विरोध, दूल्हे के भाई को मारी गोली

## बाइक से पहुंचे थे आरोपी, सदर अस्पताल में एडमिट

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में बदमाशों ने घर से बाहर बुलाकर दूल्हे सुमित कुमार के बड़े भाई मनोज कुमार (48) को गोली मार दी। मनोज को पैर में एक गोली लगी है। उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया है। पूरा मामला गजराजगंज थाना क्षेत्र के पकड़ियाबर गांव का है। मौके से 4 खोखा और 1 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद गजराजगंज थाने की पुलिस आरा सदर अस्पताल में पहुंचकर घायल से पूछताछ कर रही है।

**डांसरों के साथ छेड़खानी का किया था विरोध:** मनोज कुमार के भाई अमित ने बताया कि बताया कि छोटे भाई सुमित कुमार की शादी 11 मार्च को बिहिया स्थित महथिन माई मंदिर से हुई थी, जिसका बहु भोज बुधवार को था। इस दौरान बार-बालाओं के डांस का भी आयोजन किया गया था। डांस के दौरान नवादा निवासी नंदन कुमार सिंह, गुप्पु, पकड़ी निवासी सोनू डांसरों के साथ छेड़खानी करने लगे, जिसका मनोज कुमार ने विरोध किया था। मनोज का कहना है कि आज दोपहर एक छोटे बच्चे के जरिए मुझे घर से बाहर बुलाया गया। बाहर निकलते ही बाइक से आए तीनों युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में मनोज कुमार को पैर में एक गोली लगी है। गोली लगने एक बाद उसे परिजनों के द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सदर अस्पताल में पहुंची और



मौके से 4 खोखा और 1 जिंदा कारतूस बरामद

मामले की जांच में जुट गई है।

**जल्द ही होगी गिरफ्तारी : पुलिस:** घटना को लेकर गजराजगंज थाना प्रभारी हरी प्रसाद शर्मा ने बताया कि कल मनोज के घर पार्टी थी। उसी पार्टी के दौरान कहासुनी हुई थी, जिसके बाद आज मनोज को गोली मारी गई है। फिलहाल पुलिस ने मौके से 4 खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पिस्टल दिखाकर शराब बेचने वाला गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने पिस्टल के बल पर शराब बेचने वाले दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धन्यवाद अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मेहंदौरा गांव निवासी अंशु कुमार एवं ब्रह्मपुर गांव निवासी पिंकी साव शामिल है। इनके पास से पुलिस एक देसी कट्टा, दो कारतूस, 660 रुपए नगद और 25 लीटर शराब बरामद किया है। इसे लेकर उत्पाद एवं आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिक की गई है। इधर, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बाइक पर दो बदमाश हथियार एवं शराब लेकर जा रहे हैं। इसे लेकर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। इस दौरान मेहंदौरा के पास घेराबंदी कर दोनों को देसी शराब एवं हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

**एक बैग टेट्रा पैक विदेशी शराब बरामद:** वहीं,9 पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के बभनगांवा गांव के समीप गुप्त सूचना के आधार पर एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार धन्यवाद बलुआ गांव निवासी स्वर्गीय पारस यादव का बेटा विष्णु यादव है। इसके पास से 96 बोतल टेट्रा पैक और 40 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। विदेशी शराब की कीमत 11760 है। एसपी ने बताया कि कांड में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए अभियान में कुल 31 पकड़े गए हैं। इसमें आर्म्स एक्ट के तीन, शराब में 16 एवं वारंट में 11 की गिरफ्तारी हुई है। अभियान के दौरान साथ शराब भट्ठियों को भी नष्ट किया गया है।



गुप्त सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई, दो गिरफ्तार, दहशत फैलाकर शराब बेचने का करते थे काम

## एबीवीपी का एकदिवसीय धरना



निज संवाददाता। आरा

आरा में 15 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय धरना का आयोजन किया। इस दौरान छात्र नेताओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने कॉलेज के विधि व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा किया। छात्राओं की शौचालय और सुरक्षा को लेकर भी कई मुद्दे उठाए। वहीं, धरना पर बैठी छात्रा सान्या कुमारी ने बताया कि छात्राओं को कॉलेज में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। शौचालय में लाइट भी नहीं है। पुस्तकालय में किताबें भी नहीं मिलती है। कॉलेज के द्वारा पार्किंग के चार्ज लिए जाते है लेकिन उसके बाद भी पार्किंग से साइकिल चोरी हो जाती है। पार्किंग में गार्ड की व्यवस्था भी नहीं की गई है। छात्राओं के लिए अलग से काउंटर भी नहीं बनाया गया है। छात्र नेता चंदन तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा 15 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण बिंदु सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए स्मार्ट आईडी कार्ड की व्यवस्था हो और कॉलेज परिसर में आई कार्ड के के साथ प्रवेश अनिवार्य हो। ताकि कॉलेज परिसर में असामाजिक तत्वों पर बैन लगे। सभी शिक्षक समय पर कभी भी नहीं रहते है। सभी विषयों की कक्षा का ससमय संचालन हो।

# युवतियों ने वोट दे “मेरा पहला वोट, देश के लिए’ सेल्फी पॉइंट पर कराया फोटो क्लिक

निज संवाददाता। बक्सर

लोक सभा आम निर्वाचन 2024 निर्वाचन साक्षरता क्लब महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय बक्सर के परिसर में डमी मतदान संबंधी स्वीप कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम अंशुल अग्रवाल ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया।

वहीं अवर निर्वाचन पदाधिकारी छात्र-छात्राओं से पूछा कि, पहला लोक सभा आम निर्वाचन का चुनाव कब हुआ था, स्वीप का फुल फार्म, ईवीएम का फुल फार्म, वीवीपैट का फुल फार्म, चुनाव आयोग की स्थापना कब की गई थी, चुनाव आयोग में कितने सदस्य होते हैं, निर्वाचन संबंधी कौन कौन से ऐप होते है के बारे में पूछा गया एवं बक्सर जिला अंतर्गत कुल कितने विधानसभा क्षेत्र है निर्वाचन से संबंधित सामान्य जानकारी क्विज के तौर पर छात्रों से पूछी गई।

**संगीत के माध्यम से किया जागरूक :** कार्यक्रम में छात्रों एवं छात्राओं के द्वारा निर्वाचन से संबंधित भाषण दिया गया। वहीं अंकित कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचन में वोट देने हेतु अपने संगीत के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। साथ ही कार्यक्रम में निर्वाचन से संबंधित क्विज का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों द्वारा सही जबाब दिया गया। सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को डीएम के द्वारा सम्मानित भी किया गया। डीएम के द्वारा कॉलेज में कैंपस एंबेसडर के माध्यम से गहन मतदाता जागरूकता अभियान के साथ “मेरा पहला वोट, देश के लिए” कैंपेन बक्सर जिले में चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में मतदान के प्रति प्रेरित करना एवं अधिक से अधिक मतदाता को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए स्पष्ट दिशा निर्देश के आलोक में युवक एंव युवतियों को निर्वाचन की प्रक्रिया से जोड़ना है।

इस संबंध में 1700 की संख्या को दो से तीन महीने में विशेष अभियान चलाकर 17000 तक कर दिया गया है। 15 मार्च को होगी बैठक उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने आस पास के लोगों को अधिक से अधिक वोट देने हेतु प्रोत्साहित करने को कहा गया। बक्सर जिलें के सभी सोशल मीडिया (ट्विटर, इंस्ट्राग्राम, फेसबुक, यूट्यूब इत्यादि) पर जो एक्टिव रहते है, उनके लिए जिला प्रशासन निर्वाचन में एक विशेष अभियान चलाने के लिए 15 मार्च 2024 को 10:30 बजे कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बैठक बुलाई गई है एवं जो इस अभियान में बढ चढकर हिस्सा लेंगे एवं जिनके पोस्ट पर ज्यादा से ज्यादा लाईक एवं फॉलो किया जाएगा, वैसे लोगों को नगद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# सड़क हादसे में बक्सर निवासी युवक समेत दो जख्मी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के आरा बक्सर नेशनल हाईवे शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बक्सर निवासी युवक समेत दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक की परखच्चे उड़ गए। इसके बाद उन ग्रामीणों की मदद से दोनों जख्मी युवकों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया है। ज़ख्मियों में बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र के वरुण गांव निवासी भीम यादव का 25 वर्षीय बेटे मुलायम यादव है जबकि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कौशल दुलारपुर गांव निवासी पन्नालाल यादव का 20 वर्षीय बेटे छोटू कुमार है। जख्मी छोटू कुमार ने बताया कि शाहपुर गांव निवासी अपने एक रिश्तेदार के घर बच्चे का मुंडन में शामिल होने के लिए आए थे। इसके बाद दोनों गांव वापस जा रहे थे, इसी बीच शाहपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार ताकत मार दी। खून से लापता जख्मी हालत में सड़क पर गिरे रहे। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही, ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि दोनों युवकों को काफी गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों को इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। जहां जख्मी युवक मुलायम यादव की स्थिति काफी चिंताजनक बताई जा रही है।

### नावानगर सीएचसी के ओपीडी में एएनएम ने लगाया ताला

**बक्सर**। नावानगर के सीएचसी में काम करने वाली सभी एएनएम ने पांच माह से वेतन का भुगतान नहीं होने पर ओपीडी में ताला लगाकर प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पहले भी एक बार आंदोलन किया गया था। इसके बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सितंबर का वेतन दिया था। उसके बाद से फिर वेतन नहीं दिया जा रहा है। इस लिए दुबारा प्रदर्शन कर रहे है। जबकि 305 और 205 हेड में काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को भी वेतन अक्टूबर माह से बकाया है। इसके लिए कई बार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीएस और डीएम को पत्र लिखकर जानकारी दी गई है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बता दे कि इस दौरान नियमित टीकाकरण पूरी तरह बंद रहा और कई लोगों को वापस लौटना पड़ा।

## आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में सिद्धेश्वरी संस्कृत उच्च विद्यालय, पचरुखिया, भोजपुर में 02 सहायक शिक्षक की आवश्यकता है। 01 सहायक शिक्षक योग्यता-स्नातक विज्ञान, कोटि-BC एवं 01 सहायक शिक्षक योग्यता-स्नातक कला, कोटि-EBC का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।
(2) **उम्र सीमा:-** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगी।
(3) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।
(4) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।
(5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
(6) सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।
(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों की सेवा शर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

**सचिव**
**सिद्धेश्वरी संस्कृत उच्च विद्यालय**
**पचरूचिखया, भोजपुर।**

## भागलपुर–हंसडीहा शाखा में ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

मालदा मंडल के तहत भागलपुर–हंसडीहा शाखा में भागलपुर और टिकानी स्टेशनों के बीच किमी 13.598 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 9 को हटाने के लिए सबवे के प्रावधान के सिलसिले में, **दिनांक 16.03.2024 (शनिवार) को 5 घंटे 30 मिनट (10.30 बजे से 16.00 बजे तक)** के लिए **ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। 13229 **अप गोड्डा–राजेंद्र नगर टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस** के भागलपुर पहुँचने के बाद ब्लॉक शुरू होगा। इसक फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें **दिनांक** 16.03.2024 को निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: ● **रद्दगी:** (1) 03452/03449 भागलपुर–बांका–भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर स्पेशल। (2) 03441 हंसडीहा–भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर स्पेशल। (3) 03444/03443 भागलपुर–हंसडीहा–भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर स्पेशल। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त / संक्षिप्त यात्रा शुरू :** (1) 03482 भागलपुर–गोड्डा डीईएमयू स्पेशल हंसडीहा से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। (2) 13334/13333 पटना–दुमका–पटना एक्सप्रेस भागलपुर पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त/से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक/मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**निविदा सं. एसडीएसटीई-रिहैब-एएसटीई-बीडब्ल्यूएन-24, दिनांक 13.03.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के निकट डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-रिहैब-एएसटीई-बीडब्ल्यूएन-24, जिसके **बंद होने की तारीख 05.04.2024 को अपराह्न 03.00 बजे** है, के प्रति एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोली लगानेवाले सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा करने में सक्षम होंगे। इस निविदा के प्रति मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे किसी भी प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज किया जाएगा। **कार्य का नाम:** एचडब्ल्यूएच मंडल के एएसटीई/बीडब्ल्यूएन के क्षेत्राधिकार में विश्वसनीयता में सुधार के लिए सिग्नलिंग गियर्स का पुनरूद्धार। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 1,06,71,155.52। **बयाना राशि:** रु. 2,03,400/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0/-। **निविदा अपलोड करने की तारीख/समय:** 13.03.2024 को अपराह्न 01.44 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 120 दिन। **समापन अवधि:** 18 माह। **बोली प्रारम्भ होने की तारीख:** 22.03.2024। **बोली की शैली:** प्रत्येक अनुसूचित मद के लिए एकल दर। **ठेका का प्रकार:** वर्क्स। **ठेका की श्रेणी:** व्यय। **बोलियों का रैंकिंग अनुक्रम:** न्यूनतम से अधिकतम। **व्यय का प्रकार:** पूंजी (वर्क्स)। **आईपीएएस एकाउंटिंग यूनिट:** 0202-पूर्व-रेलवे-एचडब्ल्यूएच पूर्व रेलवे। **(HWH-540/2023-24)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : GEM/2024/B/4765727
दिनांक : 13.03.2024

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता, पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-open tender) Two Packet System में Gem Portal में आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम : धनबाद मण्डल में पाथरडीह, पतरातू, बरवाडीह एवं ओबरा के सर्विस बिल्डिंग, सिक लाइन, आर ओ एच शेड एवं खुला यार्ड में प्रतिदिन की साफ सफाई का दो वर्षों के लिए आउटसोर्सिंग का कार्य। 2. GeM मद श्रेणी : Custom Bid for Services-Sweeping Cleaning Picking of garbage coal dust grit scrap from room store compressor machine maintenance cycle stand sick line shed open area yard track pathways associated area and disposal at nominated place. Custom Bid for services-Sweeping cleaning Mopping of office rooms DV labs toilets urinal with adequate disinfectant and cleaning agent, Custom Bid for Services-Collection of mixed scrap released material from sick line shed open area yard and segregation of mixed material stacking item wise for lot formation at nominated place. 3. संविदा की अवधि : 2 वर्ष/24 महीना। 4. कार्य–स्थान : धनबाद डिवीजन के पाथरडीह, पतरातू बरवाडीह एवं ओबरा डिपो। 5. अनुमानित बोली मूल्य : ₹2,63,53,277/– (रूपया दो करोड़ तिरसठ लाख तिरपन हजार दो सौ सत्तत्तर) मात्र। 6. बयाना राशि : ₹2,81,800/– (रूपया दो लाख अकासी हजार आठ सौ) मात्र। 7. निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : ई–निविदा जमा करने का तारीख 13.03.2024 से 02.04.2024 को 17:00 बजे तक। 8. निविदा खुलने का तारीख तथा समय : 02.04.2024 को 17.30 बजे। (GeM बिड के अनुसार) 9. बेब साईट विवरण : http://www.gem.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि)/
पूमरे/धनबाद
पीआर/02548/डीएचएन/यां/टी/23–24/52

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**अश्विन बने टेस्ट में नंबर- गेंदबाज, बुमराह तीसरे स्थान पर फिसले, बल्लेबाजी में तीन...**

Page 10



देश

**केजरीवाल ने कोर्ट में खुद पेश होने का किया था वादा, अब खटखटा दिया ऊपरी अदालत...**

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष कृतिका विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 15 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 95 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹66, 110 | ₹77,000 |





## आज का इतिहास

- 1969 : भारतीय नौसेना में पहला हेलीकॉप्टर दस्ता गोवा में शामिल किया गया।
- 1988: आजादी के बाद पहली बार आठ राजनीतिक दलों ने भारत बंद का आह्वान किया।

## न्यूज बाइट्स

### सीएए पर हर कंफ्यूजन होगी दूर

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को अधिसूचित किए जाने के बाद से विपक्ष मोदी सरकार पर निशाने साध रहा है। विपक्ष ने कानून को लेकर कई सवाल उठाए हैं, जो अब आम लोगों के दिमाग में भी घूम रहे हैं। अमित शाह ने सीएए के तहत मुसलमानों को भारत की नागरिकता न देने के पीछे का कारण बताया है। शाह ने कहा कि सीएए पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का कानून है। अमित शाह ने मुसलमानों को सीएए में शामिल न करने की भी वजह बताई। हालांकि, उन्होंने कहा कि यदि वे अभी भी भारतीय नागरिकता चाहते हैं, तो वे संवैधानिक तरीकों से इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

### बीएससईबी फ्री कोचिंग के लिए एडमिट कार्ड जारी

**नई दिल्ली (ए.)।** बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड (बीएसईबी) ने छात्रों के फ्री कोचिंग में दाखिले के लिए होने वाले एंट्रेंस एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। छात्र समिति की वेबसाइट coaching.biharboardonline.com के जरिए आज से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए लिखित परीक्षा 20 मार्च को होगी। लिखित परीक्षा के बाद इंटरव्यू के आधार पर छात्रों का नामांकन लिया जाएगा।

### होली में घर आने के लिए ट्रेनों में नहीं मिल रही सीट

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** होली का त्योहार नजदीक है और ट्रेनों में टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। स्लीपर और एसी क्लास में लंबी वेटिंग है। टिकट का कन्फर्म हो पाना नामुमकिन सा दिखाई दे रहा है। तत्काल टिकट के लिए भी मारामारी है। यहां के हजारों लोग दूसरी राज्यों में काम करते हैं। त्योहारों पर ये सभी लोग अपने घर जरूर वापस आते हैं। दिल्ली, सूरत, मुंबई, राजस्थान, बंगलुरू, पंजाब आदि जगहों पर यहां के लोग रहते हैं। भीड़ के चलते दिल्ली-मुंबई और गुजरात की तरफ से औरंगाबाद अनुग्रह नारायण रोड की तरफ आने वाली ट्रेनों की सभी सीटें फुल हो गई हैं। 13 मार्च तक सभी महत्वपूर्ण ट्रेनों में वेटिंग है। नई दिल्ली से अनुग्रह नरायण स्टेशन की तरफ आने वाली 12398 महाबोधि एक्सप्रेस में स्लीपर में 105 वेटिंग है वहीं 12802 पुरूषोत्तम एक्सप्रेस में 163 वेटिंग है। 12312 नेताजी एक्सप्रेस में 122 वेटिंग है। 12410 गरीब रथ एक्सप्रेस में 303 वेटिंग है। 12818 झारखण्ड एक्सप्रेस में 241 वेटिंग है। लुधियाना से आने वाली ट्रेन 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस में 84 वेटिंग है। 18104 जलियावाला बाग एक्सप्रेस में 142 वेटिंग है। 13151 जम्मू तवी एक्सप्रेस में 50 वेटिंग है। अनुग्रह नारायण स्टेशन के प्रबंधक अरविंद कुमार सिंह ने बताया की होली स्पेशल ट्रेन गया-आनंद विहार चलाई गई है।

मुख्यमंत्री के समक्ष जल संसाधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा खेल विभाग का प्रस्तुतीकरण

# औरंगाबाद समेत कई जिलों में पेयजल उपलबध कराने की योजना के संबंध में दी गई जानकारी

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष 'संकल्प' में जल संसाधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा खेल विभाग द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने-अपने विभागों की कार्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में जल संसाधन विभाग के तहत जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत अधिशेष नदी जल को जल की कमी वाले क्षेत्रों में ले जाने संबंधित योजना का प्रस्तुतीकरण दिया गया। विकास आयुक्त सह जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने पटना शहर के लिए पेयजल योजना के साथ-साथ औरंगाबाद, डिहरी, अरवल, सासाराम, जहानाबाद, भभुआ, मोहनिया एवं अधौरा पर्वत (कैमूर जिला) पर पेयजल उपलब्ध कराने की योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नदी के जल को बाढ़ की अवधि (जुलाई से अक्टूबर) के बीच उद्वह का कार्य किया जाएगा और इस 4 माह में नदी के जल उद्वह के साथ पेयजल का वितरण करते हुए शेष 8 माह की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भंडारित किया जाएगा। इस योजना के लिए भू-अर्जन कम-से-कम किया जाएगा। दक्षिण बिहार के इन शहरों में भूगर्भ जल स्तर में गिरावट हो रही है। भविष्य में जनसंख्या वृद्धि एवं औद्योगिक विकास के कारण भूगर्भ पर अत्यधिक दबाव पड़ने की आशंका है। इन परिस्थितियों के निराकरण हेतु नदियों के जल का बेहतर तरीके से प्रबंधन करते हुए इस जल का उपयोग पेयजल की आपूर्ति के उद्देश्य से किया जाएगा।

बैठक में खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रमंडलीय मुख्यालयों के आसपास खेल का एक स्टेडियम बनाए जाने, खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किए जाने तथा खेल को बढ़ावा देने संबंधित योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य के प्रमुख शहरों के आसपास के जो विकसित क्षेत्र नहीं हैं वहां ग्रीन टाऊनशिप डेवलप करने संबंधित योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विकसित टाऊनशिप में सड़क, पार्क, ड्रेनेज, शुद्ध पेयजल आदि की बेहतर एवं सुनियोजित व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान कहा कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया गया है। जल-जीवन-हरियाली का मतलब है जल और हरियाली है तभी सभी का जीवन सुरक्षित है। गंगाजल आपूर्ति योजना के अंतर्गत राजगीर, गया, बोधगया एवं नवादा शहरों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इससे लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। भविष्य में जनसंख्या वृद्धि और भूगर्भ जल के स्तर में गिरावट को देखते हुए जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत विभिन्न नदियों के अधिशेष जल का बरसात माह में भंडारण कर उसे शुद्ध पेयजल के रूप में उपलब्ध कराए जाने की योजना पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम शुरू से ही खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देते रहे हैं। हम जब श्रद्धेय अटल जी की सरकार में रेल मंत्री थे तो विभाग में खिलाड़ियों को नौकरी प्रदान करने का हमने प्रावधान किया था और इसे लागू भी किया था। अब बिहार में खेल विभाग का अलग से गठन हो गया है ताकि खेल और खिलाड़ियों को और प्रोत्साहित किया जा सके। बच्चे मन लगाकर पढ़ाई भी करें और खेल-कूद में भी भाग लें। उन्होंने कहा कि विभिन्न टाउनशिप एरिया डेवलप होने से प्रमुख शहरों के आसपास का क्षेत्र और विकसित होगा और लोग इसका सदुपयोग कर सकेंगे।

बैठक में उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री तथा नगर विकास एवं आवास मंत्री सम्राट चैधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चैधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त सह जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, सामान्य प्रशासन सह खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ. बी. राजेन्दर, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, वित्त विभाग के सचिव (संसाधन) लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव चंद्रशेखर सिंह, खेल विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार, अभियंता प्रमुख (सिंचाई सृजन) पद्माकांत झा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राबड़ी देवी समेत 11 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

निज संवाददाता | पटना



बिहार के सीएम नीतीश कुमार, पूर्व सीएम राबड़ी देवी समेत 11 एमएलसी उम्मीदवारों को जीत का सर्टिफिकेट मिल गया है। सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। नीतीश कुमर खुद सर्टिफिकेट लेने पहुंचे थे, जबकि राबड़ी ने अपने विश्वसनीय एमएलसी भोला यादव को भेजा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यसभा सांसद झा और पूर्व जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह एक ही गाड़ी से पहुंचे। नाम वापसी की अवधि खत्म होने के बाद सभी को सर्टिफिकेट जारी किया गया है। दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण-पत्र दिया गया। विधान परिषद के रिक्त हो रहे 11 सीटों के लिए कुल 11 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया था। वोटिंग की नौबत नहीं आई है।

विधान परिषद चुनाव के लिए जेडीयू से सीएम नीतीश कुमार और खालिद अनवर मैदान में थे, जबकि बीजेपी ने पूर्व मंत्री मंगल पांडेय, अनामिका सिंह पटेल और लाल मोहन गुप्ता को उम्मीदवार बनाया था। हम की तरफ से जीतन राम मांझी के बेटे और बिहार सरकार में मंत्री संतोष मांझी प्रत्याशी थे। वहीं, आरजेडी कोटे से पूर्व सीएम राबड़ी देवी, उर्मिला ठाकुर, पूर्व मंत्री अब्दुलबारी सिद्दीकी, फैसल अली और माले से शशि यादव उम्मीदवार थीं।

### 40 हजार रुपए वेतन के अलावा भी बहुत सारी सुविधाएं

एक एमएलसी 6 साल के लिए चुने जाते हैं। उन्हें वेतन तो 40 हजार रुपए ही मिलते हैं, लेकिन वे माननीय हैं इसलिए कई अन्य कई तरह की सुविधाओं का लाभ भी उन्हें मिलता है। इन्हें महीने में दो बार स्थायी पता से विधान परिषद की बैठक में आने का टीए मिलता है। टीए- 20 रुपए किमी. के हिसाब से दिया जाता है। डीए 2 हजार रुपए प्रतिदिन मिलता है। यानी डीए 30 दिन का 60 हजार रुपए। बिहार से बाहर जाने पर डीए 2500 रुपए प्रतिदिन मिलता है। टूर से आने पर कमेटी हिसाब देती है और यह राशि मिलती है। इसके अलावा एक एमएलसी को 3 लाख रुपए रेल का कूपन एक साल में मिलता है। इसमें हवाई जहाज का टिकट या रेल का कूपन जो भी लेना चाहें 3 लाख के अंदर दिया जाता है। बिल पर भुगतान किया जाता है। इसे टेक्निकल भाषा में खर्च की प्रतिपूर्ति या रिम्बर्समेंट कहा जाता है। 1.5 लाख रुपए सालाना मोबाइल- टेलीफोन-इंटरनेट (संचार) के लिए मिलता है। जितनी बार जीतेंगे उतनी बार फर्नीचर के लिए 1.5 लाख रुपए मिलेंगे। मोबाइल-कंप्यूटर खरीदने के लिए 1 लाख रुपए मिलते हैं। इन्हें सरकार आवास की सुविधा पटना में देती है। एक बार एमएलसी बन जाने के बाद वे जीवन भर पेंशन पाने के हकदार हो जाते हैं। साथ ही हेल्थ सुविधाओं सहित रेल कूपन जैसी सुविधाएं भी हमेशा मिलती रहती हैं। सत्र के दौरान वे सरकार से जनता से जुड़े सवाल भी उठा सकते हैं।

# बस से 58 किलो चांदी बरामद, दो गिरफ्तार

निज संवाददाता | गोपालगंज

गोपालगंज पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक बस की तलाशी ली। तलाशी के दौरान 40 लाख के 58 किलो चांदी के पायल बरामद हुए। 2 तस्करों की गिरफ्तारी भी हुई है। जो आगरा से छपरा चांदी ले जा रहे थे। फिलहाल गिरफ्तार तस्कर से पुलिस पूछताछ कर रही है। बस और चांदी को जब्त कर लिया गया है। तस्करों की पहचान आगरा के इतमाडुल गांव निवासी अशोक कुमार खंडेलवाल के बेटे मयंक कुमार और बेलोथ खंडेलवाल के बेटे नितेश खंडेलवाल के रूप में की गई। मामला कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट का है। लोकसभा चुनाव को लेकर कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान तेज कर दी गई है। यूपी से आने वाले हर वाहनों की जांच-पड़ताल की जा रही है। इसी बीच गुरुवार को यूपी से बिहार में प्रवेश कर रही है बस को रोककर जब तलाशी ली गई तो दो बैग में चांदी के पायल बरामद हुए। जिसकी अनुमानित कीमत 40 लाख रुपए आंकी जा रही है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि वाहन जांच के क्रम में एक बस में तलाशी ली गई तो उसमें 58 किलो चांदी के पायल बरामद किए गए। दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही। पूछताछ के दौरान कोई वैलिड कागजात नहीं दिखाए गए।

## कार से मिला 13.27 किलो सोना जब्त

निज संवाददाता | पटना

दरभंगा-मुजफ्फरपुर बॉर्डर एरिया से राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने एक कार से 13.27 किलोग्राम सोना जब्त किया है। इसकी कीमत 8.65 करोड़ है। साथ ही मुजफ्फरपुर से 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन 'राइजिंग सन' के तहत डीआरआई ने देश के 5 शहरों से 40.08 करोड़ के 61.08 किलोग्राम विदेशी सोना बरामद किया। साथ ही 13 लाख कैश, 17 कार, 30 मोबाइल और 21 इंटरनेट डोंगल्स भी जब्त किए। सोने की तस्करी के मामले में गुवाहटी से 8 लोग, मुजफ्फरपुर से 2 और गोरखपुर से 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन तस्करों ने एजेंसी को बताया कि म्यांमार से इस सोने को तस्करी कर भारत लाया जाता था, जिसके बाद असम के रास्ते दिल्ली और जयपुर मे भेजा जाता था। डीआरआई ने गुवाहाटी, बारपेटा, दरभंगा, गोरखपुर और अररिया में छापेमारी की। गुवाहाटी में एक आवासीय परिसर से संचालित होने वाले सोने की तस्करी सिंडिकेट के बारे में जानकारी मिली थी। डीआरआई ने मुजफ्फरपुर की यूनिट ने जांच के दौरान दरभंगा के पास एक कार को रोका। जिसमें13.27 किलोग्राम वजन की 80 सोने की छड़ें बरामद की गईं, जिनकी कीमत 8.65 करोड़ है। तस्कर सिंडिकेट द्वारा उपयोग की जाने वाली अन्य 9 कारों की भी पहचान की गई। जिसे पटना यूनिट द्वारा अररिया में एक पार्किंग स्थल से पकड़ा गया।

# व्यक्तित्व निर्माण में विश्वविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्यपाल

- राज्यपाल ने कहा कि आप जिस किसी क्षेत्र में कार्यरत हैं उस क्षेत्र में रहकर हीं देश के विकास के लिए अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें, तभी भारत 2047 तक विकसित देश के रूप में अपनी पहचान बना सकेगा।

निज संवाददात | दरभंगा



बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने व्यक्तित्व निर्माण में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए आज कहा कि समाज का निर्माण करने वालों का व्यक्तित्व निर्माण करने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालयों की है।

श्री आर्लेकर ने बुधवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के सीनेट की विशेष बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित करने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने के लिए सभी आगे आएं और अपना बहुमूल्य योगदान दें। उन्होंने कहा कि आप जिस किसी क्षेत्र में कार्यरत हैं उस क्षेत्र में रहकर हीं देश के विकास के लिए अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें, तभी भारत 2047 तक विकसित देश के रूप में अपनी पहचान बना सकेगा। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में हमारी शिक्षा पद्धति ने हमें सिर्फ नौकरी करने वाला और अपने लिए सोचने वाला ही बनाया है जबकि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समाज की बेहतरी के लिए होना चाहिए।

# उप मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र



निज संवाददाता | पटना

आपदा प्रबंधन विभाग के विभागीय सभागार में बिहार लोक सेवा आयोग की 68वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से चयनित 35 सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारियों को उप मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी एवं डॉ. आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री प्रेम कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण का समारोह सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। बिहार एक आपदा प्रवण राज्य है। आपदा की पूर्व तैयारी एवं आपदा की स्थिति में त्वरित राहत हेतु राज्य में पहली बार आपदा प्रबंधन हेतु पदाधिकारियों की एक पूर्णतः समर्पित सेवा का गठन किया गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को समर्पित ढंग से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। प्रेम कुमार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बिहार के विकास में अपनी प्रतिभा का सदुपयोग करने का सुझाव दिया गया। साथ ही, प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए आपदा के विभिन्न पहलुओं से उन्हें अवगत कराया गया तथा मानवीय दृष्टिकोण के साथ आपदा पीड़ितों को त्वरित राहत पहुंचाने में सहयोगी बनने हेतु कर्तव्यबोध कराया गया।

# आयुष डॉक्टर और अभियंताओं को सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

निज संवाददाता | पटना





लोकसभा चुनाव घोषणा के पहले बिहार में नियुक्ति पत्र वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आयुष डॉक्टर को नियुक्ति पत्र बांटी है। मुख्यमंत्री सचिवालय के 'संवाद' में स्वास्थ्य विभाग के नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। जिसमें अनीता कुमारी,अफसाना बेगम, यशवंत कुमार, श्वेता रंजन, हरिशंकर चौबे, डॉ भारती कुमारी, उदय कुमार मिश्रा, बबीता कुमारी, संगीता कुमारी, प्रवीण कुमार, स्मृता श्री, अब्दुल कलाम, बुशरा हयात, राहत जहां को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके अलावे मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत सहायक अभियंता नीरज कुमार, अमित कुमार, निवेदिता भारती, संगीता रानी सिन्हा एवं विकास कुमार गुप्ता को भी सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तथा नगर एवं आवास विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों एवं सहायक अभियंताओं को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 2901 नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत 219 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी गोपाल सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक पदाधिकारी सुहर्ष भगत, बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक धर्मेंद्र कुमार, बिहार एड्स कंट्रोल सोसायटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं नवनियुक्त आयुष चिकित्सकगण एवं सहायक अभियंता उपस्थित थे।

# नए चुनाव आयुक्तों के नाम तय

**नई दिल्ली (ए.)।** चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर गुरूवार को फैसला हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 7 लोक कल्याण मार्ग में बैठक हुई जिसमें दोनों नामों पर सहमति बन गई है। बैठक में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी हिस्सा लिया। बैठक के बाद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि इस समिति में सरकार के पास बहुमत है, जिसमें दो नामों पर मुहर लगी है। एक ज्ञानेश कुमार केरल से और एक सुखविंदर संधू (पंजाब) को चुनाव आयुक्त के रूप में चुना गया है। बता दें कि चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद से ये पद खाली है। पंजाब के सुखविंदर संधू उत्तराखंड के चीफ सेक्रेटरी और एनएचएआई के चेयरमैन रह चुके हैं। वहीं, ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अफसर हैं और गृह मंत्रालय में तैनात रह चुके हैं।

# खरमास शुरू, थम गयी शहनाई, सूर्य का कुंभ से मीन राशि में प्रवेश

निज संवाददाता | पटना





पंडित राकेश झा के अनुसार, खरमास का समापन चैत्र शुक्ल पंचमी यानी 13 अप्रैल की देर रात को होगा। भगवान सूर्य का गुरुवार को कुंभ से मीन राशि में प्रवेश हुआ। सूर्य की राशि परिवर्तन के साथ ही खरमास शुरू हो गया, जिसके बाद शुभ और मांगलिक कार्यों पर विराम लग गया है। एक महीने तक शहनाई की गूंज थम जाएगी। पंडित राकेश झा के अनुसार, खरमास का समापन चैत्र शुक्ल पंचमी यानी 13 अप्रैल की देर रात को होगा। देर रात 11:19 बजे सूर्य मीन से मेष राशि में प्रवेश करेंगे। मेष राशि के सूर्य होते ही 14 अप्रैल से फिर सभी तरह के मांगलिक व शुभ कार्य आरंभ हो जाएगा। इस खरमास के बाद सात दिन शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद फिर 23 अप्रैल मंगलवार से 30 जून रविवार तक शुक्र ग्रह के अस्त होने से वैवाहिक कार्य नहीं होंगे।

### अप्रैल के बाद अब जुलाई में बजेगी शहनाई

जुलाई में शुक्र के उदय होने के बाद शादी-ब्याह का सिलसिला शुरू हो जाएगा। मिथिला पंचांग के अनुसार जुलाई में तीन तो बनारसी पंचांग के मुताबिक सात विवाह के लग्न मुहूर्त हैं। इसके बाद चातुर्मास लगने से चार मास के लिए शहनाई की गूंज पर रोक लग जाएगा।

- बनारसी पंचांग के अनुसार लग्न

अप्रैल में 18, 20, 21, 22, 23, 25, 26

जुलाई में 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15

- मिथिला पंचांग के अनुसार लग्न

अप्रैल में 18, 19, 21, 25, 26, 28

मई में 1

जुलाई में 10, 11, 12

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

### पूर्णिया में बाइक से श्राद्धकर्म से लौट रहा था परिवार

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल



निज संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया में सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। पति (शिक्षक) की हालत गंभीर है। एक बच्ची भी गाड़ी पर थी उसकी हालत ठीक है। पूरा परिवार श्राद्ध का भोज खाकर बाइक से लौट रहा था। बनमनखी थाना क्षेत्र के रामनगर फरसाही मिलीक के पास 70 की स्पीड में ट्रैक्टर ने बाइक को उड़ा दिया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ओवरलोड भी था। बुधवार रात करीब 8 बजे ये हादसा हुआ। 2 लोगों की मौत की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, चीख -पुकार मच गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए GMCH पूर्णिया भेज दिया है। मृतक की पहचान जानकीनगर थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी प्रतिभा कुमारी (35), डायमंड कुमार (4) के रूप में हुई है। वहीं, मृतका के पति अरुण कुमार (45) की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। अरुण पेशे से प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। इस हादसे के बाद मां बेटे की अर्थी एक साथ उठेगी। मगर अफसोस पति इसमें शामिल नहीं होंगे। घटना की जानकारी देते हुए मृतका के जीजा मनसफ कुमार ने बताया कि देर शाम पूरे परिवार के साथ शिक्षक अरुण कुमार जानकीनगर थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित घर से अपने मित्र के घर रामनगर फरसाही मिलीक गांव श्राद्ध कर्म में शामिल होने गए थे। पूरा परिवार श्राद्ध का भोज खाकर वापस बाइक से अपने घर लौट रहा था। तभी बनमनखी थाना क्षेत्र के रामनगर फरसाही मिलीक गांव के समीप तेज रफ्तार ओवरलोडेड ट्रैक्टर ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

जिस वक्त ये हादसा हुआ ट्रैक्टर की रफ्तार 70 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। एक्सीडेंट के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। हादसा इतना जोरदार था कि न सिर्फ बाइक के परखच्चे उड़ गए बल्कि बाइक सवार मां बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे पति की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। घटना के फौरन बाद स्थानीय मौके पर जुटे। जिसके बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों ने उसे अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी में एडमिट कराया और फिर पुलिस और परिजनों को घटना की सूचना दी गई। घायल की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने शिक्षक अरुण कुमार यादव को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद शिक्षक को होप स्थित मैक्स हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। थाना अध्यक्ष राज कुमार चौधरी ने बताया कि ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर बनमनखी थाना ले आई है। जबकि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए GMCH पूर्णिया भेज दिया है।

## अपराधियों ने घर में घुसकर महिला को मारी गोली, मौत

निज संवाददाता



**मधेपुरा।** मधेपुरा में बुधवार की देर रात एक महिला को अपराधियों ने घर में गोली मार कर हत्या कर दी। मृतका की पहचान बिहारीगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर लालचंद वार्ड चार निवासी पप्पू महतो की 30 साल की पत्नी सीता देवी के रूप में हुई। पुलिस मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतका के देवर मुनचुन महतो ने बताया कि बुधवार की रात दोनों घर में सोए हुए थे। रात करीब 3 बजे पति पेशाब करने के लिए घर से बाहर निकला था। इस दौरान अपराधियों ने घर में घुसकर सिर में गोली मार दी। फायरिंग की आवाज सुनकर जब तक सब पहुंचे तब तक अपराधी फरार हो गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर पुलिस ने जांच के लिए एफएसएल की टीम और डॉग दस्ता को बुलाया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि संदेह के आधार पर मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं गुरुवार को उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि गोली मारकर महिला की हत्या हुई है।

### 13 टन लोहा ट्रक पर लाद कर ले गए चोर, ग्रिल तोड़कर घटना को दिया अंजाम

# बालू-गिट्टी के दुकान से 12 लाख की चोरी

- मौके पर जुटी लोगों की भीड़
- दुकान पर कोई कैमरा नहीं लगा था

निज संवाददाता



**दरभंगा।** दरभंगा में चोरों ने एक बालू गिट्टी के दुकान से लगभग 13 टन लोहे के सरिया की चोरी कर ली। जानकारी के मुताबिक रात करीब 12 बजे एक ट्रक डिपो पर लगाकर चोरी का सरिया ट्रक पर लाद कर चोर फरार हो गए।मामला कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के बेर पंचायत के बेर चौक का है। बेर चौक स्थित किशोर इंटरप्राइजेज नाम के एक बालू डिपो पर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। प्रतिदिन की तरह दुकान के मालिक किशोर कुमार पाठक अपना बालू डिपो बंद कर शाम करीब 8 बजे घर लौट चुके थे। सुबह 7 बजे जब वह दुकान पर पहुंचे तो सरिया का गोदाम खाली पड़ा था। दुकान की ग्रील तोड़ दी गई थी। वहीं, चोरी का मामला सामने आते ही बेर चौक के सभी व्यवसायी घटनास्थल पर पहुंचे गए। आसपास के गांव के लोगों की भीड़ भी इकट्ठा हो गई। कुशेश्वरस्थान पुलिस थाना को इसकी सूचना दी गई। 112 नंबर की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और वहां से वापस लौट गए। इस मामले में दुकान के मालिक ने बताया कि सब मिलाकर 11 से 12 लाख के समान की चोरी की गई है। 14 से 15 एमटी लोहा था। उन्होंने बताया कि उनके दुकान पर कोई कैमरा नहीं लगा है। यह चोरी उनके दुकान से हुई है। इस मामले में कुशेश्वर स्थान थाना अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्दी मामले का खुलासा किया जाएग।

## कोल्ड्रिंग दुकान से दो लाख रुपए की चोरी

मुंगेर। मुंगेर के नया रामनगर थाना क्षेत्र के लोहचा पाटम गांव में बुधवार की रात एक कोल्डड्रिंक की होलसेल दुकान से करीब लाख नगद रुपए की चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि चोर दुकान के छत में लगे ऐस्बेस्टर को काटकर दुकान में घुसे थे। वहीं गुरुवार की सुबह दुकान मालिक जब दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो देखा की दुकान में रखा सारा समान इधर-उधर बिखरा हुआ था और काउंटर में रखे सारे रुपए गायब थे। जिसके बाद दुकानदार ने नयारामनगर थाना पुलिस को सुचना दिया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। दुकानदार निर्भय कुमार ने बताया की बुधवार की रात वो दुकान बंद कर वे चले गए। वहीं जब उन्होंने दुकान खोला तो देखा की दुकान में रखा सारा समान बिखरा पड़ा था और काउंटर में रखे सारे रुपए गायब थे। उन्होंने कहा कि बुधवार को बैंक में पैसे जमा नहीं करवा सके, इसलिए दुकान में ही रुपए रखकर चला गया। लेकिन इस बीच चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। नया रामनगर थानाध्यक्ष बिनोद झा ने बताया कि चोरी की सूचना पर हमलोग जांच के लिए गए थे। घटना को लेकर पीड़ित के द्वारा अबतक आवेदन नहीं दिया गया है, पुलिस अपने स्तर से छानबीन में जुटी हुई है।

### 18 से अधिक केस दर्ज, जेल में हुई थी सभी की दोस्ती

# लूटपाट-हत्या मामले में सात अपराधी गिरफ्तार




निज संवाददाता

**पटना।** पटना पुलिस ने संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। लूटपाट मामले में मुख्य सरगना समेत 7 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। ग्रामीण एसपी रौशन कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में जेल में अपराधियों की दोस्ती हुई थी। बाहर निकलने के बाद इन लोगों ने अपना गिरोह बना लिया। गिरोह में शामिल सदस्य भोले भाले लोगों के मोबाइल नंबर से गाड़ी बुक करते थे। बुकिंग के बाद बीच रास्ते में ले जाकर गाड़ी के चालक के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया जाता था। गाड़ी छीन ली जाती थी और उसे झारखंड जैसे दूसरे राज्यों में बेच दिया जाता था।

गिरफ्तार अपराधी अमित कुमार सिंह, सुनील पंडित, अमन कुमार, रौशन कुमार, मनीष कुमार उर्फ रिंकू, बरूण पासवान, रिशु कुमार पर 18 से अधिक आपराधिक कांड दर्ज हैं। एसपी रौशन कुमार ने आगे बताया कि कुछ दिन पहले हाथीदह थाना क्षेत्र में स्विफ्ट डिजायर कार लूट ली गई थी। गाड़ी के चालक विपिन कुमार की हत्या भी कर दी गई थी। इस मामले के मुख्य साजिशकर्ता अपराधी वरुण पासवान समेत 7 अपराधियों की गिरफ्तारी की हुआ है। सभी मिलकर डकैती, लूटपाट, चोरी, ठगी जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे। घटना के दिन अपराधियों के विपिन कुमार को फोन करके दानापुर से खगड़िया जाने के लिए गाड़ी बुक की थी। बीच में मोकामा टाल औंटा फोर लेन हाथीदह के पास कार चालक की सीट बेल्ट से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद बेगूसराय के सिमरिया घाट के पास रोड किनारे शव फेंक दिया था।

## ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता

**किशनगंज।** किशनगंज के दिघलबैंक भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात 12वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने नशे के धंधे के खिलाफ कार्रवाई की है। देर शाम दिघलबैंक बीओपी के जवानों ने दिघलबैंक बाजार के समीप कार्रवाई करते हुए एक बाइक सवार युवक के पास से 100 ग्राम सस्पेक्टेड ब्राउन शुगर को जब्त किया और गिरफ्तारी भी की। कार्रवाई कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर धुखा राम राणा के नेतृत्व में की गई। पहले से घात लगाए जवानों ने बाइक सवार व्यक्ति को रोक कर उसकी तलाशी ली। जिनके पास से प्लास्टिक की पुड़िया, जिसमें मटमैला रंग का मादक पदार्थ सस्पेक्टेड ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जिसका संभावित वजन 100 ग्राम पाया गया। जवानों ने पूछताछ में व्यक्ति की पहचान अनरुल हक पिता अमीर उद्दीन दोगिरजा वार्ड नं. 5 पंचायत मंगुरा निवासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार व्यक्ति ब्राउन शुगर की खेप को दिघलबैंक में किसी को डिलीवरी देने आ रहे थे। जहां से नेपाल भेजने वाला था। कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर धुखा राम राणा ने बताया कि कार्रवाई के बाद दिघलबैंक थाना में गिरफ्तार युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

# रेड लाइट एरिया में पुलिस की छापेमारी, 10 नाबालिग बच्चियों को कराया गया मुक्त

निज संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया के रेड लाइट एरिया में पुलिस की छापेमारी हुई है। पुलिस और बचपन बचाओ आंदोलन की ज्वाइंट रेड से अब्दुल्ला नगर रेड लाइट एरिया में हड़कंप मचा है। छापेमारी के दौरान देह व्यापर के धंधे में धकेली गई करीब 10 नाबालिग बच्चियों को धंधेबाजों के चंगुल से बाहर निकाला गया है। कस्टमर्स और धंधेबाज को भी छापेमारी में दबोचा गया है। अब्दुल्ला नगर रेड लाइट एरिया में छापेमारी के दौरान 50 पुलिसकर्मी और बचपन बचाओ आंदोलन के 12 सदस्य मौजूद रहें। छापेमारी, सदर SDPO पुष्कर कुमार और बचपन बचाओ आंदोलन के केंद्रीय निर्देशक मनीष शर्मा के नेतृत्व में की गई है। बचपन बचाओ आंदोलन के केंद्रीय निर्देशक मनीष शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पूर्णिया के अब्दुल्ला नगर रेड लाइट एरिया में पूर्वोत्तर राज्य, त्रिपुरा, बंगाल, नेपाल और कई अन्य जगह की नाबालिग बच्चियों को पूर्णिया के रेड लाइट एरिया में लाखों में बेचा जा रहा है। देह व्यापार का एक रैकेट चल रहा है। लड़कियों को छिपाने के लिए रेड लाइट एरिया में बेसमेंट बनाए गए हैं। रेड पड़ते ही बच्चियों को छिपा दिया जाता है। SP ने शॉर्ट टाइम में क्विक रिस्पॉन्स लिया, जिसके बाद नाबालिग लड़कियों के रेस्क्यू के लिए जिले के एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा की मदद ली गई। सदर SDPO पुष्कर कुमार और मनीष शर्मा के नेतृत्व में अब्दुल्ला नगर रेड लाइट एरिया में ज्वाइंट रेड की गई। इस ज्वाइंट रेड में करीब 10 नाबालिग बच्चियों का रेस्क्यू किया गया है। सदर SDPO पुष्कर कुमार ने बताया कि छापेमारी में कई नाबालिगों का रेस्क्यू कर उन्हें महिला थाने लाया गया है। इसमें कुछ धंधेबाज और कस्टमर्स भी हैं, जिन्हें रंगे हाथ पकड़ा गया है।

## एक अपराधी गिरफ्तार

**कटिहार (नि. सं.)।** कटिहार मनिहारी थाना क्षेत्र के रसूलपुर के समीप बाइक पर सवार तीन लुटेरों ने बंधन बैंक कर्मी से लूटकांड की घटना को अंजाम दिया था। जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज कुछ घंटे के अंदर इन तीनों लुटेरें में से एक लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही लूटी गई बाइक और 65 हजार रुपए भी बरामद कर लिए। कटिहार एसपी जितेंद्र कुमार ने घटना का उद्वेदन करते हुए बताया कि घटना को अंजाम देने वाले दो और लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गौरतलब है कि मनिहारी थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव से कलेक्शन का पैसा लेकर लौट रहे दिनदहाड़े तीन लुटेरों ने बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट अनूप कुमार से हथियार के बल पर 1 लाख 67 हजार नगद लूट लिए थे।

# शॉट-सर्किट से लगी आग 13 घर जलकर राख

निज संवाददाता



**मोतिहारी (पश्चिमी चम्पारण)।** मोतिहारी में शॉट सर्किट से एक घर में आग लग गई, जिसके उससे निकली चिंगारी ने करीब एक दर्जन घर को अपनी चपेट में ले लिया। घटना सुगौली थाना क्षेत्र के पजिअरवा चौक के पास वार्ड नं 6 के महादलित बस्ती की है। घटना में संबंध में बताया जा रहा है कि राजू पासवान के घर में शॉट सर्किट से आग लगी थी। वहीं फुस का घर होने के करन आग तेजी से फैल गई, जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने तेरह घर को अपने चपटे में ले लिया। वहीं पछुआ हवा तेज होने के कारण आग लगी तेजी से फैल गयी। जिसके बाद ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। वहीं सूचना पर पहुंची टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

आग लगने से घर जलने वाले में पजिअरवा निवासी राजू पासवान, शम्भू पासवान, सुमन्त पासवान, नन्हर पासवान, सरवन पासवान, चन्द्रदेव पासवान, भूषण पासवान, पुनदेव पासवान, अमीरक पासवान, द्वारिका पासवान, मुन्नी राम, सुरेश राम, चन्देश्वर पासवान के घर में रखा कपड़ा, अन्नाज, खाने-पीने का समान, नगर, मुर्गा सहित लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। सुगौली सीओ ने बताया कि आगजनी की सूचना मिली है। सीआई को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिया जाएगा।

## ब्राउन शुगर के साथ बाइक सवार युवक गिरफ्तार

**किशनगंज (नि.सं.)।** किशनगंज के दिघलबैंक भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात 12वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने नशे के धंधे के खिलाफ कार्रवाई की है। देर शाम दिघलबैंक बीओपी के जवानों ने दिघलबैंक बाजार के समीप कार्रवाई करते हुए एक बाइक सवार युवक के पास से 100 ग्राम सस्पेक्टेड ब्राउन शुगर को जब्त किया और गिरफ्तारी भी की। कार्रवाई कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर धुखा राम राणा के नेतृत्व में की गई। पहले से घात लगाए जवानों ने बाइक सवार व्यक्ति को रोक कर उसकी तलाशी ली। जिनके पास से प्लास्टिक की पुड़िया, जिसमें मटमैला रंग का मादक पदार्थ सस्पेक्टेड ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जिसका संभावित वजन 100 ग्राम पाया गया।

# एमडीएम का खिचड़ी-चोखा खाने से बच्चे बीमार, 60 से अधिक बच्चों को तीन एंबुलेंस से लाया अस्पताल

निज संवाददाता



**अररिया।** अररिया सदर प्रखंड के किस्मत खवासपुर पंचायत के वार्ड संख्या 6 अंतर्गत गोढ़ी टोला पलासी के लगभग पांच दर्जन स्कूली बच्चों को फूड प्वाइजनिंग हो गया था। ग्रामीणों के अनुसार सभी बच्चे उमवि जितवारपुर में पढ़ाई हैं। सभी ने एमडीएम का खीचड़ी खाया था। जिसके बाद उन्हें उल्टी और दस्त होने लगा। अब सभी बच्चे ठीक हो गए हैं। उन्हें घर भेज दिया गया है। हालांकि पांच बच्चे अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। जो खतरे से बाहर हैं। स्कूल में एमडीएम का खिचड़ी खाकर 5 बजे स्कूल से लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में ही कुछ बच्चों को उल्टी और दस्त होने लगा। 7 बजे तक 5 दर्जन से अधिक बच्चे इसके चपेट में आ गए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अररिया सदर एसडीओ अनिकेत कुमार, सदर बीडीओ धीरज कुमार व सांसद प्रदीप सिंह को तत्काल घटना की सूचना दी। सांसद की पहल पर रात के 9:30 बजे तीन एंबुलेंस भेजकर तत्काल बच्चों को सदर अस्पताल अररिया लाया। अस्पताल के कमरे में बेड कम पड़ जाने से अस्पताल परिसर भवन में अलग से बेड लगाया गया था। थोड़ी देर बाद एएसपी सह एसडीपीओ रामपुकार सिंह व सदर एसडीओ अनिकेत सिंह सदर अस्पताल पहुंचे। बच्चे और उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल चाल जाना, लेकिन शिक्षा विभाग के कोई भी अधिकारी बच्चों का हाल-चाल जानने तक नहीं पहुंचे। घटना की जानकारी देते हुए अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने बताया कि मुख्य रूप से शंकर सिंह की दो पुत्री, कक्षा 2 की छात्रा प्रियंका व वर्ग तीन की प्रिया, धर्मचंद की पुत्री सोनाक्षी और पुत्र रौशन, उपेंद्र सिंह के पुत्र कारण व कार्तिक, सहित दर्जनों बच्चे उल्टी दस्त के शिकार हुए हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिनंदन ऋषिदेव ने बताया कि 437 नामांकित बच्चों में से कुल 227 स्कूली बच्चों ने बुधवार को मध्याह्न भोजन में खिचड़ी-चोखा खाया, लेकिन एक ही टोले के बच्चे विषाक्त भोजन का शिकार हुए हैं।

उन्होंने बताया कि जिस टोले के बच्चे विषाक्त भोजन के शिकार हुए हैं। वहां दो दिन पूर्व से भोज का भी आयोजन हुआ था। ऐसे में कुछ कहना सही नहीं होगा। सीएस विधानचंद्र चंद्र सिंह ने कहा कि स्कूल में खिचड़ी-चोखा खाने से सभी बच्चे फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए थे। लगभग 40 से 45 बच्चों को सदर अस्पताल में अबतक भर्ती कराया गया है। जिनका बेहतर उपचार कर तबीयत में सुधार होता देख डिस्चार्ज कर दिया गया है। 5-6 बच्चे अभी भी सदर अस्पताल में भर्ती हैं। सांसद प्रदीप कुमार ने कहा खुद से मॉनिटरिंग कर रहा हूं। मध्य विद्यालय जितवारपुर में बने एमडीएम का भोजन खिचड़ी-चोखा खाने से लगभग 100 बच्चे फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए हैं। जो कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जानकारी जुटाने पर ज्ञात हुआ है कि स्कूल में बने एमडीएम भोजन खाने से बच्चे बीमार हुए हैं। सर्वप्रथम कल स्कूल की जांच होगी। जांच के बाद यदि लापरवाही सामने आती है तो दोषी को बक्शा नहीं जाएगा। यह देश के भविष्य की बात है। इतने बच्चे स्कूल से लौटने के बाद एक साथ बीमार पड़ गए। इस तरह की घटना कई बार सुनने को मिलती रहती है। इस तरह की लापरवाही करने वाले कोई भी हो, जांच में लापरवाही दिखने पर उन्हें दंडित किया जाएगा।

### ट्रेन और हवाई जहाज का टिकट काटेंगी जीविका दीदी, सैलरी के साथ मिलेगा कमीशन

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पूर्वोत्तर भारत के पहले लिथियम बैट्री प्लांट का बेगूसराय में किया शिलान्यास

- चार हजार रुपए सैलरी और कमीशन भी दी जाएगी
- लिथियम बैट्री भी बनाएंगी

निज संवाददाता



बेगूसराय। जीविका दीदी अब सिर्फ घरेलू स्वरोजगार ही नहीं करेगी, बल्कि ड्रोन उड़ाने के साथ-साथ ट्रेन और हवाई जहाज का टिकट भी काटेंगी। होटल भी बुक करेगी और लिथियम बैटरी भी बनाएंगी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पूर्वोत्तर भारत के पहले लिथियम बैट्री प्लांट का बेगूसराय में शिलान्यास किया। वहीं, इज माय ट्रीप के पायलट प्रोजेक्ट की भी शुरूआत की। सरकार के साथ 5 मार्च को एमओयू पर सिग्नेचर के बाद आज देश के 10 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत इज माय ट्रीप के बुकिंग की कमान जीविका दीदी को दी जा रही है। बिहार में सिर्फ बेगूसराय जिले का चयन किया गया है। इस दौरान दो जीविका दीदी को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और इज माय ट्रीप के वाइस प्रेसिडेंट राहुल वसीम ने कंप्यूटर दिया। इस दौरान गिरिराज सिंह ने बताया कि बेगूसराय में जीविका दीदियां की आमदनी बढ़ाने के लिए कई तरह की योजनाओं पर सरकार काम कर रही है। जीविका दीदी अब बेगूसराय में इज माय ट्रिप के माध्यम से टिकट काटने का भी काम करेगी। कंपनी के द्वारा जीविका दीदी को 4 हजार रुपए सैलरी और कमीशन भी दी जाएगी।

गिरिराज सिंह ने कहा कि इज माय ट्रीप दीदियों को प्रशिक्षण और टेक्निकल सपोर्ट भी देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार जीविका दीदी की उन्नति के लिए काम कर रहे हैं। लखपति दीदी बनाने की योजना पर काम चल रहा है। पूर्वोत्तर भारत का पहला लिथियम बैट्री निर्माण का प्लांट बेगूसराय में लग रहा है, जो पूरी तरह से जीविका दीदी के हाथ में होगी। बेगूसराय में एक सौ जीविका दीदी को ड्रोन ऑपरेट करने की ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जीविका दीदी के उन्नति के लिए लगातार काम कर रही है और उसके तहत कई योजनाओं की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही जीविका दीदी के लिए घरेलू रोजगार भी दिया जा रहा है, जिसमें लिज्जत पापड़ की तरह जीविका दीदी दीदी पापड़ का निर्माण भी करेगी, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। बेगूसराय की दीदी भी बड़े शहरों की तर्ज पर हर वह काम करेगी, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होगा।

## गाड़ी में लगी आग, दो घायल

**जमुई (नि.सं.)।** सोनो थाना क्षेत्र के पच पहाड़ी के पास मछली लदा पिकअप सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। जिसके बाद पिकअप में आग लग गई। हादसे में चालक और कारोबारी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल सोनो लाया गया। जबकि घटना की जानकारी के बाद सोनो थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वाहन को कब्जे में लेकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। घायलों की पहचान सोनो के मोहम्मद समीम का पुत्र मोहम्मद मुफकिर (चालक) और थाना चौक निवासी मो. बहाव का पुत्र समशीर (कारोबारी) के रूप में की गई है। घायल ने बताया कि गुरुवार की सुबह जमुई से मछली लेकर से सोनो की ओर जा रहा था। पचपहड़ी के पास सामने से आ रहे एक ट्रक की वजह से पिकअप अनियंत्रित हो गया। गाड़ी पेड़ से टकरा गई। आग लग गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पिकअप में फंसे दो लोगों को बाहर निकाला। इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी के बाद सोनो थाने की पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।


## आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में श्री लक्ष्मी संस्कृत प्राथमिक-सह-उच्च विद्यालय, लोहरगाँवा, केसरिया, पूर्वी चम्पारण में 01 प्रधानाध्यापक, 03 सहायक शिक्षक की आवश्यकता है। 01 प्रधानाध्यापक, योग्यता-आचार्य, कोटि-EBC(F), 01 सहायक शिक्षक योग्यता-आचार्य, कोटि-UR (F), 01 सहायक शिक्षक, योग्यता-स्नातक विज्ञान, कोटि SC (F), 01 सहायक शिक्षक योग्यता-मध्यमा / मैट्रिक, कोटि-EWS का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।

**(2) उम्र सीमा :** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगा।

(3) प्रधानाध्यापक पद हेतु पांच वर्षों का अध्यापन अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

(4) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र को स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।

(5) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।

(6) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(7) प्रधानाध्यापक / सहायक शिक्षक पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।

(8) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की सेवा शर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

**सचिव**
**श्री लक्ष्मी संस्कृत प्राथमिक-सह-उच्च विद्यालय**
**लोहरगांवा, केसरिया, पूर्वी चम्पारण।**

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## धोखे में भारतीय युवा, यूक्रेन से लड़ाई में रूसी सेना ने भी छला

प्रलोभन देकर रूसी सेना में भर्ती कराए गए भारतीय युवाओं का मामला उजागर होने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। जांच एजंसियां जगह-जगह छापे मार कर पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि अब तक कितने ऐसे भारतीय युवाओं को धोखे से रूस भेजा और वहां की सेना में भर्ती कर यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में तैनात किया गया है। अभी तक इसका वास्तविक आंकड़ा पता नहीं चल सका है, मगर सीबीआइ की जांच में खुलासा हुआ है कि कई एजंसियों ने बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को छात्र वीजा पर रूस भेजा और वहां उन्हें सेना में सहायक के रूप में तैनात कर दिया गया। यह मामला तब सामने आया, जब वहां से कुछ युवाओं के मारे जाने की खबरें आईं। अब सरकार उन एजंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और धोखे से रूस भेजे गए भारतीय युवाओं को मुक्त कराने का प्रयास कर रही है। हालांकि यह कोई पहली घटना नहीं है, जब युवाओं ने रोजगार की तलाश में दूसरे देश का रुख किया। एजंटों की मदद लेकर गलत तरीके से दूसरे देश में प्रवेश पा गए। अक्सर खाड़ी देशों से भी इसी तरह भारतीय युवाओं के बंधक बनाए जाने की खबरें आती हैं, जो नौकरी दिलाने वाले एजंटों की मदद से वहां जाते हैं। पिछले वर्ष एजंटों की मदद से चोरी-छिपे अमेरिकी सीमा में प्रवेश करने की कोशिश करते कई नौजवान मारे गए थे। करीब दो महीना पहले ही जब इजराइल ने भारत से मजदूरों की मांग की और हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि की सरकारों ने वहां जाने के लिए युवाओं की भर्ती खोली, तो भीड़ उमड़ पड़ी। भारतीय युवाओं में विदेश जाकर नौकरी करने की ललक कुछ अधिक देखी जाती है। यही वजह है कि ब्रिटेन, कनाडा आदि ऐसे देशों में जाने के लिए युवा और उनके परिजन मुंहमांगी रकम देने को तैयार नजर आते हैं, जहां जाना आसान और रोजगार के अवसर अधिक हैं। मगर गलत तरीके से रूस भेजे गए युवाओं के मामले से एक बार फिर रेखांकित हुआ है कि यह केवल विदेश जाकर नौकरी करने और बस जाने की ललक का मामला नहीं है। दुनिया के बहुत सारे देश जानते हैं कि भारत में श्रम सस्ता है, इसलिए भी वे भारतीय नौजवानों को अपने यहां काम का मौका देते हैं। फिर भारतीय युवा जब विदेश में मिलने वाले मेहनताना की तुलना भारत में मिलने वाले मेहनताने, वेतन, भत्तों आदि से करते हैं, तो उन्हें बहुत कम समय में अधिक बचत नजर आती है।

## कीमतों में इजाफे से आम लोगों का बिगड़ा बजट

कुछ समय पहले हरी सब्जियों की कीमतों में आई नरमी की वजह से महंगाई से उपजी परेशानी से जो राहत दिखने लगी थी, अब वह फिर से सिर उठाने लगी है। बाजार में खुदरा वस्तुओं के दाम में तेजी ने कई लोगों की थाली पर असर डालना शुरू कर दिया है। यों खाने-पीने के सामान की कीमतों में आई उछाल ने बीते महीने ही लोगों को आने वाले दिनों के संकेत दे दिए थे। 'क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस' की ताजा रपट के मुताबिक महंगाई की मार का ज्यादा असर शाकाहारी थाली पर पड़ा है। खासकर प्याज और टमाटर के दाम में सालाना आधार पर क्रमशः 29 फीसद और 38 फीसद की बढ़ोतरी हो गई। इसकी वजह से शाकाहारी थाली सात फीसद तक महंगी हो गई। स्वाभाविक ही कीमतों में इस बढ़ोतरी ने लोगों में इनके उपयोग को लेकर हिचक पैदा की है। चूंकि भोजन में प्याज और टमाटर की खासी भूमिका रहती है, इसलिए मांसाहारी थाली पर भी इसका असर पड़ा है। हालांकि इस अवधि के दौरान मांसाहारी भोजन में कुछ कमी दर्ज की गई। दरअसल, आम उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें ऊंची होती हैं तो लोग उनकी खरीदारी को लेकर कई बार प्राथमिकता का निर्धारण करने लगते हैं। कम जरूरी चीजों की खरीदारी बाद के लिए टाल दी जाती है, मगर खाने-पीने सहित कुछ अनिवार्य चीजों की कीमतें कई बार घर के बजट को असंतुलित कर देती हैं। आमतौर पर शाकाहार के अभ्यस्त लोगों के खानपान में प्याज-टमाटर एक जरूरी हिस्सा होता है, जो उनकी थाली की सब्जियों में स्वाद भरता है। मगर इनके साथ-साथ अब अन्य हरी सब्जियों के दाम ने भी शाकाहार के सामने चुनौती पेश की है।

# राहुल की यात्राएं नहीं रोक पा रही कांग्रेस में निराशा

(अजय सेतिया)

*राहुल गांधी की न्याय यात्रा के दौरान ही गुजरात प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया और पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश ढेर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। क्या इन सब पर ईडी और सीबीआई का दबाव था, क्या इनमें से किसी के भी खिलाफ कोई पूछ्ताछ या केस चल रहा था? इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस के सभी नेता ईडी और सीबीआई के डर से भाजपा में शामिल हो रहे हैं।*

राहुल गांधी ने पिछले साल भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने और पार्टी को जोड़े रखने के लिए शुरू की थी। उसे काफी सफलता भी मिली थी, लेकिन अपनी उसी यात्रा के दौरान दो विदेश यात्राएं करके उन्होंने अपनी सफलता को विफलता में बदल लिया। अब अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान भी उन्होंने वही गलती दोहराई है, इसलिए लालू यादव को उन्हें कहना पड़ा कि वह विदेश यात्राएं कम करें। राहुल गांधी की बार बार की विदेश यात्राओं से उनकी राजनीतिक गंभीरता पर सवाल खड़े होते हैं। लोकसभा उम्मीदवारों का चयन करने के लिए हुई कांग्रेस की पहली केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में उनके नदारद रहने पर भी उनकी राजनीतिक गंभीरता का पता चलता है। जब वह अपनी भारत जोड़ो यात्राओं के दौरान विदेश यात्राएं कर सकते हैं, तो कांग्रेस के उम्मीदवारों की चयन बैठक में शामिल होना क्यों टाला गया। पहले कहा गया था कि वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग से जुड़ेंगे, लेकिन वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भी बैठक से नहीं जुड़े। अपनी इन भारत जोड़ो यात्राओं के दौरान उन्होंने तीन विदेश यात्राएं तो की, लेकिन इस दौरान हुए संसद सत्र में वह लगभग पूरी तरह गायब रहे। कहते हैं कि दिल्ली में सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। इसी लिए नरेंद्र मोदी ने 2014 में उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट से चुनाव लड़ा था, इसके साथ ही वह गुजरात की वडोदरा सीट से भी चुनाव लड़े थे। मोदी के उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने का भाजपा को बहुत फायदा हुआ, वह 80 में से 71 लोकसभा सीटें जीत गई। 2019 में राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री पद के स्वघोषित उम्मीदवार थे, तो उन्होंने उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट के साथ साथ केरल की वायनाड सीट से भी चुनाव लड़ा था। भले ही वह अमेठी में हार गए, लेकिन उनके केरल से चुनाव लड़ने का कांग्रेस को बहुत फायदा हुआ, राज्य में कम्युनिस्ट सरकार होने के बावजूद कांग्रेस केरल में लोकसभा की 20 में से 15 सीटें जीत गई। भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाराणसी सीट पर उम्मीदवारी घोषित कर दी, लेकिन कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की उत्तर प्रदेश की क्रमशः अमेठी और रायबरेली सीट से उम्मीदवारी घोषित नहीं की है। जबकि राहुल गांधी की उत्तर प्रदेश में दो बार की भारत जोड़ो यात्रा के बाद तो कांग्रेस को उनकी जीत पर कोई आशंका नहीं होनी चाहिए थी। असल में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्राएं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में कोई उत्साह पैदा नहीं कर पाई हैं। कांग्रेस ने 7 मार्च को केन्द्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक में 50 उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए थे, लेकिन अगले दिन शुक्रवार को सिर्फ 39 नामों का एलान हुआ, क्योंकि 11 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने से आनाकानी कर दी। इतना ही नहीं, केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्यों छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को जबरदस्ती टिकट थमाया गया है। चुनाव समिति के सदस्य सचिन पायलट से भी कहा गया कि वह लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहें, लेकिन वह तैयार नहीं हैं। केसी वेणुगोपाल लोकसभा का पिछ्ला चुनाव नहीं लड़े थे, उनकी अलाप्पुझा सीट पर जिसे उम्मीदवार बनाया गया था, वह चुनाव हार गए। इसलिए कांग्रेस ने उन्हें ही अलाप्पुझा से चुनाव लड़ने को मजबूर किया, जहां से वह 2009 और 2014 में चुनाव जीते थे। केसी वेणुगोपाल को 2022 में राजस्थान से राज्यसभा सांसद बनाया गया था, उनके अभी चार साल बाकी पड़े हैं। अगर वह केरल से लोकसभा चुनाव जीत जाते हैं, तो उन्हें राज्यसभा से इस्तीफा देना पड़ेगा। उनकी खाली होने वाली सीट पर कांग्रेस जीत नहीं सकती, क्योंकि अब राजस्थान में भाजपा बहुमत में है। वेणुगोपाल ने यह कह कर कांग्रेस की पोल खोल दी कि हम लोकसभा में ज्यादा से ज्यादा सांसद पहुंचाना चाहते हैं। यह कह कर जो बात उन्होंने छुपाई, वह यह है कि कांग्रेस लोकसभा में विपक्ष का आधिकारिक दर्जा हासिल करने के लिए जद्दोजहद कर रही है। इन सब घटनाओं से स्पष्ट है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के उत्तर प्रदेश में फेल हो जाने के बाद कांग्रेस ज़िंदा रहने की कोशिश कर रही है। लेकिन कांग्रेस के बड़े बड़े नेताओं को अपना राजनीतिक भविष्य अंधकारमय दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बावजूद कांग्रेस से पलायन रूक नहीं रहा। लोक दिखावे के लिए भले ही भारत जोड़ो यात्रा का मकसद मोदी सरकार की ओर से कथित तौर पर समाज में पैदा की गई खाई को भरना बताया जा रहा हो, लेकिन यह हर कोई जानता है कि इसका असली मकसद कांग्रेस से पलायन रोकना और राहुल गांधी को रिलांच करना था। कांग्रेस इन दोनों ही मकसदों में नाकाम रही है। उनकी यात्राओं के दौरान ही कांग्रेस से पलायन जारी है। शायद ऐसा कोई राज्य नहीं बचा है, जहां से कांग्रेस के बड़े बड़े नेता पार्टी छोड़कर भाजपा या अन्य दलों में न जा रहे हों। कांग्रेस अपने नेताओं के पार्टी छोड़कर भाजपा में जाने का कारण उनका ईडी और सीबीआई से डर बताकर भाजपा पर सत्ता का दुरूपयोग बताती रहती है, लेकिन ऐसा कह कर वह यह भी बता रही होती है कि सत्ता में रहते हुए उनके नेताओं ने जम कर भ्रष्टाचार किया था, जो अब बचने का रास्ता ढूंढ रहे हैं। मान लिया कि अशोक चव्हाण पर भ्रष्टाचार का मामला था, लेकिन मिलिंद देवड़ा पर कौन सा केस था। केरल के दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों ए.के. एंटनी के बेटे अनिल एंटनी या करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल पर कौन से आरोप थे। ऐसे अनेक उदाहरण है जहां बेदाग़ कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। जैसे नरसिम्हा राव सरकार में संसदीय कार्यमंत्री रहे सुरेश पचौरी का राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मध्यप्रदेश से गुजर जाने के बाद भाजपा में शामिल होना। सुरेश पचौरी के साथ इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला और विशाल पटेल भी कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले छिंदवाडा के एक हजार से ज्यादा कांग्रेस के छोटे बड़े नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। इसी तरह राहुल गांधी की यात्रा राजस्थान से गुजरने के बाद गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे लालचंद कटारिया, पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, आलोक बेनीवाल, खिलाड़ी लाल बैरवा सब भाजपा में शामिल हो गए।

## 2024 की फिल्मों में नारी पड़ रही है भारी

(विष्णु शर्मा)

2024 की शुरूआत ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री ने एक ऐसी फिल्म से की जिसमें अमीषा पटेल एक लव गुरू के रोल में हैं। 5 जनवरी को रिलीज हुई इस मूवी का नाम था 'तौबा तौबा' जिसे डायरेक्ट किया था उनकी मूवी 'गदर' के असिस्टेंट डायरेक्टर रहे आकाशादित्य लामा ने। दिलचस्प बात थी कि अगले ही हफ्ते यानी 12 जनवरी को जो इकलौती बड़ी फिल्म रिलीज हुई, उसे कैटरीना कैफ ने अपने कंधों पर संभाला हुआ था। यानी इस मूवी की लीड एक्टर कहें या विलेन वो खुद थीं, मूवी का नाम था 'मैरी क्रिसमस'। अगले हफ्ते यानी 19 जनवरी को जिस व्यक्ति की बायोपिक आई, उन्होंने ताउम्र विवाह नहीं किया, मूवी का नाम था 'मैं अटल हूं'। लेकिन इस मूवी के भी फर्स्ट हाफ में भी अटल की जिंदगी की एक महिला दोस्त का ही दिलचस्प किरदार था। जनवरी के आखिरी हफ्ते में 25 जनवरी को 'फाइटर' आई जिसमें हृतिक रोशन से ज्यादा चर्चा दीपिका के हॉट सीन की रही। जनवरी की ही तरह फरवरी की शुरूआत भी 5 फरवरी को एक ऐसी मूवी से हुई, जिसकी कहानी ही एक महिला रोबोट के इर्दगिर्द घूमती है। ये रोल कृति सेनन ने निभाया और उनके आशिक बने शाहिद कपूर। मूवी का नाम था, 'तेरी बातों में ऐसे उलझा जिया'। दिलचस्प बात ये भी है कि इस मूवी का निर्देशन और लेखन अमित जोशी ने आराधना साह के साथ मिलकर किया है। उससे भी दिलचस्प ये है कि फरवरी के दूसरे हफ्ते में भी एक महिला प्रधान मूवी ही रिलीज हुई। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस मूवी का नाम है, 'भक्षक'। इसमें लीड रोल भूमि पेडनकर का है, कहानी ज्योत्सना नाथ ने लिखी है और निर्माता हैं गौरी खान। ये भी संयोग है कि फिल्म बिहार के सुधार गृहों में बच्चियों के बलात्कार की सच्ची कहानी पर बनी है। फरवरी के तीसरे हफ्ते में यानी 19 फरवरी को एक और महिला प्रधान मूवी रिलीज हुई, नाम था 'दशमी'। ये भी बच्चियों पर होने वाले अत्याचारों पर ही थी। दशमी नाम की एक बच्ची के किरदार को लीड में रखकर मूवी बनाई गई थी। इस मूवी की निर्माता भी दो महिलाएं ही थीं संजना और सारिका। महिला प्रधान फिल्मों के 2024 के इस सिलसिले में पहली पुरुष प्रधान मूवी भी 19 को ही आई 'क्रैक' (फाइटर के बाद), विद्युत जामवाल इसमें हीरो थे। अगले हफ्ते यानी 23 फरवरी को रिलीज हुई 'आर्टिकल 370', जिसे हटाने का श्रेय जनता भले ही मोदी अमित शाह की जोड़ी को देती हो, लेकिन मूवी को सुपरहिट करवाने का श्रेय गया यामी गौतम और प्रियमणि की जोड़ी को। पूरी फिल्म में यही दोनों छाई रहीं जबकि कहानी लिखने में भी एक महिला यानी मोनल ठक्कर का रोल रहा। उसके अगले हफ्ते आमिर खान की पूर्व पत्नी किरण राव के निर्देशन में एक मूवी आई, 'लापता लेडीज'। इससे पहले वो 'धोबी घाट' फिल्म बना चुकी हैं। दोनों का ही बॉक्स ऑफिस पर एक जैसा ही हाल रहा। इस पहली तिमाही में यानी मार्च खत्म होने तक तमाम ऐसी मूवी आ रही हैं, जिनकी कहानी या तो किसी महिला के इर्द गिर्द बुनी गई है या फिर किसी महिला निर्देशक ने निर्देशित किया है। इनमें सबसे पहले आपका पाला पड़ेगा आज यानी महिला दिवस पर 'तेरा क्या होगा लवली' से। इस मूवी के नाम में ही लवली है, जो फेयर एंड लवली से शायद लिया गया है। इस मूवी में भारतीयों में गोरेपन के क्रेज पर निशाना साधा गया है। एक सांवली लड़की लवली की भूमिका में हैं इलियाना दी क्रूज, फिल्म इन्हीं को केन्द्र में रखकर है। साथ में हीरो हैं रणदीप हुड्डा। आज ही रिलीज हो रही है महिला लेखिका सीमा सैनी की लिखी मूवी 'गौरैया लाइव'। 11 मार्च को रिलीज होगी, अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित 'फुले'। भारत की पहली महिला शिक्षक मानी जाने वालीं सावित्री बाई फुले और उनके पति ज्योतिबा फुले की जिंदगी के संघर्षों को दिखाने वाली इस मूवी में पत्रलेखा पॉल और प्रतीक गांधी जैसे मंझे हुए कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5310

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 7 | 4 | | | |
| | 1 | | | | | 4 | | |
| 6 | 7 | | 9 | | 5 | | | |
| | 8 | | 2 | | 6 | | | |
| | 6 | | 8 | 4 | 7 | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | 8 | |
| | | | 7 | | 8 | | 9 | 2 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | | 4 | 1 | | | 5 | 8 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5309

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 |

## वर्ग पहेली 5310

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | 8 | | | |
| | | 9 | | | | | |
| 10 | 11 | | | 12 | | | 13 |
| 14 | | | 15 | | | 16 | |
| 17 | | | 18 | | 19 | | |
| | 20 | 21 | | | 22 | | |
| | | | | 23 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. प्रसिद्ध शहनाई वादक बिस्मिला खां का असली नाम यह था (3)
5. परिषद, गोष्ठी, महफिल (2)
7. चमक, आभा, दीप्ति (3)
8. हर दिल अजीज, मंजूर, स्वीकृत, रूचिकर (3)
9. नामधारण करने वाला, नाम वाला, नाम का (3)
10. अवस्था, उम्र (2)
12. मक्का शरीफ की तीर्थ यात्रा यह कहलाती है (2)
14. भारत की पहली बोलती फिल्म (1931)(5)
16. जो रिश्तें में पत्नी के भाई हो (2)
17. असम के पहाड़ी क्षेत्र की एक जंगली जाति, अनुपस्थित, गेर हाजिर (2)
18. चैत्र शुक्ल नवमी, भगवान श्रीरामचंद्र का जन्मदिन (5)
20. करूणा, दया, तरस (3)
22. ये महिर्ष विश्वामित्र के पिता और कुशिक राजा के पुत्र थे (2)
23. घेरा, अहाता (5)

**ऊपर से नीचे**

1. परिवर्तन होना, बदलना, एक सा न रहना (6)
2. एक बार सांस लेने का समय, बल, कश (2)
3. ठहरना, स्थगित होना (3)
4. उपकार मानने वाला, कृतघ्न, ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में राजेश खन्ना, के साथ अमिताभ बच्चन के साथ एक फिल्म (6)
5. प्रमाण, प्रतिपत्ती (3)
6. माथा, ललाट, मस्तक, भाला, गांसी (2)
11. आक्रमण, चढ़ाई, धावा (4)
13. किसी वीआईपी के आने पर तापों का फैर (3)
15. चैन, सुख, राहत (3)
16. अवधियुक्त, निश्चित कार्यकाल वाला (3)
19. डंका, धौंसा (3)
21. जबड़ा, ठुड्डी, जीवन को क्षति पहुंचाने वाली वस्तु (2)

### वर्ग पहेली 5309 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बां | ग्ला | दे | श | ■ | प | ना | ह |
| सु | ■ | ख | त | र | ना | क | ■ |
| री | झ | ना | ■ | वा | ■ | की | ना |
| ■ | प | ■ | झा | ■ | अ | सी | म |
| अ | ट | क | ल | ■ | ■ | ध | ■ |
| म | ना | क | र | ना | ■ | में | ह |
| ला | ■ | ह | ■ | च | क्षु | ■ | वा |
| ■ | त | रा | श | ना | ■ | घा | ना |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक लाभ होगा और आपकी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपको राज्य से सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी और आपके घर और व दफ्तर का माहौल काफी खुशनुमा रहेगा। व्यापार के भागीदारों तथा पत्नी पक्ष से भी पूर्ण सहयोग मिलेगा। आप लोन चुकाने में सफल होंगे। किसी से पैसों के लेनदेन में सावधानी रखें।

### वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। कोई इच्छा पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न होगा। आपके सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आवश्यक सामान की खरीदारी में शाम तक का समय व्यतीत होगा। परिवार के लोगों से किसी प्रकार की बहस न करें। उनकी राय भी सुनें तो आपको लाभ होगा।

### कर्क
आज का दिन आर्थिक मामलों में काफी शानदार होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ आपको मिलेगा। आपको कार्यक्षेत्र या फिर दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी और आपकी रुचि बढ़ेगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### सिंह
आज दिन खुशियों से भरा रहेगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। मामला कार्यक्षेत्र का हो या घर का आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे। आपके कारोबार में आपको परिवार के लोगों से भरपूर मदद मिलेगी।

### मिथुन
आज का दिन खुशी में बीतेगा। आपको अकस्मात धन लाभ होने से आपके कोष में वृद्धि होगी। आपको लाभ मिल सकता है। नए कार्य में वैधानिक और तकनीकि पहलुओं पर गंभीरतरपूर्वक विचार करें। घर के पुराने लटके हुए कार्यों को बना लेने का मौका भी मिलेगा।

### कन्या
आज धन में वृद्धि होगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। चंद्रमा की शुभ दृष्टि से आपको लाभ होगा। खोया हुआ धन और रुका पैसा आपको मिल सकता है। आज के दिन किसी कठिन समस्या का समाधान भी हो जाएगा। आज आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी।

### तुला
आज लाभ होगा और ग्रहों की शुभ दशा से आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी और बहुत दिनों से रुका धन मिलेगा। नए संबंधों में स्थायित्व आएगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिलेगी और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। प्रयत्नशील रहें। शाम का समय परिवार के लोगों के साथ हर्ष में बीतेगा।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आज का दिन आपके लिए भाग्य और विकास से भरा होगा। आज आपको मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार आपके घर पर अचानक से आ सकता है। कोई आपसे उधार मांगे तो भूलकर भी न दें।

### मकर
आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आज आप अपना पुराना लोन चुका पाएंगे। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीद करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। सांयकाल का समय घर वालों के साथ बीतेगा और आपको लाभ होगा।

### कुंभ
आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और आज के दिन सक्रिय राजनीति में भाग लेने के योग बन रहे हैं। प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वन्दी आपके पीछे रह जाएंगे। दिन का उत्तरार्ध भी शुभ व्यय कीर्ति की वृदि कारक है। पुण्य कार्यों पर भी व्यय हो सकता है। आपको आज हर मामले में लाभ होगा।

### धनु
आज लाभ का दिन है और आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। परिवार के लोगों से आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। दूसरों की बात सुनें और समझें। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे। किस्मत आपका साथ देगी। परिवार में कुछ बड़ा खर्च आज हो सकता है।

### मीन
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपकी कारोबार से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी। अपने आस पास खुशनुमा माहौल बनाने का प्रयास करें। कार्यालय में भी अकस्मात कोई नया परिवर्तन आपको आश्चर्य में डाल सकता है। महिला सहकर्मी व अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी। भाग्य साथ देगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### चिरागोड़ा में बंद घर का ताला तोड़ वकील के घर लाखों की चोरी

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद थाना क्षेत्र में फिर एक बार चोरों ने एक अधिवक्ता के घर को निशाना बनाया। सोमवार की रात हीरापुर चिरागोड़ा जागृति मंदिर के पास रहने वाले अधिवक्ता राजेश कुशवाहा के घर से चोरों ने गहने व टीवी के साथ स्कूटी चोरी कर ली। मामले की शिकायत मंगलवार को सदर थाने में की गई है। बताया जा रहा है कि अधिवक्ता अपने पैतृक गांव गए हुए हैं। उनके घर पर ताला लगा हुआ था। मंगलवार की सुबह पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। आस-पड़ोस के लोग जब अधिवक्ता के घर पहुंचे तो जानकारी मिली कि अलमारी तोड़कर उनके घर से गहने, नगद और उनके कमरे से टीवी के अलावा चोरों उनकी स्कूटी भी ले गए। एक दिन पहले ही चोरों ने पास में ही दामोदरपुर झारखंड नगर उषा नगर में रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट शशि भूषण दुबे के घर से दिनदहाड़े करीब 10 लाख रुपए की संपत्ति चोरी कर ली थी। यही नहीं एक दिन पहले बिनोद नगर त्रिमूर्ति मंदिर के पास रहने वाले अक्षय कुमार के घर से भी चोरों ने लाखों के गहने उड़ा लिए थे। लगातार हो रही चोरी के बावजूद न तो पुलिस की गस्ती बढ़ रही है और न ही पुलिस ही सक्रियता बढ़ा रही है।

### बोकारो में हुए रोड एक्सीडेंट में एक की मौत, दो बाइक में हुई सीधी टक्कर, तीन घायल,

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिला के चंद्रपुरा – नावाडीह मुख्य सड़क में बीएड कॉलेज के समीप दो मोटर साइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि तीन अन्य युवक घायल हो गए। घटना के संबंध में में लोगों ने बताया कि रात को लगभग 8 बजे के लगभग एक हीरो होंडा साइन संख्या जेएच 09 एएम 4249 एवं पल्सर गाड़ी संख्या जेएच 09 एएल 5055 में सीधी टक्कर हो गई। जिसमें नावाडीह थाना क्षेत्र के नीबूडीह निवासी 35 वर्षीय विकास विश्वकर्मा की मौत घटना स्थल पर ही हो गई जबकि चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के पपलो पंचायत के कमलडीह गांव के बिट्टू कुमार 18 वर्ष, महेंद्र महतो 25 वर्ष सहित एक अन्य युवक पूरी तरह से घायल हो गया। दो युवकों को इलाज के लिए चंद्रपुरा डीवीसी होस्पिटल एवं एक युवक को 107 एम्बुलेंस गाड़ी से नावाडीह स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।जहां से बेहतर इलाज के लिए बोकारो भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही नावाडीह थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई।

### राजा तालाब के सौंदर्यीकरण पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**धनबाद, एजेंसी।** बिग बाजार के पीछे राजा तालाब के सौंदर्यीकरण की योजना पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। वासेपुर के असद हुसैन ने तालाब की जमीन को अपनी बताकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने नगर निगम को काम रोकने का आदेश देते हुए तालाब में किसी तरह की छेड़छाड़ पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। जून-2023 में नगर निगम ने दो करोड़ 61 लाख रुपए की लागत से राजा तालाब के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया था। दिसंबर महीने से काम शुरू किया गया है। संवेदक ने तालाब का पानी निकालकर अंदर से मिट्टी की कटाई भी शुरू कर दी थी। अब हाईकोर्ट की रोक के बाद अब नगर निगम की महत्वाकांक्षी योजना लटकती हुई दिखाई दे रही है। कोर्ट का आदेश आते ही नगर निगम ने संवेदक को काम रोकने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि चार अप्रैल तय की है। 6.67 एकड़ में फैला है राजा तालाब- 6.67 एकड़ में फैले राजा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए निगम ने दो करोड़ 61 लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया है। इसे शहर का वीआईपी तालाब माना जाता है। राजा तालाब में सिंह मेंसन परिवार के लोग छठ करते हैं। पूर्व मेयर इंदु देवी भी तालाब में अर्घ्य देती है। पूर्व विधायक संजीव सिंह के परिवार के लोग भी यहां अर्घ्य देते हैं। इसके बावजूद छठ घाट की स्थिति बीते 13 वर्षों में नहीं सुधर पाई। कोर्ट के आदेश के बाद अब अगले एक महीने तक के लिए काम बंद हो गया है। अगली सुनवाई के बाद ही तालाब का भविष्य तय होगा।

# कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने जमीन पर किया अवैध कब्जा

## ईडी रेड में मिले 100 से ज्यादा कागजात

**रांची, एजेंसी।** जमीन कब्जा, रंगदारी व अवैध बालू कारोबार से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी ने दूसरे दिन बुधवार को भी बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, उनके पिता व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के हजारीबाग में हुरहुरू स्थित आवास पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अंबा प्रसाद के यहां से 100 से अधिक जमीन की डीड मिली।

**करीबी के यहां बैंकों के फर्जी मुहर बरामद :** ईडी ने अंबा प्रसाद के सहयोगी के यहां से एक दर्जन से अधिक बैंकों के फर्जी मुहर बरामद किए। ईडी को आशंका है कि फर्जी कागजात बनाने के लिए विभिन्न बैंकों के फर्जी स्टांप का उपयोग किया जाता होगा। मंगलवार को भी सुबह सात से रात 12 बजे तक अंबा व योगेंद्र समेत सहयोगियों के यहां छापेमारी हुई थी। ईडी को छापेमारी के दौरान कुल 35 लाख रुपये से अधिक मिले हैं। वहीं, हजारीबाग के पूर्व सीओ व वर्तमान में धनबाद के गोविंदपुर में पोस्टेड सीओ शशिभूषण सिंह के यहां से 15 लाख रुपये मिले हैं। शशिभूषण की भी 100 से अधिक संपत्तियों की जानकारी ईडी को मिली है। हजारीबाग में खासमहल की जमीन कब्जाने में तत्कालीन सीओ शशिभूषण सिंह के साथ अंबा प्रसाद व योगेंद्र साव की मिलीभगत की जांच भी ईडी कर रही है।



शशिभूषण ने इस मामले में पहले थाने में नामजद आवेदन दिया था, इसके बाद आवेदन को परिवर्तित कर दिया था। जमीन कब्जा व अवैध बालू कारोबार में प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत के पहलुओं पर भी जांच की जा रही है।

**भाजपा ने चुनाव का ऑफर ठुकराने पर ईडी भेजा :**कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने ईडी की छापेमारी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उन्हें हजारीबाग और चतरा से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था। लगातार प्रेशर दिया जा रहा था। नहीं मानने पर ईडी को भेज दिया। अब पूरे परिवार को परेशान किया जा रहा है। अंबा ने कहा कि इसकी सूचना उन्होंने कांग्रेस प्रभारी को दे दी थी। घर पर आरएसएस के लोग बैठे रहते थे। हजारीबाग में उनका परिवार मजबूत है। बड़कागांव से लगातार परिवार के सदस्य जीतते आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव में भी उन्हें मजबूत दावेदार माना जा रहा है।

36 घंटे बाद भी ईडी के सामने नहीं पहुंची अंबा

कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के हुरुहुरु स्थित आवास पर बुधवार को दूसरे दिन की छापेमारी जारी रही। वहां से ईडी को मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। आय से अधिक स्त्रोतों की जानकारी मिली है। जमीन पर अवैध तरीके से कब्जे के दस्तावेज मिले हैं।

कई राजनेताओं और पदाधिकारियों से मोबाइल और व्हाट्सएप चैट पर बातचीत और पैसे के लेनदेन प्रमाण मिले हैं। वहीं 20 से अधिक मोबाइल और सात लैपटॉप और अन्य डिजिटल उपकरण को जब्त कर ले गई है। कई रजिस्टर्ड रेड सहित जमीन के अंदर दस्तावेज की फोटोकॉपी अपने साथ ले गई है। दोनों के इंतजार में 36 घंटे से अधिक समय तक ईडी की टीम बैठी रही। लेकिन योगेंद्र साव दिल्ली और विधायक अंबा प्रसाद राजधानी में रहने के कारण ईडी के समक्ष नहीं पहुचे।

## झारखंड में बदलने वाला है मौसम, गर्मी से मिलेगी राहत

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के विभिन्न जिलों में बुधवार को मौसम साफ रहा। धूप कड़ी होने के कारण राजधानी समेत राज्य के विभिन्न जिलों के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक की वृद्धि हुई। वहीं, राजधानी के आसपास कहीं-कहीं बारिश हुई। रांची के कटहल मोड़ और आसपास के इलाके में आधे घंटे तक अच्छी बारिश हुई। जबकि, हिनू, बिरसा चौक, डोरंडा, हरमू और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश हुई।



रातू रोड और मेन रोड के कुछ हिस्सों में भी छिटपुट बारिश हुई। चार बजे के बाद हुई इस बारिश ने शहर को गर्मी से मामूली राहत मिली। बावजूद, राजधानी का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री पर पहुंच गया है। राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान आंशिक बादल छाने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के कारण देश के उत्तरी हिस्से समेत कई भागों में बारिश हुई है। इसका सीधा प्रभाव झारखंड पर पड़ेगा।

राज्य में 19 तक बादल छाएं रहेंगे। जबकि, 16 से 17 तक बारिश होगी। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई है। राजधानी और जमशेदपुर समेत राज्य के कई हिस्सों में यह सामान्य तापमान से अधिक चल रहा है। अगले पांच दिन मौसम में होने वाले बदलाव के कारण अधिकतम तापमान नीचे आएगा। इससे रांची समेत राज्य के विभिन्न भागों में बढ़ रहे तापमान और गर्मी से लोगों को राहत मिलेगी।

रांची मौसम विभाग के अभिषेक आनंद ने कहा, राजधानी समेत कुछ जगहों पर बुधवार शाम में बारिश हुई। पूर्वा हवा आने के कारण यह बदलाव हुआ। राज्य में गुरुवार को आंशिक बादल छाएंगे। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 16 मार्च से राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने का अनुमान है।

## झारखंड में धूप-छांव के बीच सता रही गर्मी, इस दिन से बदलेगी मौसम की रंगत

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में अब गर्मी का असर दिखने लगा है। 13 मार्च को दोपहर रांची में हुई बूंदाबांदी के बाद तेज धूप से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन कुछ ही देर में दोबारा खिली धूप ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया।



मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान के अनुसार, 14 मार्च को राज्य में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं 15 मार्च को आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा।

16 और 17 मार्च को राज्य के मध्य व निकटवर्ती हिस्से यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी के अलावे दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में कहीं कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

साथ ही 18 और 19 मार्च को भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में यही स्थिति बनी रहेगी। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों तक तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट हो सकती है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूरे राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा का और सबसे कम न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस गढ़वा का रिकार्ड किया गया। वहीं राजधानी की बात करें तो अधिकतम 30.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## अब हफ्ते में तीन से चार दिन ही मिलेगा पानी ! गर्मी बढ़ने के साथ गहराया जलसंकट, पेयजल विभाग के पास नहीं कोई प्लान

**रांची, एजेंसी।** शहर में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे भू-गर्भ का जलस्तर भी नीचे जा रहा है। जलसंकट से निपटने के लिए फिलहाल विभाग के पास भी कोई योजना नहीं है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि गेतलसूद डैम में मात्र अब तीन महीने का ही पानी बचा है। इसलिए जल्द ही राशनिंग शुरू कर दी जाएगी। यानी शहरवासियों को सप्ताह में तीन से चार दिन ही पानी मिलेगा।

गेलतसूद डैम से रोजाना शहर में 120 एमएलडी पानी की सप्लाई होती है। रोजाना डैम का आधा इंच पानी नीचे चला जाता है। हालांकि, पिछले पांच सालों की तुलना में इस साल गेतलसूद डैम का जलस्तर बेहतर है।

पांच साल पहले राजधानी में जितनी आबादी थी, अब वह दोगुनी हो गई है। शहर भी तेजी से फैल रहा है। दो वर्षों में ही जुडकों ने शहर में लगभग 40 हजार नए वाटर कनेक्शन जोड़े हैं। इसमें आधा घरों को पानी पहुंच रहा है और आधा पानी की आस लगाए बैठा है।

हटिया डैम में भी जल संकट गहराने लगा है। डैम में मात्र पांच महीने तक का ही पानी बचा हुआ है। डैम की अधिकतम क्षमता 38 फीट है, जिसमें



24 फीट पानी मौजूद है, 14 फीट तक पानी सप्लाई योग्य है। वहीं पिछले तीन वर्षों की तुलना में इस वर्ष हटिया डैम का जलस्तर आठ फीट कम है।पिछले साल 13 मार्च को हटिया डैम में पानी का लेबल 32 फीट पर था, जबकि 2022 में 13 मार्च को हटिया डैम का जलस्तर 34 फीट पर। अधिकारियों ने बताया कि हटिया डैम से शहर में सीमित आबादी को ही पानी सप्लाई की जाती है, जिसके कारण डैम में पांच महीने तक का पानी मौजूद है। इस डैम से रोजाना 44 एमएलडी पानी की सप्लाई होती है।

कांके डैम में इस साल अब तक मात्र 10 फीट ही पानी बचा है जो मात्र तीन माह तक ही सप्लाई हो सकता है। डैम की अधिकतम क्षमता 32 फीट है। 13 मार्च को डैम का जलस्तर 21 फीट पर पहुंच गया है। जबकि 12 फीट तक ही पानी सप्लाई के लिए लिया जा सकता है। इसके नीचे गाद भरा पड़ा है।पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल मार्च की तुलना में इस साल के मार्च माह में अधिक गर्मी है। डैम का जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। यह खतरे के निशान तक जल्द ही पहुंच जाएगा।

# मौत के पेपर के साथ इलाज के लिए रेफर, सदर अस्पताल रांची ने तोड़ा लापरवाही का सारा रिकॉर्ड

**रांची, एजेंसी।** सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने तो लापरवाही की हद कर दी। एक तरफ नवजात की मौत का पेपर थमाया और दूसरी ओर उसे रेफर भी कर दिया गया। जब नवजात को लेकर माता-पिता रिम्स अस्पताल पहुंचे तो वहां के चिकित्सकों ने बताया कि इसकी मौत तो बीती रात में ही हो गई है।

आहत मां-बाप ने इसकी शिकायत सिविल सर्जन से की। इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो बुधवार को दोबारा दंपती सिविल सर्जन के यहां पहुंचे और फिर लिखित शिकायत की। इस पर सिविल सर्जन से कहा कि जांच कमेटी गठित कर दी गई है, जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इटकी निवासी आनंद लकड़ा दिहाड़ी मजदूर हैं। वह 13 फरवरी को अपनी पत्नी निराली को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसने रात आठ बजे बच्चे को जन्म दिया। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे की तबीयत ठीक नहीं है। इसके बाद उसे एसएनसीयू में भर्ती कर दिया गया।



अगले दिन सुबह छह बजे अस्पताल ने बच्चे को कपड़े में लपेटकर आनंद लकड़ा को थमा दिया और रेफर का कागज भी। जब आनंद अपने नवजात बेटे को लेकर रिम्स पहुंचे तो वहां के चिकित्सकों ने बताया कि उसकी मौत रात में ही हो गई है। एसएनसीयू में ही उसकी जान चली गई थी।

अजब की बात तो यह है कि नवजात के डिस्चार्ज पेपर पर उसकी मौत का जिक्र भी किया गया था। इस पूरे प्रकरण से आहत दंपती घर चले गए और इसकी शिकायत 23 फरवरी को सिविल सर्जन से की। इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद दोनों बुधवार को फिर अस्पताल पहुंचे और लिखित शिकायत की।

सिविल सर्जन डा. प्रभात कुमार ने बताया कि डाक्टरों की लापरवाही को लेकर शिकायत मिली है। इसकी जांच कराई जाएगी, जो भी इसमें दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जांच कमेटी का गठन किया जाएगा। बताया कि प्रारंभिक जांच में देखा गया है कि डिस्चार्ज पेपर पर बच्चे की मौत का जिक्र है। इसके बाद भी रेफर पेपर क्यों बनाया गया यह जांच का विषय है। जांच के बाद सारी चीजें सामने आ जाएंगी।

दंपती का कहना है कि जब बच्चे की मौत रात में ही हो गई थी तो इसकी जानकारी उन्हें क्यों नहीं दी गई। मौत के बाद रेफर करना लापरवाही का हद है। इससे वे लोग मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान हुए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चा का शरीर जला हुआ था। इसकी जानकारी भी हमें नहीं दी गई। आखिर वह कैसे जला पूरा प्रकरण संदेह से घिरा हुआ है। इसकी गंभीरता से उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

## सीएए की आड़ में किसी को नीचा दिखाना बुरा -कुलविंदर

**जमशेदपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय सिख सभा के संयोजक और अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने सीएए लागू कर सराहनीय कार्य किया है। किंतु इसकी आड़ में किसी धर्मावलंबी को नीचा दिखाना बुरा है। 1947 के विभाजन की भयावह त्रासदी में 10 लाख से ज्यादा हिंदू और सिख मारे गए थे। 1947 के बाद से बांग्लादेश और पाकिस्तान से हिंदू एवं सिखों का भारत में आने का सिलसिला जारी है। बांग्लादेशी हिंदुओं के भारत में आने के कारण ही असम में छात्र आंदोलन हुआ और आज भी इसका प्रभाव है और वहां के मुख्यमंत्री खुलेआम किसी को नहीं आने देने की धमकी देने को विवश हैं।जिस प्रकार भारत में रहने वाले सभी लोग चाहे बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक, मातृभूमि के प्रति निष्ठा रखने का पाठ पढ़ते हैं और संकल्प दृढ़ करते हैं वहीं बात पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान में रहने वाले हिंदुओं सिखों, बौद्धों पर भी लागू होती है। आज भारत विश्व में एक मजबूत देश के तौर पर उभर कर सामने आया है और हम ऐसी व्यवस्था करें कि हमारे पड़ोसी देश में किसी भी हिंदू, सिख, बौद्ध, परिवार का उत्पीड़न नहीं हो। यदि ऐसा हो तो अंतरराष्ट्रीय मंच पर आवाज बुलंद कर बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान को घुटने टेकने पर भारत सरकार मजबूर कर दे।

## डैम में डूबा युवक : मछली मारने के दौरान हुआ हादसा, तलाश जारी खोजबीन में जुटी पुलिस और ग्रामीण

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह में मछली मारने उतरा एक युवक डैम में डूब गया है। घटना बुधवार की शाम की है। गुरुवार की सुबह से तिसरी पुलिस और स्थानीय ग्रामीण लापता युवक की तलाश में लगे हैं

यह घटना तिसरी थाना क्षेत्र के कोदईबांक स्थित डैम की है। यहां एक बुधवार की शाम मछली मारने के क्रम में एक व्यक्ति डूब गया, जिसके बाद से वह न तो अब तक बाहर आया और नाही उसका शव बाहर निकला है, जिससे लोग उसकी मौत हो जाने का अंदेशा लगा रहे हैं। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार की सुबह तिसरी थाना पुलिस सहित कई ग्रामीण शव की खोजबीन में जुट गए हैं।

जानकारी के अनुसार कोदाईबांक निवासी 35 वर्षीय दुमका टुडू पिता बबुआ टुडू बुधवार की शाम मछली मारने के लिए कोदईबांक डैम आया था, जहां तैरने के क्रम में वह अचानक बीच पानी में डूब गया। मृतक को डूबते देख उपस्थित आस पास के बच्चे उसे बांस के सहारे बचाने का काफी प्रयास किए लेकिन बचा नहीं पाए। जिसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों को दी गई लेकिन देर शाम हो जाने के कारण किसी ने शव का खोजबीन नहीं किया। इसके बाद इसकी सूचना गुरुवार की सुबह तिसरी थाना को दी गई जिसके बाद तिसरी थाना पुलिस एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से डैम में मृतक के शव का खोजबीन किया जा रहा है। वहीं व्यक्ति की मौत हो जाने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जमशेदपुर में चार लोगों का हत्यारा पकड़ा गया, पुलिस ने दो हजार रुपए से जाल में फंसाया

**जमशेदपुर, एजेंसी।** अपराध की दुनिया में एक पुरानी कहावत है कि अपराधी वारदात के समय कोई न कोई सुराग छोड़ जाता है। दूसरी कहावत यह भी है कि कानून के हाथ लंबे होते हैं और अगर पुलिस की जांच सही दिशा में हो और तरकीब अपनाई जाए तो अपराधी बच नहीं पाता है। जमशेदपुर के इस सामूहिक हत्याकांड में नई तरकीब से पकड़े गए अपराधी पर दोनों कहावतें सटीक बैठती हैं।

जमशेदपुर के कदमा इलाके में 12 अप्रैल 2021 की शाम टाटा स्टील के कर्मचारी दीपक ने अपनी पत्नी, दो बच्चियों और ट्यूशन टीचर की हत्या कर दी और फरार हो गया। करीबी लोगों को तो पता था कि उसी ने चारों की हत्या की है, पर पकड़ में नहीं आ रहा था। बाद में हत्यारा महज दो हजार के लालच में पकड़ा गया।

उस दिन दीपक ने अपने दोस्त और उसकी पत्नी को खाने पर बुलाया। दोस्त



अपने परिवार के साथ उसके घर पहुंचा। इसी बीच उसके दोस्त की पत्नी अपनी बेटी को लेकर टॉयलेट गई। जैसे ही वह टॉयलेट पहुंची तो उसे अपने पति के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। जब वह दौड़ती हुई वहां पहुंची तो उसका पति खून से लथपथ सोफे पर पड़ा था। जबकि उसका दोस्त उसपर हथौड़ी से वार कर रहा था। जैसे-तैसे वह अपने बच्चे और पति को लेकर घर से बाहर आई। बाद में ऑटो से अपने पति को लेकर टाटा मेन हॉस्पिटल पहुंची। उसके बाद दोस्त की पत्नी ने दीपक के साले को मारपीट की घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी जब दीपक के साले को मिली तो वह भी घर पहुंचा। उसे घर में देख दीपक ने अपने साले पर भी हथौड़ी से हमला किया।

साला वहां से किसी तरह से बचकर निकला और कदमा थाने में जाकर सूचना दी। कदमा पुलिस उसके घर पहुंची तो देखा कि ताला लगा है। तब तक दीपक के बच्चे को ट्यूशन पढ़ाने वाली रिंकी घोष के परिजन भी वहां उसे खोजते पहुंच गए। लेकिन रिंकी घोष वहां नहीं मिली। हालांकि रिंकी की स्कूटी घर के अंदर मिली। उसके बाद पुलिस घर में घुसी तो कमरे के अंदर खून ही खून नजर आया। सभी कमरे की तलाशी लेने के दौरान पुलिस को कुछ भी नहीं मिला। इस बीच पुलिस की नजर पलंग में लगे खून पर गई। पलंग को खोला गया तो शव मिले। शवों की पहचान में दीपक की पत्नी वीणा कुमारी (36), बड़ी बेटी श्रावणी कुमारी (15), छोटी बेटी दिव्या कुमारी (10) के अलावा ट्यूशन टीचर रिंकी घोष (21) के रूप में की गई।घटना के बाद जमशेदपुर की पुलिस ने आरोपी दीपक का फोटो अखबारों में जारी कर दिया था। जगह-जगह पर इश्तेहार भी लगाया गया था। लेकिन कहीं से भी उसका सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस उसके एटीएम कार्ड को आधार बनाकर जांच कर रही थी। उसके अकाउंट में दो हजार रुपये भेजे गए।

यह पुलिस की योजना थी। रुपये खाते में आने के बाद वह एक एटीएम में गया कि पैसे कहां से आए हैं। बस यही उसकी बड़ी चूक थी। जैसे उसने एटीएम में कार्ड डाले, पुलिस को जगह का पता चल गया। वह धनबाद के बैंक मोड़ की एटीएम थी। उस एटीएम के बारे में तत्काल ही धनबाद पुलिस को सूचित किया गया। दीपक की फोटो भी भेजी गई। उस इलाके के आसपास के होटलों को सर्च किया गया। एक में दीपक की तस्वीर जैसे व्यक्ति को तीन दिन से ठहरने की जानकारी मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### किडनी फेल्योर के बारे में जागरूकता फैलाकर विश्व किडनी दिवस मनाया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद के मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल में, हम इस बात को समझते हैं कि दर्द सामान्य तौर पर प्रचलित एक लक्षण है जिससे लोग बड़ी संख्या में पीड़ित हैं, और यह उनके रोज़मर्रा के काम-काज पर काफी बुरा असर डालता है। सिर से लेकर पाँव तक, शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द की शिकायत हो सकती है। ऐसे मामलों में, लोग अक्सर अपनी पीड़ा को कम करने के लिए डॉक्टरी सलाह के बिना दर्द निवारक दवाओं या घर पर मौजूद दवाओं का सहारा लेते हैं, लेकिन वे इसकी वजह से किडनी को होने वाले नुकसान जैसे संभावित खतरों से बेखबर होते हैं। पेनकिलर्स, यानी दर्द निवारक दवाओं के इस्तेमाल से किडनी संबंधी कई तरह की बीमारियाँ हो सकती हैं, जिनमें हल्की सूजन से लेकर किडनी फेल्योर जैसे गंभीर परिणाम शामिल है। आजकल बाज़ार में दर्द से राहत दिलाने वाली कई तरह की दवाएँ उपलब्ध हैं, जिन्हें मोटे तौर पर दो श्रेणियों- यानी एनएसएआइडीएस और नॉन-एनएसएआइडीएस में बाँटा जाता है। डॉ. सिद्धार्थ मवानी, डायरेक्ट नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, कहते हैं, एनएसएआइडी दवाएँ मुख्य रूप से तीन प्रकार से किडनी पर असर कर सकती हैं अस्थायी या एक्यूट रीनल फेल्योर, इन्टर्स्टिशल नेफ्रैटिस, और/या स्थायी या क्रोनिक किडनी फेल्योर, जिसे एक्यूट नेफ्रैटिस भी कहा जाता है। एक्यूट किडनी फेल्योर का मतलब अचानक किडनी खराब होना है। कई मरीज को तो सिर्फ एक या दो एनएसएआइडीएस दवाएँ लेने से ही किडनी फेल्योर हो सकता है। हालाँकि सामान्य तौर पर ऐसा नहीं होता है, लेकिन ऐसा होना पूरी तरह असामान्य भी नहीं है।

### भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन को उमड़ रहे कई देशों के श्रद्धालु

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से प्रदर्शनी के लिए थाईलैंड भेजे गए भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों अरिहंत सारिपुत्त तथा अरिहंत मोदगलायन के पवित्र अस्थि अवशेषों के दर्शन के लिए अब उबोन रत्चथानी शहर में भारी भीड़ उमड़ रही है। थाईलैंड में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''उबोन रत्चथानी के वाट महा वानाराम में भारत से आए पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी के दूसरे दिन थाईलैंड और पड़ोसी देशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। शुभ छठे चक्र और राजा राम दशम के 72वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में भारत और थाईलैंड के लोगों के बीच मित्रता के प्रतीक के रूप में भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों के पवित्र अवशेष थाईलैंड के चार अलग-अलग स्थानों पर लगने वाली 26 दिवसीय प्रदर्शनी के लिए 22 फरवरी को थाईलैंड भेजे गए थे।इन्हें प्रदर्शनी के पहले हिस्से के तौर पर 23 फरवरी को बैंकॉक में सनम लुआंग मंडप के एक भव्य मंडपम में स्थापित किया गया था। बैंकॉक के बाद अवशेषों को 4 से 8 मार्च के बीच चियांग माई शहर में भेजा गया। इन दोनों शहरों में 15 लाख से अधिक लोगों ने पवित्र अवशेषों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। अवशेषों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए थाईलैंड के अलावा कंबोडिया, लाओस और वियतनाम के श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इसके बाद अवशेषों को दक्षिणी शहर क्राबी ले जाया जाएगा। इस अवसर पर थाईलैंड में भारतीय दूतावास ने यूपी पर्यटन के सहयोग से 'बुद्धभूमि भारत- भगवान बुद्ध के नक्शेकदम पर यात्रा' नामक एक मंडप भी बनाया है, जिसमें भारत की बौद्ध विरासत और समृद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक झलक दिखाई देती है। उल्लेखनीय है कि बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत के राष्ट्रीय संग्रहालय में रखे रहते हैं। उनके अवशेषों को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के पिपरहवा से खुदाई के दौरान प्राप्त किया गया था, जिसे प्राचीन शहर कपिलवस्तु का ही एक हिस्सा माना जाता है। इसके अलावा उनके दोनों शिष्यों के अवशेष मध्य प्रदेश के सांची स्तूप में रखे होते हैं। उनके पवित्र अवशेषों की खुदाई 1851 में ब्रिटिश पुरातत्वविदों द्वारा की गई थी और फिर उन्हें इंग्लैंड के विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय में ले जाया गया था। हालांकि भारत में महाबोधि सोसाइटी और कई लोगों के प्रयासों से एक लंबे संघर्ष के बाद 1948 में उनके अवशेषों को वापस भारत लाया गया।

# जेवर एयरपोर्ट के पास बसाए जाएंगे 10 नए सेक्टर, यीडा बनाएगा लैंड बैंक

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने बजट पारित होने के बाद नए सेक्टर बसाने के लिए लैंड बैंक बनाने की तैयारी तेज कर दी है। सितंबर में जेवर एयरपोर्ट से उड़ान भरना प्रस्तावित है। ऐसे में इसके आसपास सेक्टरों में भी औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना है। इससे पहले प्राधिकरण अधिग्रहण की तैयारी कर रहा है। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-10 में पांच नए औद्योगिक पार्क विकसित करने की तैयारी है। इनमें लेदर फुटवियर पार्क, सामान और सहायक उपकरण पार्क, प्लास्टिक प्रसंस्करण पार्क, हथकरघा और इलेक्ट्रिक वाहन पार्क विकसित किए जाएंगे।

पांचों औद्योगिक पार्कों के लिए शासन से 243.9 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा यहां सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण केंद्र होंगे, जिन्हें पहले लगभग 500 एकड़ भूमि पर विकसित करने की घोषणा की गई थी। अब इन्हें सेक्टर-10 में 243 हेक्टेयर भूमि में विकसित किए जाने पर मंजूरी मिली है। इस परियोजना में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है।




यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को विकसित करने के लिए अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है।

वर्ष 2022-23 में भूमि अधिग्रहण के लिए 695 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित था, जिसके सापेक्ष खर्च 640 करोड़ रुपये किया गया। वहीं, वर्ष 2023-24 में यह बजट बढ़कर 1851 करोड़ कर दिया गया, जिसके सापेक्ष प्राधिकरण ने 1900 करोड़ रुपये खर्च किए। वहीं, इस वर्ष प्राधिकरण ने भूमि अधिग्रहण पर छह हजार करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। इससे प्राधिकरण खुद का 3700 हेक्टेयर भूमि का लैंड बैंक तैयार कर सकेगा, ताकि जरूरत पड़ने पर रुकी परियोजनाओं को भूमि देकर काम शुरू कराया जा सके।

इस वर्ष जापानी व कोरियन सिटी बसाने का रास्ता भी साफ हो गया है। इसके लिए सेक्टर-4ए और 5ए में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। यह डेडिकेटेड सिटी होगी, जिसमें जापानी और कोरियन कल्चर से जुड़े अस्पताल, मकान, दुकान और शिक्षण संस्थान होंगे। यह सोसाइटी एयरपोर्ट के नजदीक प्रस्तावित है। यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने कहा, लैंड बैंक के लिए भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाएगा। प्राधिकरण आठ सेक्टरों में भूमि अधिग्रहण करेगा। इनमें नए औद्योगिक पार्क और आवासीय क्षेत्र विकसित किया जा सकेगा। परियोजनाओं को पूरा करने में बाधा नहीं आएगी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में छह जिलों के 1137 गांवों की जमीन अधिसूचित क्षेत्रफल में आती है। अगले 17 सालों में अधिकांश अधिसूचित क्षेत्रफल की जमीन अधिग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्राधिकरण ने अगले एक साल में 3700 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण करने का फैसला बोर्ड बैठक में किया है। जमीन एयरपोर्ट की जमीन से अलग है। 10 नए सेक्टर बसाने के लिए प्राधिकरण जमीन का अधिग्रहण करेगी। जमीन अधिग्रहण का मुआवजा दर इस समय 3100 रुपये प्रति वर्गमीटर है। कुछ महीने पहले ही इसमें 800 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। जानकारी के मुताबिक 3700 हेक्टेयर के लैंड बैंक बनाने पर 12 हजार करोड़ का खर्च आना है, जिसमें आधा पैसा शासन और आधा पैसा प्राधिकरण के स्तर से वहन किया जा रहा है।

## दिल्ली में बेकाबू कार ने कई लोगों को कुचला, महिला की मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में बुधवार की रात एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने कई लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में अब तक एक महिला की मौत हो गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल 7 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह गाजीपुर थाना क्षेत्र में मयूर विहार फेस 3 स्थित बुध बाजार की घटना है।

हादसे के बाद सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर स्थानीय पुलिस व जिले के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। पूर्वी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि घायलों को फिलहाल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वहीं एक महिला की मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने कार चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूर्वी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि बुधवार करीब 9:30 बजे, एक सिल्वर रंग की हुंडई गाड़ी ने कई लोगों को टक्कर मारी। इस में घायल हुए व्यक्ति जो अभी तक लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में आए हैं, उनकी कुल संख्या 7 हैं, इसमें पांच महिलाएं तथा दो पुरुष हैं। सात व्यक्तियों में से एक महिला सीता देवी पुत्री मुन्नालाल उम्र 22 वर्ष पता खोड़ा कॉलोनी, हयात नगर, गाजियाबाद मृत हैं। इसमें आरोपी अभियुक्त कार चालक भी घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। आरोपी पुलिस की हिरासत में है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों ने जमकर खूब हंगामा काटा और कार चालक को मौके पर ही पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद लोग कार पर चढ़कर कार के साथ तोड़फोड़ किए और आक्रोश के चलते लोगों ने कार के शीशे व दरवाजे इत्यादि पूरी तरह तोड़ दिया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक से पूछताछ के साथ ही घायलों के राहत बचाव में लगी है। इस हंगामा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

## पत्नी को भी कैमरे के सामने लाओ, गाजियाबाद में दंपति को डिजिटल अरेस्ट रखकर ऐंठे 11 लाख

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साइबर अपराधियों ने दंपति को दो दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 11 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों ने खुद का परिचय मुंबई साइबर सेल में कार्यरत इंस्पेक्टर और डीसीपी के रूप में देते हुए उनके नाम से एक संदिग्ध पार्सल भेजे जाने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि इस आधार पर खातों का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में हो रहा है। डर से दंपति अपराधियों के चंगुल में फंस गया। फर्जीवाड़े का पता लगने पर पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वैभव खंड इंदिरापुरम स्थित पार्श्वनाथ मेजिस्टिक फ्लोर निवासी अंकुर श्रीवास्तव का कहना है कि नौ मार्च को दोपहर करीब पौने तीन बजे उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को फेडेक्स इंटरनेशनल कुरियर की अंधेरी ईस्ट ब्रांच मुंबई में कार्यरत सुरेश कुमार बताया। उसने बताया कि उनके नाम पर मुंबई से ताईवान एक पार्सल भेजा जा रहा था, जिसमें कुछ अवैध पदार्थ मिलने के कारण कस्टम विभाग ने उसे रोक लिया है। अंकुर ने कोई पार्सल न भेजने की बात कही तो कॉलर ने उन्हें मुंबई साइबर क्राइम सेल से जोड़ दिया। सामने वाले व्यक्ति ने खुद को मुंबई साइबर क्राइम में तैनात इंस्पेक्टर विक्रम सिंह बताया। उसने उनके साथ-साथ उनकी पत्नी को भी कैमरे के सामने लाने को कहा। उसने कहा कि उनका आधार कार्ड पंजाब, महाराष्ट्र, यूपी और अन्य राज्यों में सक्रिय है। उनके आधार नंबर पर बिहार में छह बैंक खाते सक्रिय हैं। अंकुर श्रीवास्तव के मुताबिक विक्रम सिंह ने उनसे पंजाब, महाराष्ट्र या बिहार में जाने के बारे में पूछा तो उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद विक्रम सिंह ने बताया कि मुंबई में मलिक नाम का मंत्री उनके छह सक्रिय बैंक खातों में से चार का इस्तेमाल मनी लांड्रिंग में कर रहा है। उन्होंने मलिक नाम के किसी व्यक्ति से संपर्क न होने की बात कही तो विक्रम सिंह ने उनकी संपत्ति, वाहन, बैंक आदि के बारे में पूछताछ शुरू कर दी।

## धौलाकुंआ से आजादपुर तक सफर हुआ सुहाना, मोतीनगर फ्लाईओवर खुलने से 1.25 लाख वाहन चालकों को राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की सड़कों पर जाम से परेशान रहने वाले लोगों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोती नगर रिंग रोड पर फ्लाईओवर का उद्घाटन कर बड़ी राहत दी है। इस फ्लाईओवर के शुरू होने से रोजाना यहां से गुजरने वाले 1.25 लाख वाहन चालकों को फायदा होगा।

अधिकारियों ने बताया कि इसका एक हिस्सा यातायात के लिए खोल दिया गया। इससे रिंग रोड पर धौला कुंआ से वाया पंजाबी बाग होकर आजादपुर की तरफ आवाजाही करना आसान होगा। यह फ्लाईओवर पंजाबी बाग-राजौरी गार्डन-मोती नगर फ्लाईओवर के पुनर्विकास योजना का हिस्सा है। इस योजना में 1.68 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण होना है, जिसमें से अभी 495 मीटर फ्लाईओवर खोला गया है।

इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास कर रहे हैं, जिससे लोगों को बेहतर और जाम मुक्त सड़कें मिल सकें। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 2014 तक 63 फ्लाईओवर बने थे। हमने 10 साल में 31 फ्लाईओवर बना दिए। अब हम महिलाओं को एक हजार रुपये की आर्थिक मदद भी देने जा रहे हैं। क्लब रोड फ्लाईओवर इसके तहत ईएसआई अस्पताल से मौजूदा क्लब रोड (1,123 मीटर लंबा) तक नजफगढ़ नाले के पार छह लेन का फ्लाईओवर बनना है। फिलहाल, इसका निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। जुलाई 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। दोनों फ्लाईओवरों की कुल लंबाई 1.68 किलोमीटर है।




## केजरीवाल ने कोर्ट में खुद पेश होने का किया था वादा, अब खटखटा दिया ऊपरी अदालत का दरवाजा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेशी की तारीख से ठीक पहले ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटा दिया है। कथित शराब घोटाले में ईडी के समन को दरकिनार किए जाने की वजह से केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी ने शिकायत की थी। केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने को कहा गया था। अब उन्होंने अदालत के समन के खिलाफ सेशंस कोर्ट में याचिका दायर की है। राउज ऐवेन्यू कोर्ट में स्पेशल जज राकेश स्याल के सामने मामले को सूचीबद्ध किया गया है।

ईडी ने समन को नजरअंदाज किए जाने की वजह से 3 फरवरी और 6 मार्च को मजिस्ट्रेट कोर्ट में शिकायत की थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने केजरीवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 के तहत केस चलाने की मांग की है। लोकसेवक के आदेश पर हाजिर नहीं होने पर इस धारा के तहत केस चलाया जाता है। इसमें दोषी करार दिए जाने वाले व्यक्ति को एक महीने तक जेल और 500 रुपए जुर्माने की सजा हो सकती है। दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए बुलाते हुए ईडी ने केजरीवाल को अब तक कुल 8 समन भेजे हैं।

केजरीवाल को 4 मार्च, 26 फरवरी, 19 फरवरी, 2 फरवरी, 18 जनवरी, 3 जनवरी, पिछले साल 22 दिसंबर और 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। अडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की पहली शिकायत पर केजरीवाल को 17 फरवरी को बुलाया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री उस दिन वर्चुअल माध्यम से कोर्ट के सामने हाजिर हुए और बजट सत्र में व्यस्तता का हवाला देकर छूट की गुजारिश की। उन्होंने कोर्ट से अगली तारीख की मांग करते हुए कहा था कि वह खुद हाजिर होंगे। अदालत ने उनकी अपील को स्वीकार करते हुए 16 मार्च को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने को कहा था। इसके बाद ईडी ने अंतिम तीन समन को लेकर भी केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट में शिकायत दायर की। मल्होत्रा ने इसका संज्ञान लेकर केजरीवाल को कोर्ट में 16 मार्च को खुद पेश होने को कहा। ईडी ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्हें (केजरीवाल) को यह जानने का कोई लीगल हक नहीं है कि उन्हें गवाह के तौर पर बुलाया जा रहा है या फिर आरोपी के रूप में। जांच एजेंसी ने उन पर जानबूझकर समन को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। एजेंसी ने कहा था कि केजरीवाल को उनकी और कुछ अन्य लोगों की भूमिका के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।



## हिमाचल में पेंशनधारियों के लिए अच्छी खबर, मार्च माह से मिलेगा एरियर

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पेंशनर्स को छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक संशोधित वेतनमान के एरियर के भुगतान की अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य सरकार ने एरियर की अदायगी के लिए नया मापदंड अपनाया है। इसके लिए उनकी आयु को आधार बनाया गया है। एरियर के भुगतान को पेंशनरों की आयु के हिसाब वर्गीकृत किया गया है। अधिसूचना में मार्च महीने में पेंशनरों को मिलने वाली एरियर की किश्त उनकी आयु के मुताबिक तय होगी।

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि मार्च महीने में 65 साल से कम आयु वाले पेंशनरों को एरियर का 15 फीसदी भुगतान होगा। इसके अलावा 65 से 70 वर्ष की आयु वाले पेंशनरों को 18 फीसदी, 70 से 75 वर्ष की आयु वाले पेंशनरों को 20 फीसदी और 75 व इससे अधिक आयु वर्ग के पेंशनरों को 35 फीसदी एरियर का भुगतान किया जाएगा।

इस बीच हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने एरियर सम्बंधी नई अधिसूचना के स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस मापदण्ड से एरियर भुगतान से पेंशनरों को सम्मानजनक राशि प्राप्त होगी। उन्होंने सरकार से पेंशनरों के लंबित डीए व ग्रेच्युटी को भी शीघ्र अधिसूचित करने की मांग की है।

बता दे कि इससे पहले प्रदेश सरकार ने एरियर भुगतान को लेकर अधिसूचना जारी की थी। जिसके तहत पेंशनरों को एक वर्ष में एरियर का तीन प्रतिशत भुगतान का प्रावधान था, वहीं पूरा एरियर के भुगतान में 33 वर्ष लगने थे। लेकिन पेंशनरों व कर्मचारियों के विरोध के चलते प्रदेश सरकार ने उस अधिसूचना को वापिस ले लिया था।



## शॉर्ट कमीशन महिला अधिकारी नहीं मांग सकतीं स्थायी कमीशन, भारतीय तटरक्षक ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तटरक्षक ने सेवा में ज्यादा महिला अधिकारियों को शामिल करने की प्रतिबद्धता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अधिकारियों से संबंधित वर्तमान भर्ती नियम के तहत वे स्थायी कमीशन की मांग नहीं कर सकती हैं। भारतीय तटरक्षक बल ने एक महिला अधिकारी द्वारा स्थायी कमीशन की मांग संबंधी याचिका के जवाब में दाखिल हलफनामे में यह बात कही है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने हाल में केंद्र से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि महिलाओं को तटरक्षक बल में स्थायी कमीशन दिया जाए। तटरक्षक के उप महानिरीक्षक राजकमल सिन्हा द्वारा दाखिल हलफनामे में कहा गया, (तटरक्षक के) भर्ती नियम में कहा गया है कि महिला अधिकारियों के पास भविष्य में स्थायी प्रवेश योजना में जाने का विकल्प नहीं होगा। इस मामले में याचिकाकर्ता सहित चयनित उम्मीदवारों को दिए गए नियुक्ति पत्र में भी इसका उल्लेख किया गया था। हलफनामे के अनुसार, तटरक्षक मुख्य रूप से समुद्री सेवा है। इसमें 66 प्रतिशत कर्मियों को तैरती इकाइयों को चलाने के लिए मंजूरी दी गई है और केवल 33 प्रतिशत कर्मियों को तट संबंधी इकाइयों के संचालन के लिए मंजूरी दी गई है। स्थायी प्रवेश को लेकर महिला अधिकारियों के लिए केवल 10 प्रतिशत नियुक्तियों पर विचार किया गया।

## ना हौंसला कम हुआ, ना ही हम कमजोर हुए : डॉ. अजय सिंह चौटाला

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहाकि गठबंधन से बाहर होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं का ना हौंसला कम हुआ है और ना ही कमजोर हुए हैं बल्कि दोगुनी ताकत से लड़ कर फतेह हासिल करेंगे। डॉ चौटाला बुधवार को हिसार के पुराने राजकीय कॉलेज मैदान में आयोजित नवसंकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि छह वर्ष पूर्व जब पार्टी का गठन हुआ था तब से लेकर आज तक पार्टी का कार्यकर्ता मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता के दम पर ही एक साल से कम समय में पार्टी ने सत्ता में हिस्सेदारी की और साढ़े चार साल तक लोगों की सेवा की।

अजय चौटाला ने कहा कि अब फिर पार्टी कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करें और घर-घर जाकर पार्टी का प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि गठबंधन का धर्म जेजेपी ने ईमानदारी से निभाया और उप-चुनावों से लेकर राज्यसभा चुनाव तक हर मौके पर गठबंधन के सहयोगी के तौर पर साथ रहे। डॉ अजय सिंह ने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल सदैव संघर्ष का रास्ता चुनते हुए जनकल्याण के लिए प्रयासरत रहे। उन्हीं से प्रेरणा लेकर जेजेपी का प्रत्येक कार्यकर्ता आमजन की सेवा के लिए संघर्षरत है। जेजेपी अध्यक्ष ने उपस्थित भारी भीड़ से आह्वान किया कि संघर्ष के इस दौर में मजबूती से साथ दें, क्योंकि जो लड़ते हैं वही दिखते हैं और जो दिखते हैं वही जीतते हैं।

जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने कहा कि जेजेपी कार्यकर्ताओं में आज भी वही जोश दिखाई दे रहा है जो जेजेपी के गठन के समय पांडू-पिंडारा की धरती पर दिखाई दिया था।

## जब गांव की सड़कों पर घूमने लगा विशालकाय मगरमच्छ

### ढूंढ रहा था ठिकाना तो इधर-उधर भाग रहे थे लोग

**कोरबा, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के पाली स्थित एक गांव में बीते लंबे समय से मगरमच्छ आतंक फैला रहा है। कभी वह गांव की सड़कों पर दौड़ता नजर आता है तो कभी लोगों के घरों में छुपकर बैठ जाता है। इस मगरमच्छ से गांव के लोग तो परेशान हैं। यह कोई पहली बार की घटना नहीं है कि मगरमच्छ गांव की सड़कों पर घूम रहा है। इससे पहले टीम को इसकी खबर मिली, लेकिन जैसे ही टीम गांव में पहुंचती वह गांव से सटे एक तालाब में जाकर छुप जाता है। वही जब वन विभाग की टीम वापस चली जाती तो वह फिर से निकलकर लोगों के घरों में जाकर बैठ जाता है।

बता दें कि गांव में मंगलवार के दिन खुटाघाट जलाशय ते पास लोगों ने जब मगरमच्छ को टहलते हुए देखा तो लोग घबरा गए। इस जलाशय में बड़ी संख्या में मगरमच्छ रहते हैं जो खाने की तलाश में भटककर पाली क्षेत्र के गांव की तरफ बढ़ जाते हैं। बीते दिनों ऐसे ही खाने की तलाश में एक मगरमच्छ शिवपुरी गांव के अंदर घुस गया। मगरमच्छ सड़कों पर शान से चलकर लोगों के घर-घर खाने की तलाश करने लगा। जब लोगों ने मगरमच्छ को सड़कों में घूमते हुए देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। इसके बाद तुरंत वन विभाग की टीम को इस बात की सूचना दी गई। हालांकि इस बार वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू ऑपरेशन कर उसे वापस ले जाकर जलाशय में छोड़ दिया है।



बतादे कि मगरमच्छ के गांव में घूमने की खबर मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। रेंजर संजीव लकड़ा और डिप्टी रेंजर उरांव के साथ वन विभाग के कर्मचारियों और गांव वालों की मदद से विशालकाय मगरमच्छ को काबू में किया गया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू ऑपरेशन कर उसे खुटाघाट जलाशय में छोड़ दिया है। इस रेस्क्यू ऑपरेशन को करने में वन विभाग की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी है। बताया जा रहा है कि 7 फीट का यह मगरमच्छ बेहद फुर्तीला था जिसे पकड़ने के लिए घंटे का वक्त लगा है।

पांच घंटे बाद दूसरे बेटे ने पुलिस को दी घटना की जानकारी

# बेटे ने पिता की पीट-पीटकर की हत्या पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**अरवल**। गुरुवार को अरवल के मेहंदिया थाना क्षेत्र के शिवपुर हूलान बिंदु के पास एक बेटे ने अपने पिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी और शव को जला दिया। वहीं घटना के 5 घंटे तक मेहंदिया थाने की पुलिस को घटना की जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद मृतक के दूसरे बेटे और उसके ससुराल वालों को घटना की जानकारी मेहंदिया थाने में पहुंचकर दी। इसके बाद थाना अध्यक्ष राहुल अभिषेक ने मामले को संज्ञान लेते हुए परिजनों के साथ मृतक के घर पहुंचे और आरोपी बेटे सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ा और थाने लाकर पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। गिरफ्तार युवक की पत्नी ने भी थाने पहुंचकर अपने ससुर के हत्या किए जाने की बात पुलिस को बताई और अपने पति को गिरफ्तार कार्रवाई। घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे के आसपास की है। वहीं थाने से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर हत्या की वारदात हो हुई है। लेकिन पुलिस की सूचना तंत्र काम नहीं आई। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार नन्हक चौधरी के पुत्र सुकेश चौधरी ने पीट-पीट मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद रमेश रमेश चौधरी और अन्य सगे संबंधियों ने उसे तामझाम के साथ दाहसंस्कार कर दिया गया। ताकि किसी को भनक न लगे कि इसकी हत्या की गई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल ने बताया कि फिलहाल मैं जिले से बाहर हूं, मामला संज्ञान में आया है। पूरी जानकारी लेकर अवगत कराता हूं।

## ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)**। पंडित दीनदयाल और गया रेलखंड के बीच कैमूर जिले के भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पर के पास डाउन लाइन के रेलवे ट्रैक पर अज्ञात मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना भभुआ रोड स्टेशन मास्टर को दी। रेलवे स्टेशन मास्टर ने घटना की जानकारी जीआरपी भभुआ रोड को दी। भभुआ रोड जीआरपी ने शव के आसपास और पैकेट का तलाशी ली, लेकिन किसी भी प्रकार के कागजात नहीं मिले। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम करने के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजवा दिया। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है। जो हाफ पैंट, फुल शर्ट और इनर पहने हुए हैं। मृतक की तस्वीर सोशल मीडिया पर डालकर पुलिस पहचान के लिए जुटी हुई है।

भभुआ रोड जीआरपी के देव प्रकाश सिंह ने कहा कि भभुआ रोड रेलवे स्टेशन मास्टर ने रेलवे स्टेशन के पास डाउन रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की डेड बॉडी पड़ी थी। शव की पहचान को लेकर तलाशी ली गई पर कुछ भी बरामद नहीं हो सका। कागजी कार्रवाई पूरा करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम करने के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा जा रहा है। पहचान को लेकर फोटोग्राफी कराई गई है।

# गोली मारने के मामले में मुख्य आरोपी और उसके दो सहयोगी गिरफ्तार

लड़की ने इंस्टा पर ब्लाक किया तो मार दी गोली

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। युवती को गोली मार कर घायल करने के मामले में पुलिस ने 48 घंटे के अंदर मुख्य आरोपी और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है। बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि 12 मार्च को दिनारा थाना क्षेत्र के सरना गांव के पास एक लड़की को गोली मारकर घायल कर दिया था। इसके बाद 13 मार्च को थाने में दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर छापेमारी शुरू की गई और मुख्य आरोपी अनिश कुमार उम्र 17 साल को पकड़ कर पूछताछ किया गया। उसने बताया कि वह लड़की से प्रेम करता था, किसी कारण से उसने नंबर और इंस्टाग्राम पर ब्लाक कर दिया था। इसके बाद अपने साथी अशोक कुमार यादव उम्र 20 साल और दीपक कुमार उम्र 20 साल के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। फिलहाल दोनों अन्य युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से वारदात में प्रयोग किए गए, एक दो नाली देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा और पल्सर बाइक जब्त किया गया है। तीनों के आपराधिक इतिहास का भी पता लगाया जा रहा है। बता दे कि आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाले टीम में थानाध्यक्ष विनय कुमार और अन्य लोग शामिल थे।

## विश्व किडनी दिवस पर जागरूकता अभियान का आयोजन

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)**। गुरूवार को विश्व किडनी दिवसष् के अवसर पर सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल, पटना के ओ.पी.डी. परिसर में एक जन जागरूकता अभियान का आयोजन अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान किडनी (गुर्दा) स्वास्थ्य, किडनी समस्याओं के कारण, प्रतिकार और उपचार व स्वस्थ्य जीवन शैली के महत्व विषय पर अस्पताल के विषेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा घ्यान केंद्रित किया गया। साथ ही साथ किडनी रोगों की शुरूआती जाँच के लिए एक विशेष जाँच शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी रोगियों और उनके परिजनों ने अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने की उत्सुकता दिखाई और सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भागीदारी की।

## तालाब खुदाई के दौरान मिली राधे-कृष्ण की मूर्ति मंदिर बनाने की मांग कर रहे हैं ग्रामीण

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद के काको प्रखंड के मदरसा के पास लघु सिंचाई विभाग के द्वारा एक तालाब का खुदाई का कार्य चल रहा था। इस दौरान जेसीबी से तालाब की खुदाई करते समय अचानक राधे कृष्ण की मूर्ति मिल गई, जिसके इस बात की सूचना आसपास के गांव लोगों में आग की तरह फैल गई। जिससे बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए और भगवान की पूजा करने लगे। वहीं मूर्ति मिलने की सूचना पर अंचलाधिकारी और काको के थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। ग्रामीणों का कहना है कि जहां भगवान की मूर्ति मिली है इस जगह ही इसकी स्थापना होनी चाहिए और इसी जगह मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। इसलिए हम लोग इनका पूजा अर्चना करना चाहते हैं इसलिए पुलिस प्रशासन द्वारा सहयोग कर मंदिर का निर्माण कराया जाए। मूर्ति मिलने के बाद पूरा इलाका भक्ति में हो गया है। सभी लोग दर्शन करने के लिए उसे जगह पर पहुंचने लगे और मूर्ति को रखकर पूजा अर्चना भी कर रहे हैं।

प्रशासन बरामद मूर्ति को लेकर जांच कर रही है की बरामद मूर्ति कितनी

## मारपीट में दो लोग घायल

**भगवानपुर (कैमूर) (नि.सं.)**। जिले के भगवानपुर व कुदरा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। घायलों में भगवानपुर थाना क्षेत्र के पढ़ौती के मनोहर बैठा व कुदरा थाना क्षेत्र के बहेरा निवासी मो. सैदरी अंसारी शामिल हैं। उनके परिजनों द्वारा उन्हें सदर अस्पताल लाया गया।

सरकारी और निजी अस्पतालों और विद्यालयों में मिलेगी दवा

## कृमि मुक्ति दिवस पर आज दी जाएगी एल्बेंडाजोल की खुराक

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। जिले में बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलाने के लिए कल 15 मार्च को कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान 1 वर्ष के बालक से लेकर 19 वर्ष के युवक और युवतियों को कृमि मुक्ति के लिए एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी। कृमि मुक्ति दिवस पर एल्बेंडाजोल खिलाने के अभियान को लेकर डीपीसी संजीव ने बताया कि 15 मार्च राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर दवा खिलाई जाएगी। सभी अस्पतालों के साथ-साथ विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और निजी विद्यालयों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। संजीव ने बताया कि रोहतास जिले में 17 लाख के आसपास बच्चों और युवाओं को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 19 मार्च को मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। जिसमें अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. केएन तिवारी ने बताया कि इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। अभियान को सफल बनाने को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, बीईओ, आईसीडीएस से जुड़ी पर्यवेक्षिका निजी विद्यालयों के संचालकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, ताकि सरकारी विद्यालयों और निजी विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों को कृमि मुक्ति के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने के लिए प्रेरित कर अभियान को सफल बनाया जा सके।

## होली के अवसर पर पूर्व मध्य रेल के द्वारा 07 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (नि.सं.)**। होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इनमें से 14 जोड़ी स्पेषल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है। इसी क्रम में और 07 जोडी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 04066/04065 आनंद विहार-पटना- आनंद विहार सुपरफास्ट एसी फेस्टिवल स्पेशलः गाड़ी सं. 04066 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट एसी फेस्टिवल स्पेशल दिनांक 21, 25 एवं 28 मार्च, 2024 को आनंद विहार से 23.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 16.00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04065 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट एसी फेस्टिवल स्पेशल 22, 26 एवं 29 मार्च, 2024 को पटना से 17.45 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 11.20 बजे दिल्ली पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिषा में यह ट्रेन दानापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, प्रयागराज जं, गोविंदपुरी स्टेषनों पर रूकेगी। 2. 04062/04061 दिल्ली-बरौनी-दिल्ली फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस- 04062 दिल्ली-बरौनी फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 24 एवं 31 मार्च, 2024 को दिल्ली से 08.50 बजे खुलकर अगले दिन 06.30 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 04061 बरौनी-दिल्ली फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 25 मार्च एवं 01 अप्रैल, 2024 को बरौनी से 08.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.35 बजे दिल्ली पहुंचेगी। यह फेस्टिवल स्पेषल अप एवं डाउन दिषा में अलीगढ़, टुण्डला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सिवान, छपरा एवं हाजीपुर स्टेषनों पर रूकेगी। 3. 04060/04059 आनंद विहार-जयनगर-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस - 04060 आनंद विहार-जयनगर आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 22, 26 एवं 29 मार्च, 2024 को आनंद विहार से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 15.15 बजे जयनगर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 04059 जयनगर-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 23, 27 एवं 30 मार्च, 2024 को जयनगर से 17.00 बजे खुलकर अगले दिन 19.55 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। यह फेस्टिवल स्पेषल अप एवं डाउन दिषा में मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी स्टेषनों पर रूकेगी। 4. 01664/01663 आनंद विहार-सहरसा-आनंद विहार फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस - 01664 आनंद विहार-सहरसा फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 25 मार्च, 2024 को आनंद विहार से 11.10 बजे खुलकर अगले दिन 11.20 बजे सहरसा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 01663 सहरसा-आनंद विहार फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 27 मार्च, 2024 को सहरसा से 09.30 बजे खुलकर अगले दिन 13.55 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। यह फेस्टिवल स्पेषल अप एवं डाउन दिषा में मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, बाराबंकी, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दलसिंहसराय, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशनों पर रूकेगी। 5. 04010/04009 आनंद विहार-जोगबनी-आनंद विहार स्पेषल एक्सप्रेस - 04010 आनंद विहार-जोगबनी स्पेशल एक्सप्रेस 26 मार्च, 2024 को आनंद विहार से 23.45 बजे खुलकर 28 मार्च को 05.20 बजे जोगबनी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 04009 जोगबनी-आनंद विहार स्पेषल एक्सप्रेस 28 मार्च, 2024 को जोगबनी से 09.00 बजे खुलकर अगले दिन 16.05 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। यह फेस्टिवल स्पेषल अप एवं डाउन दिषा में गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया, नौगछिया, कटिहार, पूर्णिया, अररिया कोर्ट, अररिया स्टेशनों पर रूकेगी। 6. 04068/04067 दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस - 04068 दिल्ली-दरभंगा फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 22, 26 एवं 29 मार्च, 2024 को दिल्ली से 19.30 बजे खुलकर अगले दिन 16.30 बजे दरभंगा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 04067 दरभंगा-दिल्ली फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 23, 27 एवं 30 मार्च, 2024 को दरभंगा से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 16.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। यह फेस्टिवल स्पेषल अप एवं डाउन दिशा में मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशनों पर रूकेगी। 7. 04004/04003 नई दिल्ली-सीतामढ़ी-नई दिल्ली आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस - 04004 नई दिल्ली-सीतामढ़ी आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 22, 26 एवं 29 मार्च, 2024 को नई दिल्ली से 00.10 बजे खुलकर उसी दिन 22.00 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी।

**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa.**

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**
**(Very Short Term Tender)**
e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/**388**/2023-24
**Date:- 14.03.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Bhawanathpur-Panchadumar Road from km. 14.50 to 32.00 (Total Length 17.50 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 13,35,73,500.00 (Rupees Thirteen crore Thirty Five Lakh Seventy Three thousand Five hundred) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 14,00,000.00 (Rupees Fourteen Lac) only. |
| 3. | Time of Completion | 03 (Three) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 03-04-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 21-03-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
***Further details can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa.**
PR 322669 Road(23-24)#D

न्यायालयः—प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

**उपस्थिति सूचना**

वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में नीचे वर्णित अधिहरण वाद की सुनवाई दिनांक 20.03.2024 को 11:00 बजे पूर्वाहन में निर्धारित है।

अतः जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य से संबंधित स्वामी/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से) अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। इसे अंतिम अवसर समझें। अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

| क्र0 सं0 | केस संख्या | अधिहरण वाद संख्या | वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य | घटना स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | **C 86/2024** | 01/2024 | हिरो स्पलेण्डर प्लस चेचिस नं0— **MBLHAW120LHJ25573,** हिरो होण्डा पैशन प्लस गाड़ी नं0— **CG15CA - 9348**, दोनों पर लदा कुल साल चौपहल — 03 पीस। | सिन्जो सुरक्षित वन |
| 02 | **C 127/2024** | 02/2024 | हिरो होण्डा स्पलेण्डर — **JH14A - 1568**, चेचिस नं0 — **06E16C22477** एवं एक साईकल तथा दोनों पर लदा कुल साल चौपहल— 03 पीस। | चपकली सुरक्षित वन |
| 03 | **C 128/2024** | 03/2024 | डिस्कवर मोटर बाईक — **JH14B – 2178** एवं साल चौपहल— 02 पीस। | चपकली सुरक्षित वन (डोल चपकली मुख्य मार्ग) |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
—सह—
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 322698 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

बिहार सरकार

**योजना एवं विकास विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।**
**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या — 09/2023—24**
**(केवल ई—टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : — **महादलित विकास मिशन**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण — विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | औरंगाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत पोईवॉ ग्राम पोईवॉ टोले (महादलित टोला) में सामुदायिक भवन—सह—वर्कषेड का निर्माण कार्य। | 29.15 | 58,300.00 | 5,000.00 | 1180.00 | 6 माह |
| 2 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत करसावॉ ग्राम करसावॉ (महादलित टोला) में सामुदायिक भवन—सह—वर्कषेड का निर्माण कार्य। | 29.17 | 58,400.00 | 5,000.00 | 1180.00 | 6 माह |
| | **कुल योग :—** | **58.32** | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक — 14.03.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 23.03.2024 से 27.03.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 28.03.2024 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.03.2024 समय 3.30 बजे अपराह्न (कंडिका 4 में उल्लेखित अंतिम तिथि से दो कार्य दिवस के पष्चात् की तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,**
**कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद**

PR. No. 019925 (Planning) 2023-24

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

**कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि सुरक्षित जमा राशि के आलोक में जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों का वर्ष 2024—25 के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक—22.03.2024 दिन—शुक्रवार को समय—11:30 बजे पूर्वाह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में बन्दोबस्ती की जायेगी।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं। वे निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्त्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति एवं एक वर्ष के अंदर का आचरण प्रमाण—पत्र तथा ऑन लाईन निर्गत स्थानीय निवास प्रमाण—पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य है।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने के लिए अधोहस्ताक्षरी सक्षम हैं।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0 सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि(15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हरिहरपुर | सोन नदी | काण्डी | 874000.00 | 131100.00 |
| 2. | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 201250.00 | 30188.00 |
| 3. | परती घाट | सोन नदी | केतार | 33063.00 | 4960.00 |
| 4. | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 46115.00 | 6918.00 |
| 5. | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 149500.00 | 22425.00 |
| 6. | सुण्डीपुर | सोन नदी | काण्डी | 81075.00 | 12162.00 |
| 7. | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 70297.00 | 10545.00 |
| 8. | गाड़ा कला घाट | सोन नदी | काण्डी | 106925.00 | 16039.00 |

**नावघाट बंदोबस्ती हेतु आवश्यक शर्त्तें**

1. जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगी, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा।
2. उक्त नावघाट के बंदोबस्ती में केवल गढ़वा जिला के निवासी ही भाग ले सकते हैं।
3. नावघाट के बंदोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति को स्वयं नाव की व्यवस्था करना होगा।
4. नाव द्वारा किसी भी मादक पदार्थ का परिवहन नहीं किया जायेगा।
5. नाव में क्षमता से अधिक यात्री का परिवहन नहीं किया जायेगा।
6. नावघाट में लाईफ जैकेट रखना अनिवार्य होगा।
7. नाव का परिचालन निर्धारित रूट में ही किया जायेगा।
8. नाव नहीं चलाने की स्थिति में सरेंडर करना होगा।
9. नाव का परिचालन रात्री में नहीं किया जायेगा।

नावघाट बंदोबस्ती में भाग लेने के पूर्व क्रमांक—01 से 09 तक के शर्त्त के संबंध में शपथ—पत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

**उप विकास आयुक्त—सह—**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,**
**जिला परिषद्, गढ़वा।**

PR 322581 (Rural Development) 23-24 (D)

# अश्विन बने टेस्ट में नंबर-1 गेंदबाज

## बुमराह तीसरे स्थान पर फिसले, बल्लेबाजी में तीन भारतीय टॉप-10 में



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अश्विन ने अपनी ही टीम के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर इस उपलब्धि को हासिल किया है। बुमराह दो स्थान फिसल कर 847 पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर चल गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड 847 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। अश्विन और बुमराह के अलावा रवींद्र जडेजा (7) भी टॉप-10 में मौजूद हैं।

### रोहित, यशस्वी और विराट टॉप-10 में

वहीं आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग में तीन भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 में पहुंच गए हैं। रोहित (रैंक-6) और यशस्वी (रैंक-8) को इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच में बेहतर बैटिंग का फायदा रैंकिंग में मिला है। जबकि इंग्लैंड के खिलाफ निजी कारणों की वजह से 5 टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर रहने वाले विराट कोहली (रैंक-9) टॉप टेन में बरकरार हैं।

### अश्विन छठी बार टॉप पर पहुंचे

अश्विन छठी बार आईसीसी टेस्ट बॉलिंग की रिकॉर्ड में टॉप पर पहुंचे हैं। वह पहली बार 2016 में नंबर वन बने थे। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की आखिरी मुकाबले में आर अश्विन ने दोनों पारी में 9 विकेट लिए थे।

उन्होंने पहली इनिंग में 51 रन देकर चार और दूसरी पारी में 77 रन देकर 9 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने 5 टेस्ट मैचों की सीरीज को 4-1 से जीता था।

### कुलदीप यादव को 15 स्थान का फायदा

वहीं स्पिनर कुलदीप यादव को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 15 स्थान का फायदा हुआ है। वह 686 अंकों के साथ 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में वह प्ले ऑफ द मैच थे। उन्होंने दोनों पारियों को मिला कर 7 विकेट लिए थे। पहली इनिंग में कुलदीप ने 72 रन देकर 5 और दूसरी पारी में 40 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

### रोहित, शुभमन और यशस्वी को भी रैंकिंग में फायदा

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, ओपनर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को भी फायदा पहुंचा है। कप्तान रोहित शर्मा 5 स्थान का छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं शुभमन गिल को 11 स्थान का फायदा हुआ है। वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

जबकि प्लेयर ऑफ सीरीज रहे यशस्वी जयसवाल को भी आखिरी टेस्ट में हाफ सेंचुरी जड़ने का फायदा मिला है। वह दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें पर पहुंच गए हैं। जायसवाल के 9 टेस्ट मैचों के बाद 740 अंक हो गए हैं।

क्रिकेट इतिहास में उनके अलावा इतने टेस्ट खेलकर 740 अंक हासिल करने वाले दो ही प्लेयर हैं। ऑस्ट्रेलियाई बैटर सर डॉन ब्रैडमैन के 752 और माइकल हसी के 741 अंक थे।

## संक्षिप्त समाचार



### हमारे एथलीट पेरिस ओलंपिक से अब तक के सर्वश्रेष्ठ पदक के साथ लौटेंगे: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैसे-जैसे पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की उलटी गिनती तेज हो रही है, भारत के एथलीटों को वैश्विक मंच पर चमकते देखने की उम्मीद बढ़ गई है जबकि खिलाड़ी खेलों के लिए अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने विश्वास जताते हुए कहा कि एथलीट अपने निडर और प्रतिस्पर्धी स्वभाव के कारण पेरिस 2024 में नए भारत को प्रतिबिंबित करेंगे।

विशेष रूप से बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने पेरिस गेम्स, खेलो इंडिया, डोपिंग रोधी कार्यक्रमों और एथलीटों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन पर अपने विचार साझा किए। मंत्री ने विशेष रूप से एथलीटों पर अनुचित दबाव डाले बिना उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए पीएम मोदी के अनूठे दृष्टिकोण का उल्लेख किया।



### धर्मशाला स्टेडियम को लेकर पूछा गया सवाल तो अकरम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ही कर दी बेइज्जती

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम दुनिया में क्रिकेट के सबसे खूबसूरत मैदानों में से एक है। हिमालय की तलहटी में स्थित यह मैदान समुद्र तल से 1457 मीटर की ऊंचाई पर है। इसकी प्राकृतिक सुंदरता को न केवल भारतीय, बल्कि दौरा करने वाली टीमों के प्रशंसकों ने भी सराहा है। हालांकि, जब एक प्रशंसक ने ए स्पोर्ट्स पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम से सवाल किया, 'हमने धर्मशाला और क्वींसटाउन (न्यूजीलैंड) जैसे स्टेडियम देखे हैं तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) उत्तरी क्षेत्रों में स्टेडियमों के बुनियादी ढांचे में निवेश क्यों नहीं करता है?' इस पर अकरम ने सवालिया लहजे में जवाब देते हुए कहा, 'हम तीन स्टेडियमों का रखरखाव भी नहीं कर सकते। बाकी कहा नया बना लेंगे?' वसीम अकरम ने कहा, 'क्या आपने गद्दाफी स्टेडियम की छत देखी है जिसे वे ड्रोन से दिखा रहे थे? हमारे पास जो तीन हैं हम उन्हें ही मेंटेन नहीं कर सकते। हम केवल नया बनाने का सपना ही देख सकते हैं। हालांकि, हमारे पास नया स्टेडियम बनाने के लिए पर्याप्त जगह है।

धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण रातोंरात नहीं हुआ। इस परिदृश्य को एक अंतरराष्ट्रीय सुविधा के रूप में विकसित होने में एक दशक लग गया। यह एक ऐसी परियोजना थी जो धन की कमी और क्षेत्रीय राजनीति के कारण विलंबित हो गई थी। यह काफी हद तक स्थानीय क्रिकेट एसोसिएशन और एक वास्तुकार के प्यार का नतीजा था जो सूक्ष्मता, अनुपात और अपनी रचनाओं को प्रकृति में सहजता से मिश्रित करने में विश्वास करता था। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा खेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर 25 साल की उम्र में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट के प्रमुख थे। पहाड़ियों में एक ऐसी जगह की तलाश में जहां क्रिकेट मैदान बनाया जा सके वह टोह लेते हुए धर्मशाला पहुंचे थे।

क्रिकेटर से पत्रकार बने इंग्लैंड के माइकल एथरटन ने अपने हालिया कॉलम में उल्लेख किया था, यहां की यात्रा हमेशा से उनकी बकेट लिस्ट में रही है। धर्मशाला का अर्थ है तीर्थयात्रियों का विश्राम स्थल और यह आज भी अपने नाम के अनुरूप है।

रणजी ट्रॉफी फाइनल

# विदर्भ को हरा 42वीं बार मुंबई बनी चैंपियन

### अक्षय वाडेकर के शतक पर फिरा पानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी फाइनल 2024 में विदर्भ को हराकर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई की टीम 42वीं बार चैंपियन बनी। उसने 8 साल का सूखा खत्म किया। इससे पहले वह 2015-16 में चैंपियन बनी थी। मुंबई की टीम 48वीं बार रणजी फाइनल में पहुंची थी। वहीं विदर्भ 3 बार फाइनल में पहुंचा था। पहली पारी में 105 रन पर आउट होने के बाद विदर्भ ने दूसरी पारी में जबरदस्त लड़ाई दिखाई।

538 रन के टारगेट के जवाब में विदर्भ ने कप्तान अक्षय वाडेकर के शतक के अलावा करुण नायर और हर्ष दुबे के अर्धशतक की मदद से मैच को रोमांच बना दिया था। मैच के 5वें दिन गुरुवार (14 मार्च) को पहले सेशन में अक्षय वाडेकर और हर्ष दुबे ने शानदार बल्लेबाजी की। एक भी विकेट नहीं गिरने दिया। इसे देखकर ऐसा लगा मानो मैच किसी भी ओर जा सकता है। लंच के बाद अक्षय वाडेकर का विकेट गिरा और फिर बल्लेबाजों ने लाइन लगा दी।

विदर्भ को छठा झटका 353 रन पर लगा। इसके बाद टीम 368 रन पर आउट हो गई। उसने 15 रन के अंदर 5 विकेट गंवा दिए। पांचों विकेट 5 ओवर के अंदर गिर गए। मुंबई के लिए तनुष




कोटियान ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। इसके अलावा तुषार देशपांडे और मुशीर खान ने 2-2 विकेट लिए। शम्स मुलानी और धवल कुलकर्णी ने 1-1 विकेट लिया।

# रणजी ट्रॉफी खेलना पड़ा श्रेयस अय्यर को भारी!

### आईपीएल 2024 से पहले उनकी इंजरी ने बढ़ाई केकेआर की मुश्किलें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर को लेकर पिछले दिनों काफी चर्चा हुई, क्योंकि उनको और ईशान किशन को बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट से बाहर कर दिया था। श्रेयस अय्यर को लेकर बीसीसीआई का मानना था कि उन्होंने रणजी ट्रॉफी को तवज्जो नहीं दी और वे आईपीएल 2024 की तैयारियों के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स यानी केकेआर के कैंप में पहुंच गए। श्रेयस अय्यर ने मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का क्वॉर्टर फाइनल इसलिए छोड़ा था, क्योंकि उनको पीठ में दर्द था। हालांकि, नेशनल क्रिकेट एकेडमी यानी एनसीए का मानना था कि वे पूरी तरह फिट हैं, लेकिन मुंबई के वानखेड़े में रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में श्रेयस अय्यर की बैक इंजरी फिर से उभर आई।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने विदर्भ के खिलाफ खिताबी मैच में 95 रनों की पारी खेली, लेकिन इसी पारी के दौरान उनकी पीठ की चोट फिर से उभर आई है। पिछले साल उन्होंने इस चोट की सर्जरी कराई थी और अब इसी चोट के कारण वे आईपीएल 2024 के कुछ मैच मिस कर सकते हैं। ये कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वे टीम के कप्तान हैं। टूर्नामेंट को शुरू होने में अब 8 ही दिन बाकी हैं और टीम को अपना मैच 23 मार्च को खेलना है, जिसमें केवल नौ दिन बचे हैं। इससे पहले एक अहम खिलाड़ी का चोटिल होना केकेआर के लिए तो झटका है ही, साथ ही बीसीसीआई और एनसीए के रवैये पर भी सवाल खड़े होते हैं।

मंगलवार को अपनी 111 गेंदों की पारी के दौरान श्रेयस अय्यर को पीठ के दर्द के लिए दो बार मुंबई के फिजियो से इलाज लेना पड़ा। रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन बुधवार को 29 वर्षीय खिलाड़ी पूरे दिन मैदान पर नहीं उतर सके। रिपोर्ट की मानें तो अय्यर अपनी पीठ के स्कैन के लिए एक अस्पताल गए थे। एक सूत्र ने बताया, चोट अच्छी नहीं लग रही।

यह वही पीठ की चोट है, जो बढ़ गई है। इसकी संभावना नहीं है कि वह रणजी ट्रॉफी फाइनल के पांचवें दिन मैदान पर उतरेंगे। उन पर आईपीएल के शुरुआती मैच मिस करने का खतरा मंडरा रहा है।



# डच फुटबॉलर क्विंसी प्रॉम्स दुबई में गिरफ्तार

**हेग, एजेंसी।** ड्रग्स की तस्करी और अपने चचेरे भाई पर चाकू से हमला करने के दोषी डच फुटबॉलर क्विंसी प्रॉम्स को डच अधिकारियों के अनुरोध पर दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में दुबई के सरकारी वकील ने इसकी जानकारी दी। बयान के अनुसार, गिरफ्तारी यूएई और नीदरलैंड के अधिकारियों के बीच ज्वाइंट ऑपरेशन की मदद से हुई। यह गिरफ्तारी नीदरलैंड द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर की गई। रिपोर्ट के अनुसार, नीदरलैंड अब दुबई पुलिस से क्विंसी प्रॉम्स को उन्हें सौंपने का अनुरोध करेगा। रेड नोटिस दुनिया भर में कानून प्रवर्तन से प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई के लिए लंबित किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने के लिए जारी किया जाता है। यह अनुरोध करने वाले देश में न्यायिक अधिकारियों द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट या अदालती आदेश पर आधारित है।

किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करना है या नहीं, यह तय करने में सदस्य देश अपने स्वयं के कानून लागू करते हैं। पिछले महीने एम्स्टर्डम की अदालत ने कोकीन की एक बड़ी खेप की तस्करी में शामिल होने के लिए प्रॉम्स को उसकी अनुपस्थिति में छह



साल जेल की सजा सुनाई थी। हालांकि, डच सरकारी वकील ने नौ साल की सज़ा की मांग की थी। वहीं पिछले साल एक फैमिली पार्टी में अपने चचेरे भाई को चाकू मारने के आरोप में भी प्रॉम्स को 1.5 साल की जेल हुई थी।

32 वर्षीय प्रॉम्स, जिन्होंने डच राष्ट्रीय टीम के लिए 50 मैच खेले, फरवरी 2021 में अजाक्स से स्पार्टक मॉस्को चले गए और मॉस्को के निवासी के रूप में वह अब तक डच पुलिस की पकड़ से दूर रहे। हालांकि, अपने रूसी क्लब के साथ यूएई में एक प्रशिक्षण शिविर के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि फिलहाल जांच चल रही है और ज्यादा जानकादी नहीं दी जा सकती।



# बांग्लादेश ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

- कप्तान शांतो का शतक
- रहीम ने बनाए 73 रन
- दूसरा वनडे 15 मार्च को

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने श्रीलंका को पहले वनडे में 6 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बांग्लादेश से कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने शतक लगाया, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। चट्टोग्राम के जहुर अहमद चौधरी स्टेडियम में श्रीलंका ने पहले बैटिंग करते हुए 255 रन बनाए। बांग्लादेश ने 45वें ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

श्रीलंका ने बुधवार को टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पथुम निसांका और अविष्का फर्नांडो ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। फर्नांडो 33 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 71 रन की पार्टनरशिप टूटी। उनके बाद निसांका भी 36 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान कुसल मेंडिस एक एंड पर टिक गए लेकिन उनके सामने सदीरा समरविक्रमा 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। चरिथ असलंका भी 18 ही रन बनाकर आउट हो गए। पथुम निसांका और अविष्का फर्नांडो ने 71 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की।

128 रन के स्कोर पर 4 विकेट गंवाने के बाद कप्तान मेंडिस और जनिथ लियानागे ने श्रीलंका को संभाला। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 200 रन के करीब पहुंचाया। मेंडिस 59 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 69 रन की पार्टनरशिप टूटी। 197 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद श्रीलंका ने लगातार विकेट गंवाए।

वनिंदू हसरंगा 13, महीश तीक्षणा 1, प्रमोद मदुशन 8 और दिलशान मदुशंका खाता खोले बगैर आउट हो गए। लियानागे भी 67 रन बनाकर आउट हुए और श्रीलंका की पारी 48.5 ओवर में 255 रन के स्कोर पर सिमट गई।

बांग्लादेश से शोरिफुल इस्लाम, तस्कीन अहमद और तंजिम हसन साकिब ने 3-3 विकेट लिए। एक सफलता मेहदी हसन मिराज को भी मिली। तंजिम हसन साकिब ने 44 रन देकर 3 विकेट झटके। 256 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत खराब रही। लिट्टन दास पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। उनके बाद सौम्य सरकार और तौहीद हृदॉय 3-3 रन बनाकर आउट हो गए। टीम ने 23 रन के स्कोर पर ही 3 विकेट गंवा दिए। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और महमूदुल्लाह ने टीम को 100 रन के करीब पहुंचाया।

### रहीम ने कप्तान के साथ जीत दिलाई

92 रन के स्कोर पर 4 विकेट गंवाने के बाद अनुभवी मुशफिकुर रहीम ने कप्तान शांतो के साथ टीम को संभाला।



# विरोधी चाहते हैं कि स्मिथ बतौर ओपनर खेलें : टिम पेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डेविड वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी बैटिंग लाइनअप को नया आकार देने में जुट गई है। इस बीच स्टीव स्मिथ को लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टीम पेन ने चौंकाने वाला बयान दिया है। टिम पेन ने स्टीव स्मिथ के सलामी बल्लेबाज के रूप में उनके सफल होने की क्षमता पर भरोसा जताया है।

वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्टीव स्मिथ को बतौर ओपनिंग बल्लेबाज खिलाने का फैसला किया था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के न्यूजीलैंड दौरे के दौरान स्मिथ के प्रदर्शन ने सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी काबिलियत पर सवाल उठाए।

पेन ने चिंताओं को स्वीकार करते हुए कहा कि विरोधी टीमें स्मिथ के पारी की शुरुआत में उनकी कमजोरियों का फायदा उठाने के अवसर के रूप में देख सकती हैं। न्यूजीलैंड में स्मिथ के संघर्षों पर बात करते हुए, जहां वह 12.75 की औसत से केवल 51 रन बना सके, पेन ने स्मिथ को नई भूमिका में अपनी लय खोजने के महत्व पर जोर दिया। टिम पेन ने अपने बयान में कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच खेल रहा होता तो मैं चाहूता कि स्टीव स्मिथ ओपनिंग बल्लेबाजी करें। इससे मेरे बेस्ट गेंदबाजों को उन्हें आउट करने का पूरा मौका मिलेगा, वह भी नई गेंद के साथ। साल 2019 की एशेज सीरीज में जब मैं उनके साथ इंग्लैंड के दौरे पर था, उस समय वह नंबर 4 की पोजीशन में खेले थे और स्मिथ को खेलते देख ऐसा लगा था कि कोई भी उनको आउट नहीं कर पाएगा।

मैं उन्हें बतौर ओपनर सफल होते देखना चाहता हूं और मुझे लगता है कि वह ऐसा करने में भी कामयाब होंगे, लेकिन एक विरोधी टीम के खिलाड़ी के तौर पर मैं चाहूंगा कि वह शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी पर उतरें ताकि उनको जल्दी आउट करने का मौका मिल सके।

भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की आगामी टेस्ट श्रृंखला को देखते हुए, पेन ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव के सुझावों को खारिज कर दिया। उन्होंने शीर्ष पर स्मिथ की पुष्टि करते हुए कहा कि स्मिथ ने अपनी काबिलियत और क्षमता के दम पर किसी भी क्रम में बल्लेबाजी करने का अधिकार अर्जित कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया का अगला मुकाबला नवंबर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत से होगा।

## एक नजर

### 345.6 लीटर देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद (का. सं.)।** औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने कुंडा में 01 मोटरसाइकिल एवं 01 बोलेरो पर लदा कुल-345.600 लीटर टनाका देशी शराब के साथ दो लोगो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगो में ओबरा थाना के इमामगंज निवासी पिंटु कुमार एवं राजू रंजन शामिल है। मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### बाइक व टेम्पो पर लदा 88.2 लीटर देशी शराब हुआ बरामद

**औरंगाबाद (का. सं.)।** औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने ओरा गांव में 01 मोटरसाइकिल एवं 01 टेम्पु पर लदा कुल-88.200 लीटर देशी शराब के बरामद किया है। मामले में कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने की अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**औरंगाबाद (का. सं.)।** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, अम्बा थानाध्यक्ष, कुटुम्बा थानाध्यक्ष, नबीनगर थानाध्यक्ष, टंडवा थानाध्यक्ष एवं ढिबरा थानाध्यक्ष की झारखंड के हरिहरगंज थाना में बैठक हुई। बैठक में झारखंड के छतरपुर के एसडीपीओ के साथ अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक हुई।

### 5 हजार लीटर जावा महुआ व शराब बरामद, 07 भट्टी विनष्ट

**मदनपुर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** मदनपुर पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र में रविया पहाड़ के पास केसहर नदी में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी में करीब 5000 लीटर जावा महुआ एवं शराब बनाने वाली 07 भट्टी को विनष्ट किया गया। 200 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### लोस चुनाव में पुलिस ने किया एरिया डोमिनेशन, वाहन जांच व फ्लैग मार्च

**औरंगाबाद (का. सं.)।** औरंगाबाद जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने संबंधित थाना क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से एरिया डोमिनेशन, वाहन जांच एवं फ्लैग मार्च किया।

### चोरी की दो बाइक के साथ बाइक चोर गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (का. सं.)।** रफीगंज पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र में कोना बिगहा से चोरी की दो बाइक के साथ धनंजय कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना में पदस्थापित पीटीसी मुक्तिदेव निराला के बयान पर चोरी की बाइक रखने एवं बिक्री करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही काले रंग की स्प्लेंडर बाइक नम्बर-बीआर 44 बी 4779 एवं होंडा साइन बाइक नंबर बीआर 26 जी 8657 को जब्त कर थाना लाया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष कविता कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार युवक ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि 18 हजार रुपये में मैंने बाइक खरीदी थी।

### एचओपीसी के सदस्य ने रक्तदान कर बचाई जरूरतमंद की जान

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, दाउदनगर के सचिव, राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष, 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा' के संरक्षक एवं लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा की पहल पर ओबरा प्रखंड के सागरपुर गांव निवासी नंदू चौधरी के लिए दाउदनगर के रामनगर निवासी मुकेश कुमार सिंह जी ने रक्तदान कर जीवन रक्षा में योगदान दिया। जानकारी के मुताबिक रामेश्वर चौधरी के माध्यम से नंदू चौधरी की रक्त की कमी की समस्या की जानकारी डॉ. प्रकाश चंद्रा को मिली। इसके बाद डॉ. चंद्रा ने अपने साथियों से मदद के लिए आगे आने का आग्रह किया। आग्रह पर एचओपीसी के सदस्य मुकेश कुमार सिंह ने अस्पताल पहुंच कर नंदू चौधरी के लिए रक्तदान कर के उनकी जीवन रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# श्री फाउंडेशन ट्रस्ट औरंगाबाद के तहत व्यापक पौधारोपन अभियान

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हमने पौध वितरण अभियान का आयोजन सरकारी हाई स्कूल-बेला में लगभग 376 छात्रों के बीच पौधे वितरित किए गए। अनिल शर्मा (बीजीयू-यूनिट हेड), बीएस राठौड़ (प्लांट एचआर हेड), सीताराम गट्टानी (आंतरिक ऑडिट), नरेश शर्मा (पैकिंग प्लांट एचओडी), चमन नाहटा (आंतरिक ऑडिट), विश्वनाथ राम (प्रिंसिपल-गवर्नमेंट हाई स्कूल-बेला), मजहर नदीम (उप- मुखिया-बेला पचायत), मेघनाथ कुमार (वार्ड सदस्य), राजू कुमार और मुसाफिर यादव (सामाजिक स्वयंसेवक) की विशिष्ट उपस्थिति में अभियान का उद्देश्य की बेहतर कल के लिए आज रोपण के महत्व को फैलाकर हरित पर्यावरण के लिए योगदान देना है। पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण की आवश्यकता पर



जोर देते हुए, अनिल शर्मा (बीजीयू-यूनिट हेड) ने कहा कि पर्यावरण का स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य। हमने पेड़ तो लगाए ही हैं, आइए उनका पालन-पोषण करने का भी संकल्प लें। हमारा वृक्षारोपण अभियान आने वाली कई पीढ़ियों को फल और स्वच्छ हवा देगा और बड़े पैमाने पर वातावरण को फिर से जीवंत करेगा। इसके अतिरिक्त, यह पर्यावरण और सभी जीवित प्राणियों पर एक असाधारण सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करता है। फाउंडेशन ट्रस्ट-औरंगाबाद का लक्ष्य 1250 वितरित करने का है। आसपास के क्षेत्रों में नीम, आम, कदम, अमरूद, अमलतास आदि के पौधे लगाएं जाएंगे।

पौधे और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अधिक व्यक्त करते हुए, बी. एस राठौड़ (प्लांट एचआर हेड) ने कहा कि श्री सीमेंट हमेशा पर्यावरण संरक्षण और संरक्षण की दिशा में सक्रिय कार्रवाई करने में सबसे आगे रहा है और हम अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए दृढ़ हैं। यह दिशा बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और हरित पट्टी विकास की है। इस अवसर पर बोलते हुए सीताराम गट्टानी ने कहा कि श्री सीमेंट लिमिटेड सतत विकास लक्ष्यों का मदद कर रहा है जो समाज की बुनियादी जरूरतों को संकलित करता है। हम अपनी सीएसआर पहल के माध्यम से समाज की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित हैं और भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। इस दिन बात करते हुए मास्टर अशोक नाम के एक स्कूली छात्र ने कहा कि आज हम श्री फाउंडेशन ट्रस्ट की मदद से पेड़ लगा रहे हैं और मैं इस अभियान में शामिल होकर बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि इसकी बहुत जरूरत है ताकि हम पर्यावरण की रक्षा कर सकें, इंसानों की रक्षा कर सकें, पशु-पक्षियों की रक्षा कर सकें। थोड़ी सी छाया मिलना बहुत ज़रूरी है. सभी लोगों ने श्री सीमेंट, औरंगाबाद के प्रयास की सराहना की। गतिविधि का संचालन रोहित कुमार (सीएसआर विभाग) द्वारा किया गया।

# उम्मीदवार कार्यालय परिचारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन, बहाली प्रक्रिया शीघ्र पूरा कराने की रखी मांग

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** सांसद आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर कार्यालय परिचारी (चतुर्थवर्गीय कर्मचारी) का शिष्टमंडल बहाली प्रकिया पूर्ण करवाने के संबंध में सांसद सुशील कुमार सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि औरंगाबाद जिला अधिकारी द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2009 में चतुर्थवर्गीय कार्यालय परिचारी की भर्ती निकाली गई थी जिसमे से कुछ लोगों को नियुक्ति करवाया गया था और कुछ लोगों का पैनल में नाम रहने के पश्चात भी नियुक्ति नही हो पाया दिनांक 14.02.2023 को सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना में सम्पन बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में 2009 के पैनल में बचे हुए लोगों को बहाल करने के लिए दिनांक 01.04.2023 को विज्ञापन निकाला गया।



जिसमें आवेदन करने का दिनांक 10.04.2023 से 01.05.2023 तक बिहार कर्मचारी चयन आयोग पटना के द्वारा ऑनलाइन प्रकिया के माध्यम से 747 आवेदन प्राप्त हुआ है और जिला अधिकारी द्वारा 450 आवेदनों को स्वीकृत कर भेजा गया है।इन सभी बातों को सुनने के बाद सांसद ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो.सोहैल से दूरभाष पर वार्ता कर इन सभी बातों से अवगत कराते हुए पूरे बिहार में अनुसेवक बहाली की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए कहा। इस मौके पर रूपेश कुमार, अरबिंद कुमार, जितेन्द्र कुमार सिंह, रमेश कुमार, महेन्द्र कुमार दास, दीपक ठाकुर, संजय यादव, विनय मालाकार, मनोज ठाकुर, ममता कुमारी, प्रियंका कुमारी, अरबिन्द कुमार रंजन, धनंजय सिंह, राजकिशोर कुमार, विकास कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, रिकेश कुमार सिंह, अनीश कुमार, जैन सिंह, राम प्रवेश राम, अजय कुमार एवं सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# 5 हजार लीटर जावा महुआ व शराब बरामद, 07 भट्टी विनष्ट

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र में रविया पहाड़ के पास केसहर नदी में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी में करीब 5000 लीटर जावा महुआ एवं शराब बनाने वाली 07 भट्टी को विनष्ट किया गया। 200 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# केवीएम क्लासेज के 63 छात्रों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में हुए सफल



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित गोलापर के समीप केवीएम क्लासेज के एक साथ 63 छात्र-छात्राओं ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर परचम लहराया है। ज्ञात हो कि सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 28 जनवरी को देश के विभिन्न शहरों में ली गई थी। जिसका परिणाम 13 मार्च देर रात को प्रकाशित किया गया। इस परीक्षा में देशभर में लगभग डेढ़ लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था। वहीं प्रखंड के जलालपुर निवासी मनोज कुमार के पुत्र हिमांशु राज ने पूरे देश में 96वां रैंक हासिल किया इसके अलावा गोह बाजार निवासी मनोज कुमार के पुत्र आरव सेन ने पूरे देश भर में 324 व रैंक प्राप्त करने में सफल रहा। साथ ही टिकारी निवासी संदीप गुप्ता के पुत्र सुशांत कुमार ने 174 वां रैंक हासिल किया। इसके अलावा सफल छात्रों में पुष्पांजलि कुमारी, विराट यादव, शुभम कुमार, रौनक राज, नंदनी कुमारी, शिवम कुमार सहित 63 छात्र-छात्रा शामिल हैं। इधर सफल छात्र छात्राओं ने अपना सफलता का श्रेय निदेशक राहुल सिंह, संचालक कुंदन सिंह, शिक्षक अमरेश, पप्पू, रंजय, संतोष व डिंपल को दिया है।

# सीएफएमएस प्रशिक्षण संपन्न

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर भवन में सीएफएमएस 2.0 के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम, अपर समाहर्ता ललित भूष्ण रंजन, वरीय कोषगार पदाधिकारी महंथ स्वरूप, सिविल सर्जन डॉ. आरबी श्रीवास्तव एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर कोषागार के मास्टर ट्रेनर अरविंद कुमार एवं इन्द्रजीत कुमार चौधरी द्वारा जिले के सभी कार्यालय प्रधान व सीएफएमएस यूर्जस को सीएफएमएस 2.0 के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। वरीय कोषागार पदाधिकारी महंत स्वरूप ने बताया कि सीएफएमएस 2.0 आगामी 1 अप्रैल से लागू होना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न कार्यालयोंके 450 से अधिक कार्यालय प्रधान व प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# डीएम ने की पंचायती विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए सभी पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। पंचायत सरकार भवन हेतु कुल 7 लंबित पंचायतों को शीघ्र जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त लक्षित कुआं एवं सोखता का कार्य यथा शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी पंचायतों का निरीक्षण नियमित रूप से करने हेतु प्रखंड पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं पंचायत शाखा के कर्मी गण उपस्थित रहे।

# मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम में शिक्षक एवं कर्मचारियों ने लिया शपथ




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षित कर्मचारियों ने शपथ लिया कि वह अपने मतदान की शक्तियों का सदुपयोग करेंगे महाविद्यालय में वैसे छात्र-छात्राएं जो पहली बार मतदान का प्रयोग करने के योग्य हुए हैं वैसे छात्र-छात्राओं ने यह अस्वस्थ किया कि वह मतदान की प्रक्रिया में जरूर से सम्मिलित होंगे तथा अपने मतदान का प्रयोग करेंगे महाविद्यालय के प्रचार डॉ. विजय रजक सर ने छात्रों को मतदान की आवश्यकता एवं मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉक्टर नरेश सिंह ने छात्रों को शपथ दिलाया तथा छात्रों को मतदान की प्रक्रिया में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बरसर डॉ. विजय कुमार श्रीवास्तव, प्रोफ़ेसर डॉ. अरुण कुमार, डॉ. योगेश्वर यादव, डॉ. तरुण कुमार माथुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सुनील कुमार गुप्ता, प्रधान सहायक जनार्दन सिंह, अकाउंटेंट विवेक कुमार, सहायक लालमोहन यादव, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, संतन कुमार, मो. रजाउद्दीन, आर्यन कुमार, कैडेट विशाल, अनुप्रिया, अनुष्का, विवेक, सत्रुंजय, अंशु, पवन, सहित महाविद्यालय परिवार शामिल रहे।

# अधिवक्ता के निधन पर अधिवक्ताओं ने जताया शोक

**औरंगाबाद (का.सं.)।** पटना सिविल कोर्ट परिसर में ट्रांसफर्मर विस्फोट में अधिवक्ताओं के आकस्मिक निधन पर जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद के सेंट्रल हॉल में अधिवक्ताओं ने गुरुवार को एक शोकसभा की। शोकसभा में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता देवेन्द्र प्रसाद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख कर मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही चारों घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अधिवक्ताओं ने शोक संतप्त परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की भी मांग की है।

# औरंगाबाद में खुली पॉली बैग बनाने की फैक्ट्री

**अब बिहार की फैक्ट्रियों को अपने उत्पाद की पैकिंग के लिए बाहर से नही मंगाना पड़ेगा पॉली बैग**

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औद्योगीकीकरण की राह पर अग्रसर बिहार में अब उद्योगों को अपने उत्पाद की पैकिंग के लिए दूसरे राज्यों से पॉली बैग मंगाने की जरूरत नही रह गई। ऐसा संभव हुआ है औरंगाबाद में राज्य की पहली पॉली बैग निर्माण की फैक्ट्री के खुलने से। शहर के बियाडा ग्रोथ सेंटर में गुरुवार से बीके पॉलीटेक प्रा. लि. के नाम से पॉली बैग निर्माण की फैक्ट्री काम करने लगी है। फैक्ट्री का शुभारंभ पूजा-पाठ के बाद सीएमडी पवन सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इस



मौके पर फैक्ट्री के मुख्य कर्ता धर्ता राणा कुमार भी मौजूद रहे। फैक्ट्री के सीएमडी ने कहा कि फैक्ट्री दो शिफ्टों में चलेगी। दोनों शिफ्टों में 60-60 कर्मचारी काम करेंगे। कहा कि फैक्ट्री से प्रतिदिन दो हजार मीट्रिक टन पॉली बैग का उत्पादन होगा। उत्पादित पॉली बैग आटा, मैदा, सूजी, चोकर, सीमेंट एवं अन्य वस्तुओं का उत्पादन करने वाली फैक्ट्रियों को बिक्री की जाएगी।

# बंद घर में चोरों ने की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई चोर की तस्वीर

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का.सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के तेंदुआ परसिया गांव के वार्ड नंबर पांच निवासी दुर्गेश प्रसाद ने बंद घर में चोरी होने को लेकर थाना में आवेदन दिया है। कहा है कि हम सभी सपरिवार पटना में रहते हैं। अपने घर पर आए तो पता चला कि मेरे घर पर चोरी हुई है। सारा सामान बिखरा हुआ है और बक्सा खुला हुआ है, जिसमें पीतल का बर्तन, म्यूजिक सिस्टम, कपड़ा, 10 हजार नगदी, दो सोने की अंगूठी चोरी कर ली गई है। सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। तस्वीर में एक व्यक्ति घर में घुसता देखा गया है। सीसीटीवी कैमरा के फुटेज का स्क्रीनशॉट और प्रिंट कॉपी थाना को दी गई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# लोकसभा चुनाव 2024 : डीआरओ ने की सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न बिंदुओं यथा डिस्पैच सेंटर, ईवीएम, अभ्यर्थी व्यय के लिए विभिन्न सामग्रियों का दर निर्धारिण, चुनाव में सोशल मीडिया का उपयोग एवं आदर्श आचार संहिता लगने के बाद राजनीतिक दलों से संबंधित बैनर, पोस्टर, दीवाल लेखन हटाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पत्र के माध्यम से बैनर, पोस्टर, दीवाल लेखन हटाने का निर्देश दिया जाएगा। कहा कि सभी राजनीतिक दलों की गाड़ियों पर झंडा की लंबाई-चौड़ाई



निर्धारित की गई है। 4 चक्के की गाड़ी में 3 फीट लंबा और 2 फीट चौड़ा, दो और तीन चक्के की गाड़ी में 1 फीट लंबा और 6 इंच चौड़ा झंडा रहेगा। किसी भी तरह के जुलूस या सभा के लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेना होगा। जुलूस में एक साथ 10 गाड़ी से अधिक नहीं रहेगा। अगर ज्यादा है तो 100 मीटर की दूरी के गैप पर 10 करके रहेगा। अनुमति एकल खिड़की के माध्यम से या बेब पोर्टल पर सुविधा एप के जरिए भी दी जाएगी। चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को खर्च की विवरणी नामांकन से लेकर परिणाम आने तक दिखाना होगा। इसके अलावा जिलाधिकारी जिला स्तर पर गठित सभी नोडल पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी सहायक निर्वाची पदाधिकारी के साथ कोषांग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने कोषांग के कार्यों को ससमय पूर्ण कर ले। बैठक में पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सदर एसडीएम संतन कुमार सिंह, डीटीओ शैलेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली, डीएलओ सच्चिदानंद सुमन, सभी राजनीतिक दलों के सदस्य तथा जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

ESTD-2014
UDISE CODE-10340301904
Reg. No. BEP/SSA/AU-259
बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
STAR BRAINS ACADEMY
A Fully English Medium School
Based on C.B.S.E. Board, New Delhi
Class From Play to Xth
Facilities
» Smart Class
» Computer Class
» Vehicle on All Route
» Sports, Music & Dance
» Play Ground
» Everyday Doubt Clearing Class
» Corridors Under CCTV Surveillance
» Hostel Facilities
» Teacher's from kerela
ADMISSION IS GOING ON



Director
Dhananjya Kumar
(MBA)
Laldev Complex, S.K. Nagar, Aurangabad (Bihar)
Mob.:- 8539970212. 888251 15546
Email: info@starbrainsacademy | www. starbainsacademy.in